समृद्धि न्यूज़


| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 62,501.69 | 18,499.35 |

तापमान
अधिकतम 34 °c
न्यूनतम 25 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

बच्चों के शोषण पर रोक लगाने को गाइड लाइन जारी पेज-02
एक दिन में 35 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य पेज-03

वर्ष 10 अंक 277 लखनऊ, 28 मई रविवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सरकार के 9 साल पूरे होने पर पीएम मोदी का ट्वीट, बोले

# स्नेह पाकर और मेहनत करने की ताकत मिलती है

## दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है भारत

**मैं सुबह से सरकार के 9 साल पूरे होने पर कई ट्वीट्स देख रहा हूं, जिसमें लोग 2014 के बाद से हमारी सरकार की सराहना कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि इस तरह का स्नेह पाकर हमेशा विनम्र होता हूं और इससे मुझे लोगों के लिए और भी अधिक मेहनत करने की ताकत मिलती है।**

**नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में एनडीए सरकार के 9 साल पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रगी हैं। इन सब के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ट्वीट सामने आया है। मोदी ने कई ट्वीट्स का जवाब देते हुए कहा कि स्नेह पाकर और मेहनत से काम करने की ताकत मिलती है। मोदी ने ट्वीट में कहा कि मैं सुबह से सरकार के 9 साल पूरे होने पर कई ट्वीट्स देख रहा हूं, जिसमें लोग 2014 के बाद से हमारी सरकार की सराहना कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि इस तरह का स्नेह पाकर हमेशा विनम्र होता हूं और इससे मुझे लोगों के लिए और भी अधिक मेहनत करने की ताकत मिलती है। एक अन्य ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने पिछले 9 वर्षों में बहुत कुछ किया है और हम आने वाले समय में और भी अधिक करना चाहते हैं ताकि हम अमृत काल में एक मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा कि हमारी उपलब्धियां इसलिए संभव हो पाई हैं क्योंकि भारत के लोगों ने एक स्थिर सरकार चुनी है जो प्रमुख वादों को पूरा करने में सक्षम रही है। यह अद्वितीय समर्थन महान शक्ति का स्रोत है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि एनडीए सरकार ने जीवन को बदलने और भारत की विकास यात्रा को गति देने के लिए कई प्रयास किए हैं। एक अन्य ट्वीट पर उन्होंने कहा कि आपने प्रमुख बुनियादी ढांचे और ईज ऑफ लिविंग परियोजनाओं पर प्रकाश डाला है जो जमीनी स्तर पर बहुत प्रभावशाली रही हैं। मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने का अवसर पाकर मैं वास्तव में बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भले ही मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर विपक्ष कई सवाल खड़े कर रहा है लेकिन भाजपा उसका जवाब भी दे रही है। इससे पहले भाजपा के रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आज भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज 16 हजार करोड़ रुपये का डिफेंस एक्सपोर्ट हो रहा है। भारत मोबाइल मैन्यूफेक्चरिंग में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मैन्यूफेक्चरर बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत में डिजिटल पेमेंट का आंकड़ा 10 बिलियन डॉलर का है। चाहे डिजिटल इंडिया हो, डिजिटल पेमेंट हो, जीएसटी, मोबाइल मैन्यूफेक्चरिंग, सड़कें, एयरपोर्ट, बिजली, किसानों की बात हो, नेशनल हाईवे की बात हो, स्टार्टअप इंडिया की बात हो, आज विकास के हर क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त

### नए संसद भवन के उद्घाटन को राष्ट्रीय एकता का अवसर बनाएं

**चेन्नई।** अभिनेता एवं नेता कमल हासन ने राजनीतिक दलों से अपने मतभेदों को कुछ देर के लिए भुलाकर नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार करने के फैसले पर पुनर्विचार करने और इसे राष्ट्रीय एकता का अवसर बनाने की अपील की। हासन ने कहा कि भारत के नए घर में उसके परिवार के सभी सदस्यों के रहने की जरूरत है। हासन ने कहा कि वह सहभागी लोकतंत्र में विश्वास करते हैं, इसलिए इस कार्यक्रम का बहिष्कार करने वाले सभी विपक्षी दलों से फैसले पर पुनर्विचार करने का आह्वान करते हैं।

### महबूबा बोलीं- यासीन मलिक की सजा पर हो पुनर्विचार

**नई दिल्ली।** पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख यासीन मलिक के मामले की फिर से जांच होनी चाहिए क्योंकि भारत जैसे लोकतंत्र में प्रधानमंत्री के हत्यारों को भी माफ कर दिया जाता है। उनकी टिप्पणी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा अलगाववादी नेता नेता को मौत की सजा दिए जाने की याचिका के एक दिन बाद आई है। पिछले साल एक आतंकी फंडिंग मामले में दिल्ली की एक अदालत ने यासीन मलिक उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

### हिंसा प्रभावित मणिपुर के दौरे पर सेना प्रमुख मनोज पांडे

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे उत्तर-पूर्वी राज्य में जमीनी स्थिति का जायजा लेने के लिए शनिवार को दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर मणिपुर के लिए रवाना हुए। मणिपुर बीते तीन सप्ताह से अधिक समय से जातीय हिंसा और अशांति की चपेट में है। मेइती समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद 3 मई को मणिपुर में हिंसक झड़पें हुईं।

### सिद्धारमैया सरकार ने 24 नए मंत्रियों को किया शामिल

**बंगलुरु।** कार्यभार संभालने के एक हफ्ते बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने शनिवार को सुबह 11:45 बजे बेंगलुरु में राजभवन के अंदर 24 विधायकों को शामिल करके मंत्रिमंडल विस्तार किया। कर्नाटक सरकार में 34 मंत्री हो सकते हैं। उनमें से मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार समेत दस मंत्रियों को 20 मई को शपथ दिलाई गई थी। बीते दिन कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कर्नाटक मंत्रिमंडल विस्तार के सिलसिले में दिल्ली में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मुलाकात की थी।

नीति आयोग की मीटिंग में नहीं पहुँचे 10 राज्यों के सीएम

# राज्यहित की बजाय पार्टी हित को दी गयी तवज्जो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों की ओर से नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय गलत है। देश के दस राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करके अपने राज्यों के हितों की अनदेखी की है। यदि केंद्र से किसी विषय पर किसी मुख्यमंत्री की नाराजगी है भी तो उन्हें नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक में उपस्थित होकर संबंधित विषय को उठाना चाहिए। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं कर अपने राज्य के हितों को तिलांजलि देना बेहतर समझा। यह भी आश्चर्यजनक है कि एक ओर आगामी लक्ष्यों को तय करने संबंधी बैठकों का बहिष्कार किया जाता है तो दूसरी ओर केंद्र पर आरोप लगाया जाता है कि वह भेदभाव करता है। हम आपको बता दें कि नीति आयोग संचालन परिषद की आठवीं बैठक में देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और बुनियादी ढांचा विकास समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गयी लेकिन आठ राज्यों की इसमें कोई भागीदारी नहीं रही। देश को 2047 तक विकसित बनाने और अपने राज्यों के हितों से संबंधित मुद्दों को बैठक में रखने और सीधे प्रधानमंत्री और विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से उसका तत्काल समाधान पाने की बजाय दिल्ली, पंजाब और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों ने हैदराबाद में मोदी विरोधी गठबंधन बनाने में समय बिताया तो बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने अलग तरह से समय बिताया।

### नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया जाना जन विरोधी, गैर जिम्मेदाराना

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नीति आयोग संचालन परिषद की बैठक का बहिष्कार करने वाले मुख्यमंत्रियों की आलोचना करते हुए उनके फैसले को शनिवार को ''जन-विरोधी'' और ''गैर जिम्मेदाराना'' बताया। बैठक, यहां शनिवार को शुरू हुई। इसमें देश को 2047 तक विकसित देश बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और बुनियादी ढांचा विकास समेत कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नीति आयोग देश के विकास के लिए लक्ष्य तय करने, नीतिगत रूपरेखा तथा 'रोडमैप' तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण संस्था है।

# यूपी बना उद्योगों का ड्रीम डेस्टिनेशन

## सीएम योगी ने नीति आयोग की बैठक में रखी राज्य की उपलब्धियां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नीति आयोग की शासी परिषद् की आठवीं बैठक को संबोधित किया। राजधानी नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात बिंदुओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों को नीति आयोग के सामने रखा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र को अंगीकार करते हुए उत्तर प्रदेश, देश में औद्योगिक निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है।

उन्होंने एमएसएमई, महिला सुरक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, पीएम गति शक्ति, स्वास्थ्य एवं पोषण पर चरणवार यूपी की उपलब्धियां गिनाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशवासी पंचप्रण के साथ एक विकसित भारत के निर्माण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश लगभग 25 करोड़ आबादी का राज्य न केवल भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं श्रम बाजार है अपितु गंगा, यमुना व सरयू जैसी सतत् प्रवाहित नदियों के उपजाऊ मैदानों के साथ प्रचुर प्राकृतिक संसाधन से संतृप्त भी है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति है। उन्होंने कहा कि देश की जीडीपी में उत्तर प्रदेश का योगदान 8 प्रतिशत से अधिक है। प्रधानमंत्री के देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य के क्रम में अगले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश का एक ट्रिलियन डॉलर का योगदान देने का संकल्प लिया है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में फरवरी में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2023 में आयोजित निवेश महाकुम्भ में लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के 22,000 से अधिक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जिनमें 1 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसरों के सृजन की सम्भावना है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र को अंगीकार करते हुए उत्तर प्रदेश, देश में औद्योगिक निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है।
योगी आदित्यनाथ

### विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में यूपी ने उल्लेखनीय प्रगति की है

मुख्यमंत्री ने कहा कि 96 लाख इकाइयों के साथ उत्तर प्रदेश में देश की सर्वाधिक एमएसएमई इकाइयां हैं। प्रदेश सरकार इस सेक्टर के विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत् एवं प्रतिबद्ध है। प्रदेश का प्रत्येक जनपद अपने परम्परागत उत्पाद की विशिष्ट पहचान रखता है। प्रदेश सरकार ने इसे ओडीओपी के रूप में नई ऊंचाइयां प्रदान करने का कार्य किया है। सीएम योगी ने कहा कि विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रयागराज को हल्दिया बन्दरगाह तक राष्ट्रीय जलमार्ग-1 का वाराणसी से हल्दिया तक का भाग संचालित है। 13 वर्तमान एवं प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे के साथ उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे प्रदेश के रूप में विकसित हो रहा है। प्रदेश में 3 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हैं, अयोध्या तथा नोएडा में 2 नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माणाधीन हैं। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति, सिटी डेवलपमेन्ट प्लान, स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) की चर्चा की।

### एक करोड़ से अधिक परिवारों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया

मुख्यमंत्री ने अनुपालनों (कम्प्लाएंस) के न्यूनीकरण की चर्चा करते हुए कहा कि लगभग 40 विभागों के 4,094 अनुपालनों को कम किया गया। साथ ही 577 अनुपालनों को निरपराधीकरण श्रेणी के अन्तर्गत कम किया गया। इसके अलावा 947 अनुपयोगी अधिनियम/विनियम/ नियम आदि समाप्त किये गये हैं। महिला सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 6 वर्षों में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के लिये व्यापक प्रयास किये गये हैं। भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को लगातार दो वर्षों (2021 और 2022 ) में अभियोजन के लिए आईसीआईएस के कार्यान्वयन में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। स्वास्थ्य एवं पोषण पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विगत 6 वर्षों में संचारी रोगों के नियंत्रण, विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में जेई और एईएस रोग की रोकथाम में अभूतपूर्व सफलता मिली। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत लगभग 21.40 लाख गरीब लाभार्थियों का उपचार किया गया है। साथ ही 1 करोड़ से अधिक परिवारों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया है।

ममता बनर्जी का आरोप

# बंगाल में जाति आधारित दंगे कराना चाहती है भाजपा

### मुझे भी मिल रही धमकी



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज एक बार फिर से भाजपा पर निशाना साधा है। मेदिनीपुर रैली में ममता बनर्जी ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वह समुदायों के बीच नफरत फैलाकर पश्चिम बंगाल नहीं जीत सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने कल मंत्री और आदिवासी नेता बीरबाहा हंसदा की कार पर हमला किया। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा मणिपुर की तरह ही बंगाल में समुदायों के बीच दंगे कराने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा किमंत्री बीरबाहा हांसदा की कार पर कल कुर्मी समुदाय ने हमला किया था। मेरा मानना है कि बीजेपी ने कुर्मी समुदाय के नाम पर ऐसा किया, नारे लगाए और बीरबाहा हांसदा की कार पर हमला किया। ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा क्या कर रही है? कभी नोटबंदी तो कभी कुछ और। इस बार प्रधानमंत्री बदलेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा बंगाल में जाति आधारित दंगे कराना चाहती है।

दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण सिंह पर लगे आरोपों की जांच की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की

# मामले की सुनवाई 27 जून को

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष एक स्टेटस रिपोर्ट दायर की है। इसमें कहा गया कि सभी प्राथमिकी में पीड़ितों के बयान सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज किए गए हैं। दूसरी ओर, अदालत ने महिला पहलवानों की उस याचिका को स्वीकार कर लिया है, जिसमें अदालत से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृज भूषण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की दिल्ली पुलिस की अगुवाई वाली जांच की निगरानी करने की मांग की गई थी। मामले को 27 जून को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सिंह एक नाबालिग पहलवान सहित यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर विवादों में घिरे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं और उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि ये विरोध राजनीतिक रूप से भड़काए गए थे और उनका इस्तीफा और गिरफ्तारी उन पहलवानों के दो मुख्य उद्देश्य नहीं हैं। ओलंपियन सहित कई दिग्गज पहलवानों ने मांग की है कि सिंह को डब्ल्यूएफआई प्रमुख के रूप में पद छोड़ना चाहिए और गिरफ्तार होना चाहिए।




### यह देश के हजारों पहलवानों का विरोध

प्रदर्शनकारियों में से एक तोक्यो ओलिंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया ने हाल ही में कहा था कि यह कुछ पति-पत्नियों का विरोध नहीं है, बल्कि यह इस देश के हजारों पहलवानों का विरोध है। बृजभूषण सिंह खुद देखेंगे कि देश के कितने पहलवान देश भर के लोग आज कैंडल मार्च में हमारे साथ शामिल होंगे।

# मोदी का भारत अलग है

## जयशंकर ने कहा, उन्होंने हमें अगले 25 वर्षों के बारे में सोचने के लिए कहा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर गुजरात दौरे पर हैं। अहमदाबाद में मोदी का भारत एक उभरती हुई शक्ति कार्यक्रम को उन्होंने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी का भारत अलग है...अपने दृष्टिकोण में अलग है...भारत की राजनीति और नीतियों में अलग है। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं भारत को एक देश के तौर पर देखता हूं जिसके पास विज़न है, जिसे पता है वो किस दिशा में जा रहा है, उसकी क्षमता क्या है। उन्होंने कहा कि पिछले 20-30 साल में ग्लोबलाइजेशन के चलते विश्व में पुनर्संतुलन आया है।



उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जो देश पहले विश्व पर हावी थे, वे अब उस स्तर पर हावी नहीं रहे।

अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी ने हमें थोड़ा अलग तरीके से सोचने के लिए कहा, उन्होंने हमें अगले साल या अगले दशक के बारे में सोचने के लिए नहीं कहा ... उन्होंने हमें अगले 25 वर्षों के बारे में सोचने के लिए कहा है।

तंज

नीति आयोग की बैठक पर अखिलेश यादव का तंज, बोले-

# नीचे से कामयाबी हासिल कर रहा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अद्यक्षता में आज नीति आयोग की आठवीं बैठक हुई। इसमें कई राज्यों के मुख्यमंत्री शमिल हुए। इसके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने भी हिस्सा लिया। अब इसी को लेकर अखिलेश यादव ने तंज कसा है। अखिलेश ने कहा कि नीति आयोग में उत्तर प्रदेश नीचे से कामयाबी हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो मुख्यमंत्री नहीं गए उनके साथ नीति आयोग भेदभाव कर रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा उत्तर प्रदेश बेरोजगार घूम रहा है और आप नई बिल्डिंग बना रहे हो। लोकतंत्र में अगर विपक्ष का सम्मान नहीं है तो लोकतंत्र किस बात के लिए है। आपको बता दें कि कई विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्री आज की बैठक में शामिल नहीं हुए। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि आज नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में इज ऑफ डूइंग बिजनेस, स्वस्थ्य, एमएसएमई, महिला सशक्तिकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर और पीएम गतिशक्ति पर चर्चा की गई। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नीति आयोग की शासी परिषद् की आठवीं बैठक को संबोधित किया। राजधानी नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात बिंदुओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों को नीति आयोग के सामने रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशवासी पंचप्रण के साथ एक विकसित भारत के निर्माण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश लगभग 25 करोड़ आबादी का राज्य न केवल भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं श्रम बाजार है अपितु गंगा, यमुना व सरयू जैसी सतत् प्रवाहित नदियों के उपजाऊ मैदानों के साथ प्रचुर प्राकृतिक संसाधन से संतृप्त भी है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति है।



कई विपक्ष शासित राज्यों के मुख्यमंत्री आज की बैठक में शामिल नहीं हुए। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि आज नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में इज ऑफ डूइंग बिजनेस, स्वस्थ्य, एमएसएमई, महिला सशक्तिकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर और पीएम गतिशक्ति पर चर्चा की गई।

### नये संसद भवन के निर्माण का सभी सांसदों को स्वागत करना चाहिए

**राजौरी/जम्मू (एजेंसी)।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने शुक्रवार को कहा कि सभी सांसदों को नये संसद भवन के निर्माण का स्वागत करना चाहिए। हालांकि, कांग्रेस के पूर्व नेता आजाद ने यह भी कहा कि नये संसद भवन के निर्माण का विचार सबसे पहले पी वी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार के समय में रखा गया था, लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आजाद ने कहा, यह (नये संसद भवन का निर्माण) अच्छी बात है। यह एक अच्छी संसद है। नरसिम्हा राव सरकार के दौरान भी ऐसा प्रस्ताव था, लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका।

# बच्चों के शोषण पर रोक लगाने को गाइड लाइन जारी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



> सभी जिलों के बीएसए को भेजा गया पत्र, नियम का सख्ती से पालन कराने के निर्देश

योगी सरकार ने स्कूलों में बच्चों के शोषण को रोकने के लिए गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिया है। इस संबंध में शासन की ओर से सभी जिलों के बीएसए को पत्र जारी किया गया है। जिसमें उन्हें तय गाइडलाइंस का पालन कराने को कहा गया है। पत्र में ये भी कहा गया है कि स्कूलों में शोषण को रोकने की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य, शिक्षक समेत अन्य लोगों की होगी। गलती मिलने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। बेसिक शिक्षा विभाग के राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद ने सभी जिलों के बीएसए को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में तय गाइडलाइंस का पालन किया जाए। साथ ही सभी प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों, स्टाफ, वार्डेन एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को भी इन गाइडलाइंस का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

23 फरवरी 2015 में सरकार के द्वारा बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर एक गाइडलाइन जारी की गई थी। जिसका उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा और बाल अपराध पर है। साथ ही इसमें शैक्षणिक संस्थानों का उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया गया था। उसी गाइडलाइन को अब सख्ती से लागू किया जाएगा। प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय के प्रबंधतंत्रध्स्कूल मैनेजमेंट कमेटी एवं प्रधानाचार्यो का यह दायित्व है कि विद्यालय परिसर में या विद्यालय आते-जाते अथवा विद्यालय से बाहर फील्ड विजिट में इस प्रकार का वातावरण तैयार करें जो बच्चों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करे। इसके साथ ही छात्र एवं छात्राओं का किसी प्रकार का शारीरिक एवं मानसिक एवं यौन शोषण न हो। इसमें विद्यालय प्रांगण को सुरक्षित बनाने के लिए भी कई तरह के उपाय बताए गए हैं। इसमें स्कूल बसों में जीपीआरएस सिस्टम के साथ ही ड्राइवर व हेल्पर के वेरिफिकेशन की अनिवार्यता रखी गई है। साथ ही बस के अंदर चाइल्ड हेल्पलाइन और वूमेन हेल्पलाइन नंबर तथा पुलिस स्टेशन का नंबर लिखा होना चाहिए। प्रत्येक बस में दो टीचर की इस प्रकार व्यवस्था होनी चाहिए जो बच्चों के साथ स्कूल में बस से आवागमन करेंगे। बच्चों में परस्पर समन्वय एवं जागरूकता के लिए अभियान चलाने के भी निर्देश हैं, जबकि विभिन्न संस्थाओं की मदद लेने और अन्य उपायों की जानकारी दी गई है।

## महन्त अवैद्यनाथ की जयन्ती पर आज भण्डारा

**लखनऊ ।** महन्त अवैद्यनाथ की जयन्ती पर महन्त अवैद्यनाथ चौरिटेबल ट्रस्ट कल रविवार को नूर प्लाजा, रिंग रोड पर भण्डारे का आयोजन करेगा। ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी गौरव वर्मा के मुताबिक प्रात: 11 बजे पूर्जा अर्चन एवं महन्त अवैद्यनाथ की जयन्ती पर उन्हें श्रृद्धासुमन अर्पित करने के बाद प्रारम्भ होगा। महंत अवैद्यनाथ का जन्म 28 मई 1921 को महंत अवैद्यनाथ जी का जन्म ग्राम काण्डी, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड में श्री राय सिंह बिष्ट के घर हुआ था। आपके बचपन का नाम श्री कृपाल सिंह बिष्ट था और कालांतर में श्री अवैद्यनाथ बनकर भारत के राजनेता तथा गुरु गोरखनाथ मन्दिर के पीठाधीश्वर थे के रूप में प्रसिद्द हुए। श्री अवैद्यनाथ जी ने हिन्दू धर्म की आध्यात्मिक साधना के साथ ष्सामाजिक हिन्दूष् साधना को भी आगे बढाया और सामाजिक जनजागरण को अधिक महत्वपूर्ण मानकर हिन्दू धर्म के सोशल इंजीनियरिग पर बल दिया।




राजधानी लखनऊ में निशस्त्र आत्मरक्षा कला प्रशिक्षण कार्यशाला

## खबरें एक नजर में

### वीर सावरकर की जयंती पर हवन पूजन आज

लखनऊ । अखिल भारत हिंदू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सावरकर की जयंती के अवसर पर कल 28 मई को प्रात: 11.30 बजे प्रदेश कैंप कार्यालय एमडीएस टावर, इंटीग्रल विश्व विद्यालय के समक्ष कुर्सी रोड में हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश के समस्त इकाईयों के अध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने अपने कार्यालय या निवास पर हवन पूजन कर वीर सावरकर को नमन करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लें तथा भारत को हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने का संकल्प लें।

### राजधानी में आंधी-बारिश, 3 मकान पर होर्डिंग गिरी

लखनऊ, । यूपी में आज भी मौसमी बदलाव का सिलसिला जारी रहा। राजधानी लखनऊ में तेज आंधी के बाद बारिश शुरू हो गई है। आंधी से लालकुआं एरिया में एक जर्जर मकान पर लगी होर्डिंग गिरी, जिसकी जद में 3 मकान आ गए। इनका कुछ हिस्सा भी गिर गया है। सुबह से मुरादाबाद, गाजियाबाद, नोएडा, मथुरा, आगरा में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने रविवार को 46 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, 29 मई तक आंधी-बारिश का दौर जारी रह सकता है। उधर, शुक्रवार को यूपी के 33 जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा 42 मिमी. बारिश फतेहपुर में दर्ज की गई। इसके बाद बांदा में 18, फुर्सतगंज में 17, कन्नौज में 15 और वाराणसी में 20 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश के चलते अधिकतम के साथ ही रात के तापमान में गिरावट हुई है। बरेली और मेरठ में रात का पारा 17.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। लखनऊ के शशि अपार्टमेंट के ऊपर लगी अनाधिकृत होर्डिंग गिरने से तीन मकान के कुछ हिस्से भी ढह गए। इसमें से 6 लोगों को बाहर निकाला गया। मौके पर फायर ब्रिगेड और पुलिस पहुंची। राहत और बचाव कार्य के बाद अभी होर्डिंग हटाई नहीं जा सकी है। पुलिस सोर्स के मुताबिक, ये होर्डिंग अवैध बताई जा रही है। कानपुर की सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन पांडेय ने बताया कि बारिश के साथ वेस्ट यूपी के कई जिलों में ओले भी गिर सकते हैं। पश्चिमी विक्षोभ के चलते यूपी में आ रही नम हवाओं से दबाव बना हुआ है, जो बारिश करा रही हैं। 29 मई के बाद नौतपा अपना असर दिखा सकता है। यानी दो दिन बाद ज्यादातर शहरों का पारा फिर से 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, हापुड़, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और मथुरा, रायबरेली, आगरा में तेज बारिश हो सकती है।

### हजरतगंज में नो फ्लाइंग जोन में उड़ता दिखा संदिग्ध ड्रोन

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में शुक्रवार रात मुख्यमंत्री आवास के आसपास नो-फ्लाइंग जोन में संदिग्ध हालात में ड्रोन उड़ता देखा गया। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसी सतर्क हो गई। आनन-फानन में हजरतगंज पुलिस और सुरक्षा एजेंसी ने जांच शुरू कर ड्रोन उड़ाने वाले एक फोटोग्राफर को हिरासत में ले लिया। तड़के तक चली पूछताछ के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। हजरतगंज इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र के मुताबिक हजरतगंज में विधान सभा, राज्यपाल भवन और मुख्यमंत्री आवास जैसे महत्वपूर्ण भवन होने के चलते नो-फ्लाइंग जोन घोषित है। शुक्रवार रात को नो-फ्लाइंग जोन में एक ड्रोन उड़ने की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर कसमंडा हाउस में किराए पर रहने वाले अंकित सिंह को पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि उन्नाव निवासी अंकित सिंह फोटोग्राफर है और फोटोशूट कर रहा था। उसको नहीं पता था कि यहां पर नो-फ्लाइंग जोन है। उसके खिलाफसुरक्षा मानकों के उल्लंघन में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही एहतियातन उसके आपराधिक इतिहास का भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक कसमंडा हाउस में रहने वाले ही एक युवक ने छत पर से एक अज्ञात युवक द्वारा ड्रोन उड़ाए जाने की सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की तो जानकारी हुई कि ड्रोन उठाने वाले अंकित सिंह वहीं किराए पर रहता है और प्रोफेशनल फोटोग्राफर है।

### लखनऊ में भाजपा का सोशल मीडिया वर्कशॉप कल


लखनऊ । लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने तैयारी पूरी कर ली है। जहां एक तरफपूरे प्रदेश भर में जनसंपर्क महा अभियान चलाया जा रहा है। तो वहीं दूसरी तरफसोशल मीडिया पर भी प्रचार प्रसार जोरों से करने की तैयारियां है। कल प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उद्घाटन करेंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी सोशल मीडिया के सहारे अपने पक्ष में माहौल बनाने का काम करेगी। मिशन 80 को लक्ष्य को पाने के लिए प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं के लिए बीजेपी ने सोशल मीडिया वर्कशॉप बुलाई है। 29 मई को बीजेपी सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स इन वर्कशॉप के जरिए बीजेपी के पक्ष में सोशल मीडिया पर काम करेंगे। 29 मई को हो रही बीजेपी की सोशल मीडिया वर्कशॉप में प्रदेशभर से 600 से ज्यादा वॉलिंटियर और इनफ्लुएंसर इसमें शामिल होंगे। इसका आयोजन राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रखा गया है। इस वर्कशॉप में उन लोगों को भी बुलाया गया है जो पार्टी के कार्यकर्ता नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया पर बीजेपी के पक्ष में लिखते हैं। बीजेपी के द्वारा बुलाई गई इस वर्कशॉप में कार्यकर्ताओं को फेसबुक ,इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया पर बीजेपी के पक्ष में कंटेंट पोस्ट करने, विपक्षी दलों के द्वारा किए गए पोस्ट पर जवाब देने और 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने की क्लास दी जाएगी।




# सपा एमएलए अभय सिंह का साला अरेस्ट

## एसटीएफकी पूछताछ में कहा, पैसा देकर बनवाया नागालैंड से फर्जी लाइसेंस

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



> एसटीएफने पूछताछ के लिए संदीप को कई बार नोटिस दिया था। मगर वह हाजिर नहीं हो रहा था। संदीप के खिलाफ12 मामले दर्ज हैं।

यूपी एसटीएफने शनिवार को सपा विधायक अभय सिंह के साले संदीप कुमार को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ की टीम शुक्रवार को संदीप को फर्जी लाइसेंस मामले में मुख्यालय लाकर पूछताछ कर रही थी। उसके खिलाफ लखनऊ, वाराणसी और अयोध्या में 9 मामले दर्ज हैं। एसटीएफकी पूछताछ में संदीप ने बताया, नागालैंड से जारी शस्त्र लाइसेंस पैसा देकर फर्जी डाक्यूमेंट से बनाया है। मैं नागालैंड कभी नहीं गया है। असलहों के संबंध पर पूछने पर बताया रायफल व पिस्टल दोनों लाइसेंस उसने नंदा गन हाउस लाटूस रोड लखनऊ में जमा है। जिसके बाद एसटीएफकी टीम ने दोनों असलहों को जब्त कर लिया। एसटीएफने पूछताछ के लिए संदीप को कई बार नोटिस दिया था। मगर वह हाजिर नहीं हो रहा था। संदीप के खिलाफ12 मामले दर्ज हैं। वहीं, पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर वाराणसी में 4 अक्टूबर 2002 को हुए हमले का भी आरोपी है। उसके खिलाफअयोध्या और वाराणसी में गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई हो चुकी है। एसटीएफके सीओ लाल सिंह की टीम ने विभूतिखंड स्थित कालिंदी अपार्टमेंट निवासी संदीप कुमार सिंह उर्फपप्पू सिंह को गिरफ्तार किया है। एसटीएफकी टीम शुक्रवार को संदीप को फर्जी लाइसेंस मामले में मुख्यालय लाकर पूछताछ की थी। जिसके बाद साक्ष्यों के आधार पर आज गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ लखनऊ, वाराणसी और अयोध्या में नौ मामले दर्ज हैं। इसके बाद भी उसके पास शस्त्र लाइसेंस कैसे है। इसकी जांच की जा रही थी। जांच में सामने आया है कि नागालैंड से शस्त्र लाइसेंस संख्या 7099मोन,नागालैंड फर्जी है। इसकी पुष्टि सुपरिटेंडेन्ट ऑफ पुलिस मोन नागालैंड और एडिशनल डिप्टी कमिश्नर मोन नागालैंड की रिपोर्ट से हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस नंबर पर संदीप नाम के युवक को कोई लाइसेंस जारी नहीं हुआ। जिससे साफहै कि संदीप ने शस्त्र लाइसेंस फर्जी तरीके से साजिश रचकर दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त किया है। इसी तरह यह भी सामने आया है कि रिवाल्वर,पिस्टल का शस्त्र लाइसेंस जिला मजिस्ट्रेट फैजाबाद से भी आपराधिक इतिहास छुपाकर बनवाया गया था। पूछताछ के दौरान संदीप ने बताया कि वह कई कंपनी बनाकर प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है। जिसमें लोगों पर दबाव और प्रभाव डालने के लिए गाड़ी और शस्त्र की जरूरत होती है। संदीप की लखनऊ में कानपुर रोड और भिटौली क्रासिंग पर स्काईडेक ऑटो एण्ड इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड, फैजाबाद रोड पर दिव्यांश कन्सट्रक्शन एंड डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड, लालबाग में जीएसएस स्ट्रक्चरर्स प्राइवेट लिमिटेड और इंदिरा नगर में दिव्यांशी डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी चल रही है। वहीं गोमतीनगर विस्तार मलेसेमऊ और अलीगंज कपूरथला में ऋस्टम स्वीट शॉप की दुकान है।

# बीकेटी, इटौंजा और महोना नगर पंचायत के अध्यक्ष और सभासदों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। शनिवार को उपजिलाधिकारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया। क्षेत्र के इटौंजा और महोना नगर पंचायत में अध्यक्ष और सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। सूबे की सबसे बड़ी नगर पंचायत में शुमार नगर पंचायत बख्शी का तालाब का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। वहीं इटौंजा नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा के अवधेश अवस्थी कमल और 10 वार्ड के सदस्य, महोना नगर पंचायत में अध्यक्ष और दस्तावेज सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शनिवार को आयोजित हुए इस समारोह में बीकेटी नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सदस्यों को उपजिलाधिकारी प्रज्ञा पांडे ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह बख्शी का तालाब बड़ी बाजार में आयोजित किया गया। पूर्व सांसद सुशीला सरोज, पूर्व एमएलसी राजेश यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, सपा जिला अध्यक्ष जयसिंह जयंत ने भी जनता के प्रति आभार प्रकट किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गणेश रावत ने बताया कि नगर पंचायत की जनता ने जो भरोसा मुझ पर जताया है। उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र के विकास को नई गति दूंगा। क्षेत्र की टूटी फूटी नालियां, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट सहित तमाम मुद्दे हैं। जिस पर मेरी नजर है इनका विकास मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। नवनिर्वाचित सदस्यों में पूजा, राजकुमारी, कमलेश रावत, राजेश्वरी, विकास सिंह भीम, गोल्डी रावत, आसाराम रावत, संदीप यादव, राजेश कुमार, रोहित कनौजिया, राजकुमार रावत, फूलमती, दिलीप कुमार सिंह, रूबी यादव, किरण, मोहन लाल यादव, गंगोत्री यादव, प्रेम कुमार, शर्मिला ने शपथ ग्रहण किया।



कांग्रेस मुख्यालय में पं0 जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर माल्यपर्ण करते कांग्रेसी

# पुरानी पेंशन बहाली, प्रोन्नति, स्थानांतरण, एसीपी स्वीकृति पर सहमति

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी बैठक में पुरानी पेंशन बहाली, प्रोन्नति, स्थानांतरण, एसीपी स्वीकृति पर सहमति बनी। कार्यकारिणी की बैठक में तय किया गया कि संघ की मांगों को लेकर अतिशीघ्र विभागीय प्रमुख सचिव एवं मंत्री को ज्ञापन देकर मांगों के निस्तारण की मांग रखी जाएगी। समयबद्ध तरीके से अगर मांगों का निस्तारण नही किया जाता तो अगली कार्यकारिणी की बैठक में आन्दोलन की घोषणा कर दी जाएगी। संघ संरक्षक अनिल कुमार पाठक की अध्यक्षता मे उ.प्र. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के कार्यकारिणी की बैठक 27 मई, 2023 को हजरतगंज स्थित डिप्लोमा इंजीनियर संघ लोक निर्माण विभाग के सभागार मे सम्पन्न हुई। इस बैठक प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न जनपदों से आये प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक मे एनजेसीए तथा राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा चलाये जा रहे पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली द्वारा निर्धारित समस्त आंदोलनात्मक कार्यक्रमों मे प्रतिभाग किया जाने का निर्णय लिया गया। अनुदेशकों के रिक्त पदों के सापेक्ष शीघ्र भर्ती, अनुदेशकों का प्रारम्भिक ग्रेड-पे 4600, दिव्यांगजन के लिये आरक्षित 04 प्रतिशत कार्यदेशक के पदों पर पदोन्नति, अतिथिवक्ताओं के मानदेय का निर्धारण भारत सरकार द्वारा प्रदत्त सिद्धांत के आधार पर कराया जाने, शासनादेशों के क्रम में सीसीएल तथा मातृत्व अवकाश स्वीकृत किये जाने हेतु स्पष्ट दिशानिर्देश जारी कराने, कार्मिकों की लम्बित एसीपी स्वीकृत कराने, वर्ष-2016 मे नियुक्त अनुदेशकों को सम्मिलित करते हुए ज्येष्ठता सूची और चयन वर्ष 2022-23 तक के रिक्त पदों को आगणित कर प्रधानाचार्य श्रेणी-02 के पद पर पदोन्नति कराया जाने के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। संघ संरक्षक अनिल कुमार पाठक ने प्रदेश के समस्त अनुदेशकों कार्यदेशकों से प्रशिक्षण की गुणवक्ता मे सुधार हेतु प्रयास किये जाने का आवह्न किया। साथ ही साथ अनुदेशकों का प्रारम्भिक ग्रेड-पे 4600- कराये जाने हेतु संघ द्वारा किये प्रयासों तथा पुरानी पेंशन योजना बहाली की आवश्यक्ता पर विचार रखें। प्रांतीय अध्यक्ष हरिओम सिंह ने अनुदेशकों द्वारा विभाग के समक्ष प्रस्तुत किये गये स्थानांतरण हेतु आवेदनों पर सहानुभुति पूर्वक विचार करते हुए विभाग द्वारा वांछित कार्यवाही किये जाने, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के क्रम मे अतिथिवक्ताओं के मानदेय निर्धारण तथा दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित कोटे के तहत कार्यदेशक पद पर प्रोन्नति की मांग रखी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीश अरोड़ा ने शासनादेशों के क्रम के बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृति सम्बंधित स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किया जाना, ज्येष्ठता सूची एवं स्थाईकरण की प्रक्रिया मे तेजी लाये जाने की आवश्यक्ता पर अपने विचार साझा किये ।प्रांतीय कोषाध्यक्ष शिवचंद राम ने विभाग स्तर पर लम्बित एसीपी पर चिंता जताई। बैठक को पुष्पेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार,देशपाल, अतुल अवस्थी, अमित प्रजापति,महिपाल सिंह,आदर्श पटेल, अभिनव सिंह,अजय कुमार,अभिषेंक कुमार यादव,नितेश सिंह,आनंद चतुर्वेदी,धीरज कुमार जयसवाल, दिग्विजय यादव, रवि सिंह, करूणेष कुमार ने सम्बोधित किया ।बैठक का संचालन करते हुए महामंत्री विवेक कुमार सभी सदस्यों को धन्यवाद किया।

# सिविल सोसाइटी के सदस्यों का प्रयागराज के स्टेट यूनानी मेडिकल कॉलेज का दौरा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रयागराज स्थित स्टेट यूनानी मेडिकल कॉलेज की मौजूदा स्थिति एवं उसमें होने वाले तरक्की के कामों को देखने के लिए सिविल सोसाइटी के सदस्यों का एक डेलिगेशन एक दिन के दौरे पर प्रयागराज पहुंचा। इस डेलिगेशन में राजधानी लखनऊ में सक्रिय यूनानी एक्टिविस्ट और उनसे जुड़े संगठनों के सदस्य शामिल थे। इसमें डॉ आफ्ताब हाशमी पूर्व उपनिदेशक यूनानी सेवा निदेशालय, मोहम्मद खालिद सचिव इंस्टीट्यूट फार सोशल हार्मोनी एण्ड अपलिफ्टमेंट (इशु) और डॉ अशफाक अहमद मीडिया प्रभारी बीयूएमएस डॉक्टर्स एसोसिएशन व वरिष्ठ पत्रकार शामिल थे। दौरे में शामिल सदस्यों ने कॉलेज में मौजूद अस्पताल, हॉस्टल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, लाइब्रेरी और हर्बल गार्डन को करीब से देखा एवं जाना। स्टेट युनानी मेडिकल कॉलेज में पिछले कुछ वर्षों में कई बड़े कार्य उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा कराए गए हैं। इसके साथ ही कई नई जरूरत भी कॉलेज में देखी गई। डेलिगेशन ने देखा कि कॉलेज में गर्ल्स हॉस्टल बनकर तैयार है परंतु इसमें फर्नीचर नहीं है। जिसके लिए प्रदेश सरकार से मांग की कि फर्नीचर का बजट तुरंत उपलब्ध कराकर इसे छात्राओं को रहने के लिए अलॉट किया जाए। ताकि वह कालेज के सुरक्षित माहौल में अपनी शिक्षा पूरी कर सकें। इसी प्रकार बहुत बढ़िया ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जा चुका है मगर इस में फर्नीचर , साउंड एवं लाइट का काम होना बाकी है। नए बॉयज हॉस्टल का निर्माण एवं कालेज के दूसरे कैंपस में मौजूद जमीन पर प्रोफेसर एवं अन्य स्टाफ के लिए बिल्डिंग का निर्माण कराने की जरूरत है। पीजी के छात्रों के लिए भी हॉस्टल का निर्माण इस वक्त की जरूरत है। सिविल सोसाइटी सदस्य दल ने हर्ष के साथ कहा कि प्रदेश सरकार का आयुष विभाग बहुत अच्छा काम कर रहा है। इस समय प्रदेश में 2 राजकीय युनानी मेडिकल कॉलेज शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जबकि तीसरे यूनानी कालेज का निर्माण बरेली में लगभग पूरा हो चुका है। आवश्यकता है कि प्रयागराज के स्टेट युनानी मेडिकल कॉलेज के कैंपस एवं हर्बल गार्डन पर सरकार नए तरीके से सर्वे कराकर उस पर होने वाले निर्माण कार्य को व्यवस्थागत रूप में कराएं, ताकि केंपस खूबसूरत हो और प्रयागराज का स्टेट युनानी मेडिकल कॉलेज आइडियल मेडिकल कॉलेज बन सके। डेलिगेशन के दौरे के समय कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर अनवर अहमद एवं समस्त प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, रीडर तथा पीजी और यूजी के छात्रों का भरपूर सहयोग रहा। इस दौरे से जहां कॉलेज के छात्रों में खुशी थी वही समस्त स्टाफने उम्मीद जताई कि इससे कालेज को बड़ा फायदा होगा।कॉलेज के दौरे के समय प्रयागराज में सक्रिय यूनानी संगठनों से जुड़े डॉ आरिज कादरी, डॉ निजाम सिद्दीकी, डॉक्टर मोहम्मद अहमद,डॉ राशिद, डॉ खुर्शीद आलम, डॉ एहटेशम, डॉ जकी, समेत दर्जनों मेडिकल ऑफिसर एवं स्थानीय चिकित्सकों का विशेष सहयोग रहा तथा सभी ने आश्वासन दिया कि स्टेट युनानी मेडिकल कॉलेज के साथ पूरा सहयोग करके एवं उनके कार्यों में रुचि लेकर उसे आगे बढ़ाने में भरपूर सहयोग करेंगे।



# पीजीआई में विश्व पोषण दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

विश्व पोषण दिवस हर वर्ष 28 मई को मनाया जाता है। यह दिवस अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर आज संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के हेपेटोलॉजी और डायटेटिक्स विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यकृत रोगों के रोगियों में पोषण मूल्यांकन और प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक संवादात्मक कार्यक्रम आयोजन किया गया। जो मुख्य रूप से नवोदित आहार विशेषज्ञों, पोषण इंटर्न, मेडिकल छात्रों (स्नातक या स्नातकोत्तर), यकृत रोग रोगियों के पोषण प्रबंधन में शामिल युवा संकाय सदस्यों के प्रशिक्षण पर केंद्रित था। यह कार्यशाला अपनी तरह की पहली कार्यशाला थी। जिसमें विशेष रूप से लिवर की बीमारी के रोगियों में आहार पर ध्यान केंद्रित किया गया था। कार्यशाला संस्थान के सेंटर फॉर हेपेटोबिलरी डिजीज एंड ट्रांसप्लांटेशन ऑडिटोरियमश् में आयोजित की गई थी। इस कोर्स को इंडिया एसोसिएशन ऑफपैरेंट्रल एंड एंटरल न्यूट्रिशन, लखनऊ चौप्टर द्वारा समर्थन दिया गया था। सम्मेलन का उद्घाटन संजय गांधी पीजी आई के निदेशक प्रोफेसर आर के धीमन, प्रोफेसर राजन सक्सेना, विभागाध्यक्ष, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और डॉ अमित गोयल, प्रोफेसर और हेड, हेपेटोलॉजी विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने घोषणा की कि हेपेटोलॉजी विभाग से हेपेटोलॉजी कोर ग्रुप ऑफआईएपीईएन इंडियाश् शुरू किया जाएगा।

# एक दिन में 35 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य

▸ योगी सरकार तोड़ेगी अपना ही रिकॉर्ड

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में इस साल बरसात के महीने के दौरान एक दिन में 35 करोड़ पौधों को रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि हरियाली बढ़ाने, बेहतर आबोहवा और पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से बारिश के आगामी सीजन में योगी सरकार एक बार फिर एक दिन में पौधरोपण का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगी।

इस बार लक्ष्य एक दिन में 35 करोड़ पौधरोपण का है। पौधरोपण की नोडल एजेंसी वन विभाग की निगरानी में सरकार के 27 विभाग मिलकर रिकॉर्ड पौधरोपण के इस अभियान को सफल बनाएंगे। संबंधित विभागों को कितना पौधरोपण करना है, इसका लक्ष्य पहले से तय है। पौधरोपण के लिए वन विभाग और उसकी देखरेख में कृषि जलवायु क्षेत्र (एग्रो क्लाइमेट जोन) की नर्सरियों में करीब 54 करोड़ स्वस्थ्य पौधे तैयार हैं। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, पौधारोपण की सही तिथि फिलहाल निर्धारित नहीं की गई है। मगर मानसून के रुख को देखकर यह तय कर लिया जाएगा। उम्मीद इस बात की है कि जुलाई में किसी दिन यह महाअभियान चलेगा। ऐसा इसलिए कि पर्याप्त मात्रा में नमी मिलने से रोपे गए पौधों में से अधिकतम का सर्वाइवल हो। उल्लेखनीय है कि अपने पहले कार्यकाल से ही प्रदेश में हरीतिमा बढ़ाने और इससे होने वाले अन्य दूरगामी लाभों के मद्देजर योगी सरकार का जोर अधिक्तम पौधरोपण पर रहा है। इस क्रम में अब



तक अपने पहले कार्यकाल में प्रदेश में हरियाली बढ़ाने के लिए हर साल रिकॉर्ड पौधरोपण के क्रम में 100 करोड़ से अधिक का पौधरोपण हुआ। इसका नतीजा भी सामने है। स्टेट ऑफ फॉरेस्ट की रिपोर्ट 2021 के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के 9.23 फीसद हिस्से में वनावरण है। 2013 में यह 8.82 फीसद था। रिपोर्ट के अनुसार 2019 के दौरान कुल वनावरण और वृक्षावरण में 91 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। वर्ष 2030 तक सरकार ने इस रकबे को बढ़ाकर 15 फीसद करने का लक्ष्य रखा है। इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए योगी सरकार-2.0 ने अगले 5 साल में 175 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा है।

इस क्रम में पिछले साल भी 35 करोड़ पौधे लगाए गए थे। इस साल और इसके अगले चार साल के लिए लिए भी 35-35 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य है। सरकार की मंशा है कि वर्षाकाल में जो पौधरोपण हो वह संबंधित क्षेत्र के एग्रो क्लाइमेट जोन (कृषि जलवायु क्षेत्र) के अनुसार हो। अलग-अलग जिलों के लिए चिन्हित 29 प्रजाति और 943 विरासत वृक्षों को केंद्र में रखकर पौधरोपण का अभियान चलेगा। इसमें राष्ट्रीय वृक्ष बरगद के साथ देशज पौधे पीपल, पाकड़, नीम, बेल, आंवला, आम, कटहल और सहजन जैसे औषधीय पौधों को वरीयता दी जाएगी। अभियान को सफल बनाने में पर्यावरण सेनानियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पर्यावरण सेनानी में कृषक और प्रधानमंत्री सम्मान के लाभार्थी, गंगा प्रहरी, सशक्त बल, महिलाएं, दिव्यांग, कम आय समूह, दृष्टिबाधित, मनरेगा जॉब कार्ड धारक, स्वयंसहायता समूह, ग्राम स्तरीय एवं नगर विकास कर्मी, वनकर्मी, आदिवासी-वनवासी, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के लाभार्थी, शिक्षक-विद्यार्थी और महिलाएं शामिल हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा से दिल्ली स्थित उनके शासकीय आवास पर भेंट की

## खबरें एक नजर में

### मलिहाबाद में बारातियों की बोलेरो पोल से टकराई,सात लोग घायल, टायर

लखनऊ। मलिहाबाद में शादी समारोह से लौट रही बोलेरो टायर पंक्चर हो जाने की वजह से अनियंत्रित होकर हाईटेंशन बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से लोगों को बाहर निकाला गया। सात घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तकरीबन 2 बजे के आसपास एक बोलेरो टायर पंक्चर होने की वजह से गहदो के पास हाईटेंशन बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में कार में सवार 7 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। यह बोलेरो उन्नाव जनपद के थाना औरास क्षेत्र के टिकरा बरार से बारात से लखनऊ के माल थाना क्षेत्र के एक गांव गई थी। जहां से देर रात कुछ बारातियों को लेकर बोलेरो वापस लौट रही थी। अचानक बोलेरो का टायर पंक्चर हो गया, जिसकी वजह से तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित हो गई और पोल से जा टकराई। बोलेरो में सवार भीम सिंह 60 वर्ष निवासी कोहली थाना औरास, दीपांशु 15 वर्ष, सरवन 10 वर्ष, विपिन 27 वर्ष निवासी टिकरा थाना औरास, मूलचंद 35 वर्ष निवासी महदोईया रहीमाबाद, सुरेंद्र 38 वर्ष, मानवेंद्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में भीम सिंह, दीपांशु, सरवन, विपिन, मूलचंद को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। जहां से दीपांशु, सरवन, विपिन, के परिजन उन्हें लेकर रहीमाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बसहरी घाट पुल के नीचे पड़ा मिला युवक का शव

**लखनऊ ।** जिले के इटौंजा थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बसहरी घाट पुल के नीचे पड़ा मिला। शव की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों से शिनाख्त कराई गई। लोगों ने बताया कि मृतक क्षेत्र का ही रहने वाला है। जो कि ई-रिक्शा चालक था। हरदा कालोनी निवासी बब्लू पुत्र मोतीलाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में इटौंजा माल रोड बसहरी घाट पुल के नीचे पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार बब्लू शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे ई-रिक्शा लेकर इटौंजा के लिए निकला था। रात में घर न पहुंचने पर परिजन इधर-उधर खोजबीन करने में जुटे हुए थे। वहीं शनिवार सुबह लगभग 10 बजे ग्रामीणों ने बसहरी घाट पुल के नीचे नदी ने किनारे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में देखा। मृतक युवक अर्थ नग्न स्थित में था। युवक के पैर जीन्स से हाथ बेल्ट से तथा गला शर्ट से बंधा हुआ था। जिसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक युवक की पहचान करने में जुट गई। वहीं मृतक युवक की पहचान इटौंजा के हरदा कालोनी निवासी बबलू के रूप में हुई। मृतक के पिता मोती लाल ने बेटे की हत्या की आशंका जताई है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इटौंजा थाना अध्यक्ष रनिंग कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों के द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच के लिए टीम गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।शुक्रवार देर रात बीकेटी थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में फैब्रिकेटर मालिक सत्यम सिंह निवासी सेक्टर एफजानकीपुरम की कार में लाश मिली थी। बीकेटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस जांच में जुटी है।

### पुलिसिया विरोध में नंगे पांव मार्च, आजाद अधिकार सेना की बैठक संपन्न

लखनऊ। पुलिसिया विरोध में नंगे पांव मार्च निकाल आजाद अधिकार सेना ने अपना विरोध जताया। इसके बाद सेना की राज्य स्तरीय आवश्यक बैठक प्रेस क्लब लखनऊ में आयोजित किया। इसमें प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। इससे पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कल लखनऊ पुलिस द्वारा पार्टी के हजरतगंज चौराहे से प्रेस क्लब तक के शांति यात्रा की मनाही करने के विरोध में नंगे पांव अकेले हजरतगंज चौराहे से प्रेस क्लब तक की यात्रा की। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने जिले की स्थिति सामने रखी और पार्टी के विकास में होने वाली बाधा और पार्टी की आगे की रणनीति पर चर्चा की। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि आजाद अधिकार सेना मुख्य रूप से अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के विरोध के लिए बनी है तथा आम नागरिकों के अधिकारों के रक्षा हेतु बनी है उन्होंने कहा कि पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार और दिल्ली में भी अपने प्रत्याशी खड़े करेगी। उन्होंने मौजूदा सरकार को पूरी तरह दमनकारी और तानाशाही बताया। डॉ.नूतन ठाकुर ने कहा कि पार्टी को आरटीआई, जनसुनवाई पोर्टल आदि का व्यापक उपयोग कर लोगों की सहायता करनी चाहिए। बैठक में पूरे प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रमाकांत तिवारी की दो काव्य कृतियों का विमोचन

लखनऊ। यूपी प्रेस क्लब में शनिवार को दो काव्य कृतियों का विमोचन हुआ। रमाकांत तिवारी 'रामिल' की लिखी पुस्तक का नाम 'कोरोना कथा और व्यथा' व 'हास्य व्यंग्य कणिकाएं' है। कार्यक्रम का आयोजन अवध भारती संस्थान, बाराबंकी द्वारा किया गया। इस दौरान एलयू में हिंदी डिपार्टमेंट के प्रो. पवन अग्रवाल चीफगेस्ट रहे। स्पेशल गेस्ट के तौर पर प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, चम्पा श्रीवास्तव, न्यू दिल्ली ऑल इंडिया रेडियो से अलका सिंह और डॉ. अंब्रीश सिंह मौजूद रहे। इस दौरान अतिथों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं डॉ. आलोक शुक्ला ने सुंदर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों ने रमाकांत तिवारी के साथ पुस्तकों का लोकार्पण किया। प्रो. अग्रवाल ने दोनों पुस्तकों की तारीफकी।

# महापौर से मिला नगर निगम कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मण्डल

**लखनऊ समृद्धि न्यूज**

लखनऊ की नव निर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल का नगर निगम कर्मचारी संघ, लखनऊ के अध्यक्ष आनन्द वर्मा व महामंत्री राम अचल के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों व सैकडों कर्मचारियों के साथ पुष्प गुच्छ भेंट कर शिष्टाचार भेंट की महापौर को उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनायें दी।महापौर द्वारा सभी को एक जुट रह कर आपसी सहयोग से जनताध्कर्मचारी व सस्था हित में मिल जुल कर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु कहा गया व कर्मचारियों के बकाया देयको आदि पर चर्चा की गयी। समय-समय पर बैठक कर समस्यओं के निस्तारण हेतु कहा गया। शिष्टाचार भेंट कार्यक्रम में नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनन्द वर्मा,महामंत्री राम अचल,संरक्षक राम चन्द्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश उप्रेती, उपाध्यक्ष मो0शोऐब ,शमील एखलाक,मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी,रेखा यादव,कोषाध्यक्ष हेमन्त कुमार,प्रचार मंत्री शात्रोहन लाल संगठन मंत्री अर्जन यादव,निखलेश खरे, शैलेन्द्र कुमार,



सयुक्त मंत्री अनुज गुप्ता, अब्दुल तनवीर, कार्यकारिणी सदस्य जाकिर अली,मनीष पाल,अर्क गौतम,सुखदेव यादव,शमशाद अहमद,यश विजय प्रकाश गुप्ता पवन पाल,शबनम श्रीवास्तव, अनीता वर्मा,पवन कश्यप सहित सैकडों कर्मचारी उपस्थित रहें।

# कॉम्बिग के दौरान पकड़े गई 12 बिजली चोरी

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे बिजली चोरी पकड़ने के अभियान में विद्युत नगर वितरण खण्ड अमीनाबाद क्षेत्र के हाई लॉस फीडर मौलवीगंज, रकाबगंज के खटिकाना, ताजीखाना, मशकगंज,अस्तबल चारबाग में मण्डी क्षेत्र में अधीक्षण अभियंता इ.आर.पी. केन के नेतृत्व में कॉम्बिग अभियान चलाया गया। इस दौरान 52 विद्युत कनेक्शनों की जॉच की गई। जॉच के दौरान 12 परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। एक घरेलु उपभोक्ता को वाणिज्यक उपयोग करते तथा 11 को तार काटकर बिजली चोरी, दो उपभोक्ताओं का भार बढ़वाया गया। इस दौरानर 25 लाख्वा रूपये जमा कराये गए। कॉम्बिग अभियान में अधिशासी अभियंता इ.एस.के. अग्रवाल व स्थानीय पुलिस मौजूद रही।टीम ने इस दौरान अरसद अली



ख्यालीगंज के परिसर में 500 वाट, अहसान अली 500 वाट, श्रीमती फ्हराना 1.7 किलों वाट डायरेक्ट, पर बिजली चोरी में विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के तह्त कार्रवाई की है। श्रीमती शबनम अस्तबल एक किलो वाट, मोइनुद्दीन 600 वाट डायरेक्ट, अभिषेक रस्तोगी दो किलो वाट, आदिल 600 वाट, हरिओम 5.8 किलो वाट, विनोद सोनकर पॉच किलो वाट,र बिजली चोरी में विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135के तह्त कार्रवाई की है। इसके अलाव फारूख मिर्जा पर 3 किलोवाट की बिजली चोरी के तहत विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 126 के तह्त कार्रवाई की है।

# विद्युत कर्मियों को रियायती विद्युत की सुविधा को समाप्त किया जाना अनुचित

**लखनऊ समृद्धि न्यूज**

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय महासचिव इं. जी. वी. पटेल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विद्युत कर्मियों को रियायती दर पर प्राप्त हो रही विद्युत की सुविधा को समाप्त किया जाना पूर्णता अनुचित है। विद्युत कर्मियों को यह सुविधा उत्तर प्रदेश विद्युत सुधार अधिनियम 2000 एवं अंतरण स्कीम 2003 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत में दी जा रही है। उक्त अधिनियम में स्पष्ट रूप से उल्लिखित है कि विद्युत कर्मियों को पूर्व से प्राप्त हो रही सुविधाओं को कमतर नहीं किया जाएगा तथा उन्हे रियायती विद्युत की सुविधा प्राप्त होती रहेगी। इसके अतिरिक्त ऊर्जा प्रबंधन एवं विभिन्न कार्मिक संगठनों के मध्य समय समय पर संपन्न वार्ताओं में भी प्रबंधन द्वारा इस सुविधा को जारी रखने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया कि गत दिवस जारी आदेष द्वारा विभागीय कार्मिकों के लिए निर्धारित श्रेणी एलएमवी-10 को घरेलू उपभोक्ताओं की श्रेणी एलएमवी-1 में मर्ज किया जाना गलत है। प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 3.40 करोड़ है जबकि सेवानिवृत्त सेवक एवं विद्युत कर्मियों की कुल संख्या अधिकतम 1.20 लाख है। जिनके द्वारा उपभोग की गई विद्युत का रियायती मूल्य उनके वेतन एवं पेंशन कटौती कर सीधे विभाग को चला जाता हैं। इस प्रकार कार्मिकों को दी गई स्डट-10 की सुविधा का कारपोरेशन पर वित्तीय भार बहुत ही कम है।केन्द्रीय महासचिव ने स्पश्ट किया कि विद्युत कर्मी निशुल्क विद्युत का उपभोग कतई नहीं करते हैं अपितु निर्धारित स्लैब के तहत विद्युत मद कटौती उनके वेतन से सीधे विभाग द्वारा की जाती है। यह एक ऐसी सुविधा है जो कार्मिकों एवं विभाग के बीच आपसी लगाव को भी मजबूत करती है। ध्यान रहे कि प्रायः सभी सरकारी तथा निजी क्षेत्र के संस्थानो द्वारा अपने कार्मिकों को संस्थान के उत्पाद अथवा सेवाओ को निशुल्क अथवा रियायती दर पर दिया जाता है, विद्युत विभाग इसका कोई अपवाद नहीं है।

# बिजली चोरी पकड़ने वाली टीम पर रखी जाए पैनी नजर

## छापा मारने वाली टीम पर पैनी नजर रखे जाने की मांग की

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** भी बिजली कंपनियों में बिजली चोरी को पकडने के लिए विजिलेंस व विभागीय टीम द्वारा मॉर्निंग रेट नाईट रेड के तहत बिजली चोरी पकडने का अभियान चलाया जाता है। बडे पैमाने पर विद्युत उपभोक्ता गोपनीय तरीके से सूचना दे रहे हैं कि अनेकों इलाकों में कुछ विजिलेंस टीमों व विभागीय टीम द्वारा बडे पैमाने पर बिजली चोरी पकड कर अपने निजी स्वार्थ में समझौता करके उन्हें छोड दिया जाता है। जहां स्वार्थ सिद्ध नहीं होता वहां बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर दी जाती है। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज पावर कारपोरेशन के चेयरमैन देवराज से मुलाकात कर छापे मारने वाली टीम पर पैनी नजर रखे जाने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अनुसार पूरे प्रदेश में विजिलेंस टीम व विभागीय टीम द्वारा जिस भी क्षेत्र में बिजली चोरी के लिए अभियान चलाया जा रहा है वहां पावर कारपोरेशन स्तर से एक गोपनीय टीम बनाकर समय-समय पर सैंपल के तौर पर उस क्षेत्र में भेजकर पता लगाया जाए कि विजिलेंस टीम व विभागीय जांच टीम ने बिजली चोरी पकडने के बाद कोई सौदेबाजी तो नहीं की है।निजी स्वार्थ में कोई अनियमितता तो नहीं की है। विजिलेंस टीम सहित सभी विभागीय जांच दल की गाड़ियों में जीपीआरएस लगाया जाए। ऐसा ऐप तैयार कराया जाए जिसके माध्यम से उस इलाके की बिजली चोरी की वीडियो स्वतः लोड होती रहे। अवधेश कुमार वर्मा ने कहा इस बार बिजली दर की जनसुनवाई में उपभोक्ता परिषद ने बिजली चोरी का पूरा ब्यौरा जनसुनवाई में सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशक ओवर आयोग के सामने रखा। पूरे प्रदेश में लगभग 5000 करोड की बिजली चोरी होती है। जिसके बारे में उपभोक्ता परिषद ने बिजली दर की जनसुनवाई में सभी कंपनियों का ब्यौरा अलग-अलग आगरा नोएडा लखनऊ और बनारस की जनसुनवाई में रखते हुए इस पर अंकुश लगाने की मांग उठाई थी। बिजली चोरी पकड़े एवं बिजली चोरी रोकने में जब तक इस प्रकार की पारदर्शी कार्यवाही नहीं की जाएगी इसी प्रकार जांच दल अपने निजी स्वार्थ में कार्यवाही करेंगे तो बिजली विभाग तबाही की ओर जाता रहेगा। ऐसे में अब समय आ गया है ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाए जो कहीं ना कहीं अपने निजी स्वार्थ में विभाग की छवि धूमिल कर रहे हैं।

# युवा खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा प्लेटफार्म और एक्सपोजर: रविंद्र मिश्रा

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चयनित पहलवानों को तराशने वाले भारतीय रेलवे टीम के कोच रविंद्र मिश्रा का कहना है कि इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को दो फायदे होंगे। एक तो उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा, वहीं दूसरी ओर उन्हें यहां मेडल जीतने पर राष्ट्रीय स्तर पर एक्सपोजर मिलेगा। बरेका के कुश्ती हाल में युवा पहलवानों की नई पौध को तैयार करने में व्यस्त रविंद्र मिश्रा कहते हैं, हाल के सालों में खेलों के प्रोत्साहन के लिए सरकार के स्तर पर काफी प्रयास हुए हैं, इसी का नतीजा है कि खेलों के प्रति युवाओं में क्रेज बढ़ा है। कुश्ती की बात करें तो किसी जमाने में इसे ग्रामीण स्तर का खेल कहा जाता था मगर आज शहर के युवा इस खेल से तेजी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं लगभग 40 साल से कुश्ती से जुड़ा हूँ पहले मैं खिलाड़ी था मगर पिछले 20 साल से कोच की भूमिका में हूँ। इस दौरान काफी खिलाड़ियों को तराशने का मुझे मौका मिला। मेरे 30 से अधिक प्रशिक्षु रेलवे, बैंक, सेना में खेल कोटे के तहत नौकरी कर रहे हैं। उनकी तरक्की देखकर मेरा सीना चौड़ा हो जाता है।बकौल रविंद्र, मुझे भारतीय रेलवे के अलावा भारत की राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़कर काम करने का मौका मिला है। भारत की जूनियर टीम के साथ मैं हंगरी, क्रोएशिया, ब्राजील, थाईलैंड और मंगोलिया का दौरा कर चुका हूं। हर दौर में मेरी भूमिका टीम के कोच अथवा मुख्य कोच की रही है। विदेशी धरती पर जब भारत का खिलाड़ी पदक जीतता है और मेडल सेरेमनी में भारतीय राष्ट्रगान की धुन बजती है तो वह पल खिलाड़ी से लगाव हरेक के लिए अविस्मरणीय होता है। मैं अपने को भाग्यशाली मानता हूं कि जीवन में कई दफा मैं इस अहसास से गुजरा हूं। बातचीत के दौरान रविंद्र की जुबां पर अंतरराष्ट्रीय पहलवान सचिन गिरी का नाम भी आया। सचिन उनके सबसे अच्छे और प्रतिभावान प्रशिक्षुओं में से हैं। बताया कि ग्रीमोरोमन शैली के पहलवान सचिन साल 2020 में विश्व कुश्ती चौंपियनशिप में भारतीय कुश्ती टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके अलावा सचिन साल 2021 में एशियाई कुश्ती चौंपियनशिप में भारतीय दल का हिस्सा रहे हैं। इन दिनों सचिन बरेका में सेवारत हैं। चोट की वजह से पिछले कुछ समय से वह कुश्ती से दूर हैं। स्वस्थ्य होते ही वह जल्द वापसी करेंगे।

# जयपुरिया लखनऊ ने मनाया 27वां दीक्षांत समारोह, मेधावियों को मिले मेडल

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ में शनिवार को 27वां दीक्षांत समारोह मनाया गया। इस दौरान 262 छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा मिले। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार ने छात्रों को दीक्षांत समारोह के अवसर पर उन्हें बधाई दी और सफलता के मंत्र बताये। उन्होंने कहा कि जयपुरिया लखनऊ ने प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान कर उत्क्रिस्ट योगदान दिया है। जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष शरद जयपुरिया ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि दुनिया एक अभूतपूर्व गति से विकसित हो रही है। पिछले 50 वर्षों में जो कुछ हुआ है, उससे कहीं अधिक परिवर्तन अगले 10 वर्षों में अपेक्षित है। कभी



भी सपने देखना बंद न करें, कभी भी अपने आप में विश्वास करना बंद न करें, कभी प्रयास करना बंद न करें और कभी भी सीखना बंद न करें। डॉ.कविता पाठक, निदेशक, जयपुरिया लखनऊ ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा उन्होंने सभी छात्रों को बधाई दी। अकादमिक पाठ्यक्रम में हुई प्रगति, हमारे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित संस्थान का प्रयास हमारे शिक्षार्थियों के लिए सीखने को रोमांचक बनाना है। ष्वन जयपुरियाष् विचारधारा ने पाठ्यचर्या विकास में कई सहयोगों को बढ़ावा दिया है और ऐसी पहल की गई हैं जिन्होंने अकादमिक वितरण को गहराई से समृद्ध किया है। इस वर्ष सभी संकाय सदस्यों ने शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन में अपने पाठ्यक्रमों में नवाचार किए। डॉ. पाठक ने कहा कि सम्मानित अतिथि अरविंद गुप्ता, निदेशक और सुरक्षा प्रमुख (वैश्विक) और एसऑयपी सीआईएम में गुणवत्ता प्रबंधन प्रमुख (एपीजे एंड जीसी) ने कहा कि यह एक नई यात्रा की शुरुआत है। अपनी क्षमता का एहसास करें कि आप जीवन में क्या कर सकते हैं उसपर फोकस करें, अपनी जड़ों को कभी न भूलें, गलतियों को स्वीकार करना शुरू करें ताकि सकारात्मक बदलाव लाया जा सके और अपनी खुद की कहानी बनाएं।

संस्थान के मेधावी छात्रों को दीक्षांत समारोह के दौरान मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# भूमि विवाद को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ा युवक

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील मुख्यालय स्थित कोतवाली व सीओ आवास के निकट भारत टावर के सामने नवनिर्मित ऊंची पानी टंकी पर चढ़े युवक ने शनिवार की सुबह घंटो हंगामा किया जिससे मौके पर पहुंचे प्रशासन के पसीने छूट गए। वहीं काफी भींड़ जुटी रही। जहां पुलिस व प्रशासन घंटों मान मनौव्वल करता रहा। अधिकारियों ने किसी तरह समझा-बुझाकर युवक को पानी टंकी से नीचे उतरवाया और समस्या के निस्तारण कराने के लिए

- प्रशासन के छूटे पसीने, जुटी भारी भीड़
- काफी मशक्कत के बाद टंकी से नीचे उतरे युवक को राजस्व टीम लेकर गई गांव

राजस्व टीम उसे उसके गाँव लेकर चली गई।

मिली जानकारी के मुताबिक तहसील कर्नलगंज अन्तर्गत गोण्डा लखनऊ हाईवे स्थित कोतवाली व




सीओ आवास के निकट नवनिर्मित काफी ऊंची पानी टंकी पर शनिवार की सुबह चढ़ा एक युवक खड़े होकर कूदने की धमकी देने लगा जिसे देखकर प्रशासन के पसीने छूट गए। जहाँ घंटो पुलिस मान मनौव्वल करती रही लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ बल्कि एसडीएम को मौके पर बुलाने की जिद करता रहा। एसडीएम हीरालाल के आने पर वह बड़ी मशक्कत के बाद नीचे उतरा। जिसे पुलिस कोतवाली ले गई,जहां उसने एसडीएम के सामने अपनी बात रखी। तहसील क्षेत्र के ठकुरापुर डीहा निवासी पीड़ित किशन पुत्र हजारीलाल द्वारा बताया गया कि अपने पुश्तैनी पट्टा शुदा भूमि पर वह प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करा रहा है,जिसमें विपक्षी व्यवधान उत्पन्न कर रहे हैं। मामले के त्वरित निस्तारण हेतु एसडीएम हीरालाल ने राजस्व टीम को भेज कर कार्यवाही का निर्देश दिया। फिलहाल मौके पर घंटो भारी भीड़ जुटी रही और लोग तमाशबीन बने रहे।

# डीएम ने देखी थाना समाधान दिवस की हकीकत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार ने समाधान दिवस की हकीकत देखने के लिए कोतवाली करनैलगंज व थाना कटरा बाजार का औचक निरीक्षण किया तथा फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण किया। कोतवाली करनैलगंज में प्राप्त शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही थाना कटरा बाजार में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तत्काल एवं समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने उपस्थित

- शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में ग्राम समाज की भूमि, खलिहान, सरकारी तालाब, बंजर, नवीन परती, सरकारी आबादी आदि का भौतिक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करा लें कि उनकी ग्राम सभा में कहीं भी किसी भी सरकारी जमीन पर कोई अवैध कब्जा तो नहीं हैं। जिलाधिकारी ने वहां पर भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, बीट रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा शिकायतों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने पूर्व में समाधान दिवस में प्राप्त लम्बित शिकायतों को एक सप्ताह में निस्तारित करने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान उपजिलाधिकारी करनैलगंज हीरा लाल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली करनैलगंज व थाना कटरा बाजार में नायब तहसीलदार, पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के अन्य समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आंधी में पेड़ गिरने से दबकर अधेड़ की मौत



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

नगर कोतवाली क्षेत्र में जिला अधिकारी आवास के पास आंधी पानी से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े एक अधेड़ की पेड़ गिरने से दबकर मौत हो गई।

खोडारे थाने क्षेत्र के लक्ष्मी नगर निवासी 50 वर्षीय सिरताज अली पुत्र मकबूल अली बाइक से न्यायालय पर एक मुकदमे की पेशी पर आया था। शनिवार की दोपहर में पेशी से वापस घर जा रहा था। अचानक तेज आंधी और पानी से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा हो गया।

आंधी तेज चलने की वजह से पेड़ भरभरा कर अचानक गिर गया। जिस के नीचे दब गया। आसपास के लोगो और पुलिस की मदद से पेड़ को हटवा उस को बाहर निकाला गया। तब तक उस की मौत हो गई।

## संरक्षित वनों की अवैध कटान संबंधित बात करने पर कंजरवेटर डालते हैं व्हाट्सएप को ब्लैक लिस्ट में

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

शासन प्रशासन के बार बार फरमान के बावजूद भी सादुल्लाह नगर व रेहरा वन क्षेत्र में बगैर परमिट के प्रतिबंधित हरे पेड़ो की कटान धडल्ले से हो रही है। विभाग को सूचना होने के बावजूद भी नहीं होती कार्यवाही।

जनपद गोंडा के वन क्षेत्र सादुल्लाह नगर, वा रेहरा रेंज से जुडा है। जहां प्रतिदिन सैकडो की संख्या में हरे भरे प्रतिबंधित पेडो की अवैध कटान हो रही है। ताजा मामला सादुल्लाह नगर रेंज में शनिवार की सुबह सुबह सेटिंग गेटिंग के बल पर रसूखदार ठेकेदार ने प्रतिबंधित बीस हरे पेड़ काट कर गिरा दिये।इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने डीएफओ ,व रेंजर को फोन करके शिकायत दर्ज करायी। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय वन दरोगा कैलाश नाथ शुक्ल,राम जियावन सिंह,वन रक्षक




मनीष सिंह आदि वन कर्मचारियो ने मौके पर पहुंच कर लकडी से भरी पिकप को अपने कब्जे में लेकर टिकरी रेंज लाकर दाखिल किया है। रेंजर बीके नायक ने बताया कि मौके पर जांच में बीस पेड सागौन बिना परमिट के कटा पाया गया है। इस मामले में वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाई की जा रही है।वही पिकप को सीज किया जा रहा है।तथा वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि महादेवा निवासी सूर्य प्रताप सिंह पुत्र विजय राज सिंह द्वारा वाइक पर जंगल से चोरी में जंगली लकडी काट कर ले जा रहे थे। तभी वन कर्मियों ने घेरा तो वाइक व लकडी छोड कर भाग गये। इस मामले में वन संरक्षण अधिनियम व वाइक सीज की कार्यवाई की गयी है।वहीं वन माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही न होने से इनके हौसले सातवे आसमान पर होते हैं, और वन क्षेत्र रेहरा के पुलिस चौकी दतौली अंतर्गत वन माफियाओ ने एक साथ दर्जनों प्रतिवंधित पेड़ो को अवैध रूप से काट डाला लेकिन कार्यवाही शून्य रही। तथा वन विभाग के मंडलीय अधिकारी कंजरवेटर से जंगलों के अवैध कटान की बात की जाती है तो बात करने वाले का व्हाट्सएप ही ब्लैक लिस्ट कर देते हैं। जिससे कार्रवाई के बजाय वन माफियाओं के हौसले आफजाई होते नजर आ रहे हैं।

## हाई बोल्टेज करंट की चपेट में आकर पुत्र की मौत, पिता सहित दो की हालत गम्भीर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

छपिया थाना क्षेत्र में कपड़ा सुखाने के लिए अर्गन पर डालते समय हाई बोल्टेज करंट उतर आने से पुत्र उस मे चिपक गया। पुत्र को बचाने दौड़े पिता सहित दो लोग घायल हो गए। इलाज के लिए पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छपिया थाना क्षेत्र के सोहिला गांव के निवासी 50 वर्षीय राम भजन यादव पुत्र तुलसी राम यादव शुक्रवार की देर शाम को नहाने के बाद कपड़ा सुखाने के लिए अर्गन पर डाल रहे थे। तभी हाई बोल्टेज करंट के चपेट में आ गए।उन को बचाने के लिए दौड़े पिता तुलसी राम और गुलेस भी उस के चपेट में गए। तीनो को छपिया सी एस सी पर ले गए। चिकित्सक ने राम भजन को देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। तुलसी राम की हालत गम्भीर होने पर



उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।गुलेस का इलाज कराया गया।मृतक राम भजन की पत्नी विमला ने थाने पर तहरीर दिया कि उस के घर के पीछे कटहल का पेड़ लगा हुआ है। उस के ऊपर से एच टी लाइन गई है। कटहल के पेड़ से बंधा हुआ रस्सी का ऑर्गन बंधा हुआ है। कपड़ सुखाने के लिए उस के पति राम भजन ऑर्गन पर डाल रहे थे। तभी करंट उतर आया,जिस से उस के पति की मौत हो गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

## ट्रैक्टर के नीचे दबकर श्रमिक की हुई मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी एक श्रमिक की ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम पंचायत रसूलपुर के पासिन पुरवा गांव निवासी संदीप कुमार (18) पुत्र चूड़ानंद बाबा चौराहा स्थित ईंट भट्ठे पर श्रमिक था। शुक्रवार को वह क्षेत्र में ईंट उतारने गया था। इसके बाद वापस अपने घर आ रहा था। रात 10 बजे के आसपास चित्तौरा चौकी के निकट ट्रैक्टर पर बैठा श्रमिक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। श्रमिक ट्रैक्टर के नीचे दब गया। मौके पर ही संदीप की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना से अवगत कराया गया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर जांच कर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## खबरें

### न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज




**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंजेमऊ निवासी वृद्ध स्वामीनाथ पुत्र जगन्नाथ ने विपक्षीगणो के विरूद्ध एक राय होकर प्रार्थी को लाठी डंडे से मारने पीटने व माँ बहन की भद्दी भद्दी गालियाँ देते हुऐ मड़हे में आग लगा देने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में सीजेएम न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कर्नलगंज में चार लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम कंजेमऊ निवासी स्वामीनाथ पुत्र जगन्नाथ ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह अत्यंत वृद्ध व सीधा साधा व्यक्ति है। विपक्षीगण काफी दबंग बदमाश किस्म के व्यक्ति हैं। विपक्षीगण पुरानी रंजिश को लेकर दिनांक 18/12/2022 को रात्रि लगभग बारह बजे प्रार्थी जब अपने मड़हे में सो रहा था तो सभी विपक्षीगण प्रार्थी के मड़हे के पास आकर आपस में धीरे धीरे बोल रहे थे कि तभी कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनकर प्रार्थी जाग गया और मड़हे से निकलकर विपक्षीगण से मड़हे के पास खड़े होने का कारण पूंछा तो सभी विपक्षीगण एक राय होकर प्रार्थी को लाठी डंडे से मारा पीटा व माँ बहन की भद्दी भद्दी गालियाँ देते हुऐ मड़हे में आग लगा दी। जिसमें प्रार्थी निवास करता था व अपना घरेलू सामान रखता था। जिससे प्रार्थी का 5 बोरा गेंहू लगभग तीन कुंतल, भूसा व अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया और प्रार्थी को काफी चोटें आयी। मड़हे में आग लगने से सभी विपक्षीगण का चेहरा साफ दिखाई पड़ रहा था। विपक्षीगण प्रार्थी को जलते मड़हे में फेंककर जान से मार डालने की धमकी दे रहे थे तभी शोर काफी हो जाने व गांव के तमाम लोगों के आ जाने से विपक्षीगण जान से मारने की धमकी व गाली गुप्ता देते हुऐ चले गए। प्रार्थी ने दूसरे दिन थाने जाकर सूचना दिया व उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। विवश होकर उसने न्यायालय की शरण ली। मामले में सीजेएम न्यायालय के आदेश पर कोतवाली कर्नलगंज में नंदलाल, मयंकर, बसंतलाल,जसवंत के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### युवक ने फांसी लगा कर किया, आत्महत्या



**गोण्डा समृद्धि न्यूज।** मोती गंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मोती गंज थाना क्षेत्र के तिवारी पुरवा मौजा राम पुर निवासी 24वर्षीय अभय राज पुत्र राम सूरत तिवारी ने घर पर छत से रस्सी बांध कर फाँसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। घर के किसी बात को लेकर काफी परेशान रहता था।

# बिजली चोरी की जांच करने गए विद्युत कर्मियों से मारपीट

- जेई का मोबाइल तोड़ा
- उपखंड अधिकारी का पकड़ लिया कालर, युवती समेत तीन पर केस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के फखरपुर कस्बे में बिजली चोरी की जांच करने गए संविदा कर्मियों से लोगों ने मारपीट शुरू कर दी।

वीडियो बनाने से नाराज दबंगों ने अवर अभियंता का मोबाइल तोड़ दिया। उपखंड अधिकारी का कालर पकड़ मारने का प्रयास किया। अवर अभियंता के तहरीर पर युवती समेत तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने



मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फखरपुर थाना क्षेत्र के कस्बे में बिजली चोरी की सूचना अधिकारियों को मिल रही थी। इस पर शुक्रवार शाम को उपखंड अधिकारी सुनील कुमार दुबे, अवर अभियंता विजय तिवारी, संविदा कर्मी विजय गौतम और सतीश मौर्या की टीम कस्बे में जांच के लिए पहुंची। अवर अभियंता विजय तिवारी ने बताया कि फखरपुर कस्बा निवासी आमिर बेग के यहां सभी बिजली चोरी की जांच करने के लिए पहुंचे। इस पर परिवार के लोग उग्र हो गए, दबंगों ने संविदा कर्मी विजय गौतम और सतीश मौर्या की पिटाई कर दी। मारपीट का वीडियो बना रहे अवर अभियंता विजय तिवारी के हाथ से मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। बेच बढ़ाओ करने पहुंचे उपखंड अधिकारी सुनील कुमार दुबे के कलर को पकड़ सभी ने पीटने का प्रयास किया। तभी अवर अभियंता ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पखरपुर की पुलिस पहुंच गई। अवर अभियंता ने आमिर बैग जीतन बेग और जुनैदा बेगम के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि तीनों के विरुद्ध मारपीट करने, धमकी देने और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

## समाधान दिवस पर अचानक पहुंचे डीआईजी

- थाने का किया औचक निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर देवीपाटन मंडल के डीआईजी ने जरवलरोड थाने का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। डीआईजी ने पुलिस को थाना दिवस में आने वाली शिकायतों को समय से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के आदेश देते हुए थाना परिसर का भी निरीक्षण किया।

समाधान दिवस के मौके पर अचानक थाना परिसर पहुंचे डीआईजी ए.पी सिंह ने जरवलरोड थाने का औचक निरीक्षण कर थाना परिसर में उपस्थित फरियादियों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में प्राप्त 12,प्रार्थना पत्र में तीन का मौके पर निस्तारण किया गया है। शिकायती प्रार्थना पत्रों पर पुलिस व राजस्व की टीम गठित की गयी है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम महेश कुमार कैथल, प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह, राजस्व निरीक्षक वाहिद कमाल, चांद बाबू, लेखपाल पंकज कुमार, राम किशुन सहित दर्जनों जिम्मेदार अधिकारी वा कर्मचारी उपस्थित रहे।




### स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** एकलव्य महाविद्यालय झुकिया में ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूर्ण कर चुके छात्र छात्राओं को निशुल्क मोबाइल का वितरण किया गया। समारोह पूर्वक आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी अरुण वीर सिंह रहे। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल ने कहा मोबाइल के जरिए बच्चे घर पर बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं।ऐसे दर्जनों उदाहरण है जिन्होंने मोबाइल के जरिए आईएएस पीसीएस की परीक्षा क्वालीफाई की है बशर्ते मोबाइल का सही सदुपयोग होना चाहिए। सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह,एमएलसी अरुणवीर सिंह, विद्यालय प्रशासक अखंड शाही,ओम प्रकाश अवस्थी,राजन सिंह, प्रमोद कुमार गुप्ता सहित दर्जनों लोगों ने अपने अपने विचार रखें। सर्वप्रथम विद्यालय के छात्र अखिलेश यादव को मोबाइल दिया गया। इस अवसर विनय सिंह,समाजसेवी कमाल अहमद सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


# तेज आंधी के साथ शुरू हुई रिमझिम बारिश


- गर्मी से जिले वासियों को मिली निजात, जल भराव से दुश्वारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में शनिवार दोपहर में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। गर्मी से परेशान जनपदवासियों को निजात मिली। बारिश के चलते सड़कों पर जल भराव भी हो गया। जिले में शनिवार की सुबह तेज धूप से हुई। लोग तेज धूप से अपने को बचाते दिखे।

दोपहर एक बजे से अचानक तेज आंधी चलने लगी। आंधी के दौरान बारिश शुरू हो गई। बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। गर्मी से परेशान लोगों को निजात मिली। रिमझिम शुरू





हुई बारिश आधे घंटे बाद और तेज हो गई। बारिश के चलते शहर की सड़कों पर पानी भर गया। आवागमन करने वाले लोगों को कम दृश्यता के चलते वाहन के लाइट जलाकर चलना पड़ा। घंटाघर और अस्पताल मार्ग पर बारिश के चलते जाम लग गई। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई। तीन दिनों से हो रही बारिश से गन्ना, मक्का, उर्द और के साथ सब्जियों में भिंडी, लौकी, कद्दू, परवल को फायदा होगा। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर विनायक शाही ने बताया कि बारिश फसलों के लिए अच्छा है। अभी और बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं।

## पंजाब के लुधियाना में बहराइच के युवक की हुई मौत



- साथी बता रहे सड़क हादसा, पिता हत्या का लगा रहे आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की लुधियाना में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी है। जरवल रोड थाना क्षेत्र के बसहिया जगत ग्राम पंचायत के मजरा बकचीहा गांव निवासी बबलू (29) पुत्र राम लाल चालक था। वह पंजाब प्रांत के लुधियाना में वाहन चलाने का काम करता था। शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में बबलू की मौत हो गई। इसकी सूचना शुक्रवार सुबह उसके साथियों ने परिवार के लोगों को दी। इससे परिवार के लोग रोने लगे। लुधियाना में मौजूद साथियों ने सड़क हादसे में मौत की बात कही है। जबकि पिता रामलाल का कहना है कि बेटे की लुधियाना में हत्या की गई है। पिता ने मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि अभी तहरीर उनके तक नहीं आई है। तहरीर मिलने पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। अभी शव भी गांव नहीं पहुंचा है।

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की देर रात लखनऊ से वापस घर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिले के कैसरगंज थाना अंतर्गत भौली जलालपुर निवासी 42 वर्षीय राकेश पुत्र गया प्रसाद लखनऊ में भर्ती अपने भाई की पत्नी को देखकर देर रात मोटरसाइकिल से अपने घर आ रहे थे तभी लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाघरा घाट रेलवे स्टेशन के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए तथा मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई है। राहगीर की सूचना पर घाघरा घाट चौकी प्रभारी आदित्य कुमार कांस्टेबल संजीत यादव के साथ मौके पर पहुंचकर तत्काल एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया तथा परिजनों को सूचना दी। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने घायल युवक को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया है।

# नेहरू ने भारी उद्योगों की स्थापना को दिया प्रोत्साहन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन सभागार में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 59वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण करके व पुष्पांजलि करके नेहरू जी के योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ज्ञानू ने कहा कि गांधी जी के विचारों के प्रतिकूल जवाहरलाल नेहरू ने देश में औद्योगीकरण को महत्व देते हुए भारी उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन दिया। विज्ञान के विकास के लिए 1947 ई. में नेहरू ने भारतीय विज्ञान कांग्रेस की स्थापना की। उन्होंने कई बार भारतीय विज्ञान कांग्रेस के अध्यक्ष पद से भाषण दिया। भारत के

- विज्ञान के विकास के लिए भारतीय विज्ञान कांग्रेस की स्थापना की : वक्ता

विभिन्न भागों में स्थापित वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अनेक केंद्र इस क्षेत्र में उनकी दूरदर्शिता के स्पष्ट प्रतीक हैं। खेलों में नेहरू की व्यक्तिगत रुचि थी। उन्होंने खेलों को मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया। एक देश का दूसरे देश से मधुर सम्बन्ध क़ायम करने के लिए 1951 ई. में उन्होंने दिल्ली में प्रथम एशियाई खेलों का आयोजन करवाया। समाजवादी विचारधारा से प्रभावित नेहरू ने भारत में लोकतांत्रिक समाजवाद की स्थापना का लक्ष्य रखा। उन्होंने आर्थिक योजना की आवश्यकता पर बल दिया। वे 1938 ई. में कांग्रेस द्वारा नियोजित राष्ट्रीय योजना समिति के अध्यक्ष भी थे। स्वतंत्रता बाद वे राष्ट्रीय योजना आयोग के प्रधान बने। नेहरू जी ने साम्प्रदायिकता का विरोध करते हुए धर्मनिरपेक्षता पर बल दिया। उनके व्यक्तिगत प्रयास से ही भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने भारत को तत्कालीन विश्व की दो महान् शक्तियों का पिछलग्गू न बनाकर तटस्थता की नीति का पालन किया। नेहरूजी ने निर्गुटता एवं पंचशील जैसे सिद्धान्तों का पालन कर विश्व बन्धुत्व एवं विश्वशांति को प्रोत्साहन दिया। अपने क़ैदी जीवन में जवाहरलाल नेहरू ने डिस्कवरी ऑफ़ इण्डिया, ग्लिम्पसेज ऑफ़ वर्ल्ड हिस्ट्री एवं मेरी कहानी नामक ख्यातिप्राप्त पुस्तकों की रचना की।

# नुक्कड़ नाटक, पद यात्रा और लेखन के द्वारा लोगों को किया जागरूक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नेहरू युवा केंद्र की ओर से कैच द रेन कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गांव के लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। पद यात्रा, जल संवाद और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के द्वारा लोगों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। नेहरू युवा केंद्र बहराइच के तत्वाधान में कैच द रेन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला युवा अधिकारी कोमल के कुशल निर्देश पर कैच द रेन परियोजना अंतर्गत चयनित विकास खंड तेजवापुर, महसी, फखरपुर, चितौरा व पयागपुर के ग्रामों में जल को बचाने व जल को संचय करने की जानकारी व जागरूकता हेतु जल शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ग्रामीण युवाओं को जल जीवन के महत्व, जल को बेकार न करने की जानकारी दी। चयनित ग्रामों में जल शपथ भी कराया गया। इसी कार्यक्रम अंतर्गत दीवार लेखन, ज्ञान प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पदयात्रा, जलसंवाद गोष्ठी आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम प्रभारी एन वाई वी रविशंकर, अनुभव, दीपक, सुनील, अतुल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य जल संचयन व जल संरक्षण जैसे मुख्य बिंदु के बारे में सभी प्रतिभागी युवाओं को जागरूक किया गया।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरला साहू एवं सभासदों ने ली शपथ

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उप जिला अधिकारी ने नगर पंचायत महराजगंज में चौथी बार अध्यक्ष पद के लिए सरला साहू एवं नव निर्वाचित सभासदों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ।

महराजगंज ब्लॉक प्रांगण में भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया लेकिन शपथ ग्रहण समारोह में ग्रहण तब लग गया जब मौसम ने बदली करवट और एकाएक तेज हवाओं के कारण लगा हुआ टेंट धाराशही हो गया और तेज बारिश के कारण पंडाल में बैठे लोगों में अफरा-तफरी मच गई गनीमत यह रही की टेंट गिरने से कोई बड़ा हादसा होने से बच गया। वही आनन-फानन में ब्लॉक सभागार मे शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दिग्गजों ने शामिल होकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभासदों को बधाई दी राज्यमंत्री एवं जिला की प्रभारी प्रतिभा शुक्ला राज्यमंत्री लोकसभा प्रभारी रायबरेली वीरेंद्र तिवारी का चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने फूल मालाओं से लाद कर उनका स्वागत सम्मान किया ।वहीं उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला ने नवनिर्वाचित चेयरमैन सरला साहू एवं सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई शपथ ग्रहण समारोह में दिग्गजों का जमावड़ा लगा रहा ।भारतीय जनता पार्टी के मंत्री से लेकर पूर्व विधायक तक शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरला साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस तरह नगर का पिछले 15 वर्षों से लगातार विकास हो रहा है इसी तरह आगे भी चेयरमैन सरला साहू एवं उनके पति चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा लगातार होता रहेगा भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता को निरंतर लाभ मिलता रहेगा। इस मौके पर ईओ अपर्णा मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामदेव पाल पूर्व विधायक एवं बीजेपी नेता रामलाल अकेला पूर्व विधायक राजाराम त्यागी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं बीजेपी नेता सत्येंद्र प्रताप सिंह शिवगढ़ ब्लाक प्रमुख कुंवर हनुमंत सिंह जिला महामंत्री शरद सिंह जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर एमडी पासी मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा हाजी जिया उल हक शिव कुमार सिंह राजकुमार सिंह पीयूष साहू सौरभ साहू अनवर वहीं भारी मात्रा में अपने लोकप्रिय नेता के शपथ ग्रहण समारोह में महिलाएं भी मौजूद रही।



### भारी बारिश होने के बावजूद भी ब्लॉक सभागार खचाखच लोगों से भरा रहा

भारी बारिश होने के बावजूद भी ब्लॉक सभागार खचाखच लोगों से भरा रहा तिल रखने की भी जगह नहीं थी चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने अपनी पत्नी चेयरमैन सरला साहू को माला पहना कर शुभकामनाएं दी वहीं सरला साहू ने भी प्रभात साहू को अथक परिश्रम के लिए माल्यार्पण कर धन्यवाद ज्ञापित किया यह अनूठा प्रेम देखकर उपस्थित जनसमूह गदगद हो उठा और लगातार तालियां बजती रही।



### चौथी बार अध्यक्ष पद की शोभा बढ़ाएंगे ब्रजेश दत्त गौड़

वर्ष 2023 निकाय चुनाव के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ नगर अध्यक्ष पद व गोपनीयता की शपथ लेते ही नया कीर्तिमान स्थापित कर देंगे लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर लगातार किसी भी प्रत्याशी को बीते तीस वर्षों के मध्य किसी को जनता ने जनादेश नही दोहराया इससे साथ ही वार्ड शेरन्दाजपुर के सभासद विनोद निषाद भी अपने चौथे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करते ही नया कीर्तिमान स्थापित कर देंगे इससे पूर्व लगातार चौथी बार किसी भी सभासद को जनादेश नही मिला।

# वार्षिक रिटर्न केवल ऑनलाइन दाखिल किये जायेंगे, व्यक्तिगत रूप से नहीं होंगे स्वीकार

▸ वार्षिक रिटर्न विलम्ब 31 मई 2023 के पश्चात् से दाखिल किये जाने की स्थिति में प्रतिदिन रु. 100 विलम्ब शुल्क आनलाइन देय होगा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आदेशानुसार जनपद रायबरेली के समस्त निर्माण प्रतिष्ठानों के प्रोपराइटर/डायरेक्टर/नामिनी को निर्देशित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 का वार्षिक रिटर्न ( प्रारूप-डी 1) 31 मई 2023 के पूर्व (राईस मिलर, आटा मिलर, नमकीन, कचरी, बेवरेज, पेयजल पैकेजिंग व अन्य) रिलेबर, रिपैकर, निर्यातक श्रेणी के प्रतिष्ठान आच्छादित होगें। ऑनलाइन वार्षिक रिटर्न दाखिल करना अपेक्षित है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रायबरेली के सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय जानकारी देते हुए बताया है कि वार्षिक रिटर्न केवल आनलाइन वेबसाइट foscos.fssai.gov.in पर दाखिल किये जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अलग-अलग प्रतिष्ठानों के लिये अलग-अलग रिटर्न दाखिल किया जायेगा। वार्षिक रिटर्न ईमेल, व्यक्तिगत रूप से स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

वार्षिक रिटर्न विलम्ब 31 मई 2023 के पश्चात् से दाखिल किये जाने की स्थिति में प्रतिदिन रुपये 100 विलम्ब शुल्क आनलाइन देय होगा। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के अधिकतम विलम्ब शुल्क वार्षिक लाइसेंस शुल्क का 5 गुना देय होगा। वार्षिक रिटर्न दाखिल किये बिना लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हो सकेगा।

हेल्पलाइन नम्बर कॉल 18001121100 एवं ई-मेल helpdesk.foscos.fssai.gov.in

## खबरें एक नजर में

### पत्रकारिता दिवस के रूप में बाबू बालेश्वर लाल की 36 वीं पुण्यतिथि मनाई गई




**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लालगंज नगर के प्रताप पैलेस में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय श्री बाबू बालेश्वर लाल जी की 36 वी पुण्यतिथि पत्रकारिता दिवस के रूप में मना कर, गोष्ठी का आयोजन व पत्रकार भाइओ सहित समाज सेवियो को सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर पूर्व हिंदी विभाग अध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.ओपी सिंह, सेवानिवृत्त हिंदी विषय के प्रोफेसर डॉ 0 बीएन विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त भूगोल विषय के प्रोफ़ेसर डॉ0 ?म0डी0 सिंह ने पत्रकारिता के विषय में सभी ने विचार व्यक्त किए और बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन अपने आप में एक बहुत पुराना संगठन है, जो शासन द्वारा संरक्षित है और इतने सारे लोग जुड़े हुए हैं यह संगठन अपने आप में एक अद्वितीय संगठन है विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ पत्रकार शेर बहादुर सिंह ने कहा कि पत्रकार ग्रामीण अंचलों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करता है और लोगों को उनकी समस्याओं से निजात दिलाता है, विशिष्ट अतिथि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पदाधिकारी डॉक्टर अशोक त्रिवेदी व रामचंद्र मिश्रा ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक के बारे में अपने विचार व्यक्त करके कहा कि बाबू बालेश्वर लाल जी की देन हम लोगों को सच्चे अर्थों में पत्रकारिता सिखाती है, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के बारे में बताया कि इसके बिना हम सभी अधूरे हैं जन जन तक सूचनाओं का आदान-प्रदान मीडिया के माध्यम से ही होता है, इस अवसर पर जिला संरक्षक एवं जिला प्रवक्ता उमेश श्रीवास्तव और धर्मेंद्र पांडेने ग्रा0प0ऐ0 के उत्तर प्रदेश में संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी के जीवन परिचय से पत्रकारिता तक के सफर को अवगत कराया, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष लालगंज राहुल सिंह भदोरिया संरक्षक ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने संगठन के सभी पत्रकार बंधुओं को पत्रकारिता के महत्व को दर्शाते हुए संगठन के बढ़ते हुए क्रम की सराहना की और सक्रिय पत्रकारिता के बारे में सभी को बताया।

### युवक का संदिग्ध परिस्थितियो में फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली पुरवा अन्तर्गत कस्बा के मोहल्ला चंदीगढ़ी निवासी सुष्मित (22) पुत्र मुनेश्वर का शव शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में घर की छत पर जीने के दरवाजे की कुंडी में चादर के सहारे लटका मिला। कई बार आवाज देने पर सुष्मित के न बोलने पर छत पर गए पिता ने बेटे का शव देखा तो उसकी चीख सी निकल गई। परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। शनिवार सुबह पुरवा कस्बा के मोहल्ला चंदीगढ़ी निवासी एलएलबी छात्र व भाजपा से पूर्व सभासद प्रत्याशी सुष्मित लोधी का शव उसके घर की छत पर जीने के दरवाजे की कुंडी से चादर के सहारे लटका मिला। मृतक की मां सुमन ने बेटे की हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजदिया है। पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है। मृतक की मां सुमन ने बताया कि शुक्रवार की रात बेटा सुष्मित करीब 9 बजे घर से खाना खाकर अपने दोस्त से मिलने गया था। उसके बाद रात 10 बजे लौटा और छत पर सोने के लिए चला गया था। सुबह काफी देर होने पर भी जब वह नीचे नहीं उतरा तो उसे आवाज दी गई। जवाब न मिलने पर उसे फोन किया गया फोन नहीं उठा और वह नीचे भी नहीं आया। पिता ने छत पर जाकर देखा तो उसका शव चादर से जीने की कुंडी में लटका था। मां ने बेटे की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। घटना से पिता मुनेश्वर, मां सुमन, बड़ी बहन बिल्लेश्वरी, छोटी बहन आसिनी, भाई कन्हैया, दादी कौशिल्या, बाबा बिल्लेश्वर का रो-रोकर बेहाल थे। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शव पीएम के लिए भेजा है। रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### हाईवे पार कर रहे सिक्योरिटी गार्ड को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर उन्नाव-लखनऊ बाईपास पर स्टेडियम के समीप अज्ञात वाहन ने एक युवक को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिए तमाम मशक्कत की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। मोर्चरी में मृतक के बेटे ने शव की पहचान की। रायबरेली जनपद के सादुल्लापुर थाना खीरों निवासी विनोद त्रिवेदी (45) पुत्र हरिशंकर त्रिवेदी हालपता कोयला वाली गली थाना दही सिक्योरिटी गार्ड की वर्दी पहने था। शनिवार को सुबह वह लखनऊ बाईपास पर स्थित स्टेडियम के सामने हाईवे की सड़क पार कर रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिए तमाम मशक्कत की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। मोर्चरी में मृतक के बेटे ऋषभ त्रिवेदी ने शव की पहचान अपने पिता के रूप में की।

# सई में मछली का शिकार कर रहे युवक की डूबकर मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को सई नदी में मछली मारने के दौरान युवक उसी में डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे छोटे भाई ने शव बाहर निकवाया और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मौरावां थाना क्षेत्र के तिसंधा गांव निवासी मुकेश कुमार (25) भाईयों के साथ कन्या कुमारी में बोट से मछली मारने का काम करता था। वहां काम बंद होने के बाद पांच मई को भाईयों के साथ घर आ गया था। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे वह सई नदी में मछली मारने की बात कहकर निकला था। उसके बाद शाम करीब 3.30 बजे छोटे भाई संतोष को सूचना मिली कि उसका बड़ा भाई नदी में डूब गया है। वह परिजनों के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। मृतक पांच भाईयों में दूसरे नंबर का था। बेटे की मौत से मां ज्ञानवती और अन्य परिजन बेहाल हैं। युवक का अभी विवाह नहीं हुआ था। थानाध्यक्ष अमरनाथ सिंह ने बताया कि सई नदी में मछली मारने के दौरान डूबने से युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लाईव शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन



▸ मिशन लाईफ गतिविधियों के लिए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति कर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक जनपद में करें आयोजित : सीडीओ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने शासन के निर्देशानुसार वन विभाग, पर्यटन, माध्यमिक/उच्च शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, खाद्य एवं रसद, पंचायती राज, नगर विकास, नेहरू युवा केन्द्र, आवास विकास परिषद, कृषि, उद्यान, गृह विभाग, महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों को 05 जून, 2023 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर तक विभिन्न गतिविधियों एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किये जाने हेतु विभागवार कार्यक्रमों के लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देशित किया है कि प्रत्येक विभाग मिशन लाईफ के अन्तर्गत कार्यक्रमों को तत्काल प्रभाव से आयोजित करेंगे तथा गतिविधियों की सूची के अनुसार समस्त विभाग मिशन लाईफ जागरूकता कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन करने के उपरान्त कार्यक्रमों की जियो टैग, फोटो व वीडियो पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा बनाये गये माई लाईफ पोर्टल पर अपलोड करेंगे। सम्बन्धित पोर्टल पर लॉगइन तथा अपलोड करने हेतु मैनुअल प्रभागीय निदेशक, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग, रायबरेली से प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि 05 जून, 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक व्यापक लाईफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें समस्त ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं सदस्यगण तथा नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं सभासद व अधिकाधिक संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ ऑनलाइन कार्यक्रम में पूर्वान्ह 10:00 बजे प्रतिभाग करना सुनिश्चित किया जायेगा। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम एवं नगर निकायों में लाइफ गतिविधियों में परिसरों में स्वच्छता कार्यक्रम/प्लॉग रन, अमृत सरोवरों/ तालाबों की सफाई, ठोस/द्रव अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मिशन लाईफ गतिविधियों हेतु निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सम्बन्धित विभाग के विभागाध्यक्ष/नोडल अधिकारी त्वरित कार्यवाही करते हुए शासन के निर्देशानुसार मिशन लाईफ की गतिविधियों से सम्बन्धित विवरण के अनुसार गतिविधियों का आयोजन प्रतिदिन करने के उपरान्त पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

# जिलाधिकारी ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

▸ गौशाला का भी किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने आज डीह ब्लाक के ग्राम पंचायत बिरनावा के मिनी सचिवालय में चौपाल लगाकर जन समस्याओं की सुनवाई की और सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर नियमित रूप से जन सुनवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी को स्थानीय सीताराम पुत्र भिलई ने वरासत सम्बंधी अपनी समस्या से अवगत कराया, जिलाधिकारी ने सम्बंधित लेखपाल को शीघ्र ही इस इसके निस्तारण के निर्देश दिए। इसी प्रकार राम प्रताप पुत्र श्रीपाल, चंद्रकला पत्नी श्री रामदास ने जमीन नपाई के प्रकरण से जिलाधिकारी को अवगत कराया तो उन्होंने भूमि की पैमाइश के कार्य को शीघ्र करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने आर आर सी सेंटर, कूड़ा निस्तारण व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने बिरनावा ग्राम पंचायत में अस्थायी गौशाला का भी निरीक्षण किया और वहां पर हरा चारा एवम भूसा की उचित एवं पर्याप्त व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने गौशाला के आस पास वृक्षारोपण करने के भी निर्देश देने के साथ ही स्वयं भी मिनी सचिवालय में पौधारोपण किया। उन्होंने बिजली विभाग से सम्बंधित अधिकारी को गौशाला और उसके आस पास समुचित प्रकाश की व्यवस्था के भी निर्देश दिए। ग्राम वासियों से बात करने के उपरांत जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने सम्बंधित बीसी सखी को निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के कार्य में तेजी लाएं और हर घर से आयुष्मान कार्ड बनवाने का प्रयास करें। ग्राम वासियों से बातचीत के बाद जिलाधिकारी ने बकुलिहा ड्रेन की सफाई के निर्देश दिए कि मंगलवार से इसका कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम में निर्मित होने वाले अमृत सरोवर का भी इस मौके पर निरीक्षण किया और सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए।



### गोला दगा रहे युवक के हाथ में फटा बम हालत गंभीर

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** हाथ में फटा गोला युवक की हालत गंभीर जिला रेफर साले की बारात वापस लौटे पर ससुराल में गोला दगा रहे बहनोई के हाथ में गोला फट गया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई आनन फानन रिश्तेदारों ने उसे महराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला रेफर कर दिया। क्षेत्र के रीवा गांव निवासी दिलीप पुत्र मातादीन की बारात विदाई के बाद जब वह अपने घर पहुंचा तभी उसके बहनोई चंदू निवासी सिरसोई मंजरे राजा कंशपुर बम हाथ में लेकर दगाने लगे लेकिन बम हाथ में ही फट गया और चंदू गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र महराजगंज लाया गया जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला रेफर कर दिया।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ पाकर लाभार्थी हुए गद गद, मिला नया जीवन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना द्वारा कई ऐसे लोगों को लाभान्वित किया गया है जिनके लिए कोरोना काल में जीवन बेहद कठिन हो गया था। उन्होंने बताया कि रायबरेली शहर के नीरज कुमार यादव ऐसे ही व्यक्ति है। वह चन्दापुर कोठी स्थान के रहने वाले हैं, उनके परिवार में पांच लोग है। उन्होंने बताया कि पहले वह छोटे स्तर स्तर चाट का ठेला लगाने का काम करता था। लॉकडाउन के कारण उनके परिवार को जीविकोपार्जन में कठिनाई आ रही थी। फिर जब उन्हें वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के बारे में पता चला, तो उन्होंने इसके लिए




सम्पर्क किया और 10000 रुपये का ऋण लेकर चाट का ठेला पुनः लगाना शुरू किया। काम चल पड़ा और धीरे-धीरे मेहनत करके 10000 रुपये का ऋण बैंक को अदा भी कर दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि अन्य कई लाभार्थियों की तरह नीरज को भी ऋण अदा कर देने के उपरांत पुनः नगर पालिका परिषद रायबरेली एवं बैंक द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 20000 रुपये के लोन हेतु बुलाया गया, जिसे प्राप्त कर यादव चाट कार्नर के नाम से नया ठेला बनवाकर लगाया। इस नए ठेले पर ज्यादा ग्राहक आने लगे, जिससे नीरज की आमदनी 200 रुपये से बढ़कर लगभग 600 रुपये प्रतिदिन की होने लगी है। अब नीरज यादव के परिवार के खर्चे आसानी से चलने लगे हैं। नीरज ने धीरे-धीरे 20000 रुपये के ऋण की भी अदायगी कर दी है। इसके बाद बैंक द्वारा पुनः 50000 रुपये का ऋण दे दिया गया और बैंक द्वारा क्यू आर कोड भी दिया गया है, जिससे ग्राहकों मुझे भुगतान करने के लिये आसानी हो गयी है। साथ ही डिजिटली लेन-देन करने के कारण कैशबैक भी वापस प्राप्त होता है।

# श्वेता मिश्रा ने ली उन्नाव नगर पालिका अध्यक्ष पद की शपथ

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

शहर के अरोड़ा रिसार्ट में उन्नाव नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती श्वेता मिश्रा ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और भाजपा सांसद साक्षी महाराज मौजूद रहे। पालिका अध्यक्ष पद की शपथ लेते हुए श्वेता मिश्रा ने विकास को प्राथमिकता बताया।

शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में एक और इंजन लगने से विकास को और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाने के उपरान्त नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी और नगरवासियो की उम्मीदो पर खरा उतरने की सलाह दी। इस दौरान सांसद साक्षी महाराज ने नये संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर हो रही बहस पर पलटवार करते हुए कहा कि निमंत्रण सबको है। लोकसभा अध्यक्ष उद्घाटन किससे करायेंगे, यह उनके विवेक पर निर्भर करता है।

लोकसभा अध्यक्ष संसद भवन का किसी भी छोटे आदमी से उद्घाटन करा सकते है। यहां लोकसभा अध्यक्ष का विवेक है। वहां पर प्रधानमंत्री, ग्रहमंत्री बैठे हैं। किसी छोटे को बोलने के लिए खड़ा कर देंगे। यह उनके विवेक पर निर्भर करता है। ससंद भवन लोकसभा अध्यक्ष के इशारे पर चलता है। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद अवस्थी, शिक्षक एमएलसी राजबहादुर चंदेल, सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष भानू मिश्रा, भाजपा युवा नेता रामबोध शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह, एसडीएम सदर अंकित शुक्ला, सीओ नगर आशुतोष, शहर कोतवाल राजेश पाठक आदि मौजूद रहे।




### अफरा-तफरी के बीच नई नगर पंचायत में अध्यक्ष ने ली शपथ




अचलगंज नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को अफ्रा-तफ्री के बीच लोहचा के निर्माणाधीन नगर पंचायत परिसर में सम्पन्न हुआ। नीचे पड़ी कुर्सियों में बैठने की व्यवस्था से नाराज सभासद समारोह के दौरान खड़े रहे। अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट आत्मस्वरूप श्रीवास्तव ने अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा को पद एवं कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इसके बाद निर्वाचित पन्द्रह सभासदों गुड़िया, राजू, जितेंद्र कुमार, विनोद कुमार, अनुभव गुप्ता, सच्चिदानन्द, मयंक यादव, आशा कुशवाहा, सहाबुद्दीन, आजाद खान, कुलदीप, अनीता निगम, आरती देवी, प्रियंका, वकील भाई को भी शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रेम सिंह चंदेल ने सभी निर्वाचित अध्यक्ष व सभासदों को शुभकामनाये दी। ईओ अंकिता देवी, आचार्य बुद्धि शर्मा बाजपेई, रामऔतार कुशवाहा, पुत्तन दीक्षित, राजीव वर्मा, भगवानदीन लोधी, पंकज वर्मा, राजन शुक्ल, विक्की गुप्ता, सीताराम तिवारी रहे।

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों का शपथ ग्रहण सम्पन्न



बीघापुर नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह नगर पँचायत कार्यालय के निकट सब्जी मंडी परिसर में सम्पन्न हुआ। उपजिलाधिकारी बीघापुर रणविजय सिंह ने सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील कुमार (बाकुश) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उसके बाद निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ। इससे पूर्व विधिक कार्यवाहियों को पूर्ण करते हुए नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी अंकिता पटेल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों व समारोह में आमंत्रित उपस्थित अधिकारीगणों का बुके देकर स्वागत किया। समारोह को प्रमोद कुमार बाजपेयी ने सम्बोधित करते हुए सभी नवनिर्वाचित सदस्यों व अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करेंगे ऐसा हमें विश्वास है। सुधीर बाजपेयी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पारदर्शी कार्य बिना भेदभाव के साथ कार्य किया जाएगा। समारोह को बैजनाथ सिंह, योगेश बाजपेयी, मुन्ना सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। समारोह में क्षेत्राधिकारी बीघापुर विजय आनंद सहित तहसील व कोतवाली का प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। साथ ही नगर व क्षेत्र के भारी सँख्या में लोग मौजूद रहे।

# आंधी-तूफान के बीच कौमुदी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका गंगाघाट के अंतर्गत सप्रू मैदान में शनिवार को आंधी तूफान बारिश में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में नगर की जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एसडीएम अजीत जयसवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्षा व सभासदों को शपथ दिलाई।

शपथ के बाद कौमुदी पांडे ने कहा कि जनता ने उन्हें जाति धर्म संप्रदाय आर्थिक स्थिति से उठकर उन्हें नगर विकास के लिए चुना है चुनाव के दौरान 1 लाख 30 हजार मतदाताओं ने उन्हें चुनकर भेजा है उनके प्राथमिकता पालिका को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के साथ ही नगर पालिका में पिछले पंचवर्षीय योजना में जोड़े गए नए वार्ड में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ है वहां के निवासी नाली खरंजा पीने के पानी तथा अंधेरे में जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। थोड़ी सी बरसात में जगह जगह पानी भर जाने से उन्हें परेशानी होती है। पद संभालने के बाद प्रथम कार्य नगर के विकास को गति देना है। नगरवासियों की तमाम समस्या व परेशानी को हल करना उनका कर्तव्य व कार्य उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिस उम्मीद से जनता ने उन्हें चुनकर पालिका की कुर्सी तक पहुंचाया, वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से इस जिम्मेदारी को निभाएंगी।

इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा, पालिका अध्यक्षा के प्रतिनिधि संदीप पांडे तथा समस्त 28 वार्ड के सभासद अनीता सिंह, उर्मिला देवी, पूनम भारती, रीना यादव, मीना कुमारी, रोहित कटिहार, मनोरमा, साजिया बानो, साधना निषाद, सूरज साहू, अखिलेश निषाद, संजय जयसवाल, विशाल त्रिपाठी, फुरकान, अभिषेक त्रिवेदी, नंद कुमार मिश्रा, नीलम सिंह, अतुल कुमार अग्निहोत्री, शमानाज, चंद्रपाल, छेदी निषाद, योगेश मिश्रा, फैयाज हुसैन, विकास राजपूत, अशोक सविता, प्रत्यय गुप्ता, सरिता, अभिषेक शुक्ला सहित नगर पालिका के समस्त बाबू व कर्मचारी मौजूद रहे।

# दूध के दंश

हाल के महीनों में कई बार दूध की कीमतों में वृद्धि जहां आम आदमी का बजट बढ़ाने वाली साबित हुई है, वहीं देश के खाद्य पदार्थों के भाव में वृद्धि से सरकार के महंगाई कम करने के प्रयास भी बाधित हुए हैं। यह विडंबना ही है कि दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश भारत अपने नागरिकों की दूध की मांग पूरी करने में मुश्किल महसूस कर रहा है। कोरोना काल में दूध आपूर्ति बाधित होने से उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ा। वहीं सरकारी आंकड़ों के अनुसार लंपी के चलते दो लाख से अधिक गौधन की क्षति हुई। स्वतंत्र पर्यवेक्षक इसकी संख्या कहीं ज्यादा बताते हैं। बहरहाल, इन आपदाओं से हुई क्षति की वजह से दूध उत्पादन में गिरावट आना स्वाभाविक था। जिसके चलते दूध उत्पादों के आयात के कयास लगाये जा रहे हैं। हालांकि, यदि बाहर से सस्ता दूध आता है तो कीमत युद्ध से देश के दुग्ध उत्पादकों का संरक्षण करना भी एक चुनौती होगा। उल्लेखनीय है कि दुनिया का चौबीस फीसदी दूध उत्पादन भारत में होता है। बीते साल 22 करोड़ टन से अधिक दूध उत्पादन के आंकड़े हैं। लेकिन उसी अनुपात में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश में दूध की मांग में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि आठ से दस फीसदी बतायी जा रही है। कोरोना काल व बाद में लंपी के चलते दूध उत्पादन में जो गिरावट आई है, उससे इस साल कुल उत्पादन में गिरावट या स्थिर रहने के आसार हैं। तभी डेयरी उत्पाद मसलन मक्खन व घी के आयात की बात कही जा रही है। वहीं इस परिस्थितिजन्य संकट के अलावा राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये दूध के मुद्दे पर भी अब खूब सियासत होने लगी है। कर्नाटक चुनाव से पहले दो दुग्ध उत्पादक ब्रांड्स को लेकर जमकर राजनीति हुई। अब यह मुद्दा तमिलनाडु में जा पहुंचा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि आविन के मिल्क शेड क्षेत्र में अमूल की दूध खरीद पर रोक लगायी जाये।

उल्लेखनीय है कर्नाटक चुनाव में अमूल की एंट्री को लेकर जमकर राजनीति हुई थी। कांग्रेस व जेडीएस ने यहां तक आरोप लगाया था कि गुजरात से आने वाला अमूल लोकल ब्रांड नंदिनी को खत्म करने की साजिश कर रहा है। यहां तक कि एक होटल संगठन ने बाकायदा अमूल उत्पादों के बहिष्कार की घोषणा की। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क फेडरेशन अपने ब्रांड अमूल के व्यवस्थित कारोबार के लिये जाना जाता है। जिसके चलते सहकारी दुग्ध उत्पादकों के जीवन में खासा सकारात्मक बदलाव भी आया है। वहीं ब्रांड चुनने की उपभोक्ता को आजादी है और इसके लिये बेहतर प्रबंधन भी एक शर्त है। एक पहलू यह भी है कि देश में पशुओं के चारे के दाम में खासी तेजी आई है और दुग्ध उत्पादकों का मुनाफा कम हुआ है। जिसके चलते हरियाणा समेत कई राज्यों में पशुपालक इस व्यवसाय से अपना हाथ खींच रहे हैं। यही वजह है कि मांग व आपूर्ति में असंतुलन से इसकी कीमतों में उछाल आ रहा है। कोरोना व लंपी के बाद जहां उत्पादन गिरा, वहीं मांग तेजी से बढ़ी है। हालांकि, विदेशों से दूध का आयात लाभकारी नहीं हो सकता है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें मजबूत बनी हुई हैं। बेहतर होगा कि सरकार भी सहकारी क्षेत्र के दूध उत्पादन के आंकड़ों के साथ ही निजी व असंगठित क्षेत्र के उत्पादन का भी मूल्यांकन करे, ताकि देश की जरूरतों का न्यायसंगत मूल्यांकन हो सके। वहीं दूसरी ओर सरकार को चारे की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि का भी नियमन करके दूध उत्पादकों को राहत देने प्रयास करना चाहिए। कोशिश हो कि चारे की फसल के रकबे में भी वृद्धि की जाये। साथ ही डेयरी क्षेत्र के सालाना उत्पादन व मांग में संतुलन स्थापित करने के भी गंभीर प्रयास हों। यदि दुग्ध उत्पादक किसानों की दशा सुधरेगी तो उत्पादन में सुधार निश्चित रूप से महसूस किया जायेगा। सरकार को ध्यान रहे कि देश की एक बड़ी शाकाहारी आबादी के स्वास्थ्य के लिये दूध कैल्शियम, विटामिन और प्रोटीन का एक प्रमुख स्रोत भी है।

# चीता प्रोजैक्ट पर सवाल



आदित्य नारायण चोपड़ा

**चीतों को धरती पर सबसे तेज रफ्तार जानवर माना जाता है। महज 3 सैकंड के अन्दर ये जीरो से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकते हैं। चीते विशाल इलाके में रहना पसंद करते हैं। एक चीते की औसत रेंज लगभग 100 किलोमीटर होती है। उन्हें बाड़े से छोड़ने पर वे दूर तक निकल जाते हैं। यही वजह है कि मार्च में जब नामीबिया से लाए गए दो चीते आशा और पवन को जंगल में छोड़ा गया था, तब वो नैशनल पार्क से बाहर चले गए थे। बाद में आशा को कूनो के विजयपुर रेंज से पकड़ा गया था। पवन यूपी बार्डर पर शिवपुरी और झांसी के बीच मिला था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो और चीते मारे जाने की आशंका है। चीते निश्चित रूप से अपने क्षेत्र स्थापित करने का प्रयास करते हैं और अपने क्षेत्रों एवं मादा चीतों के लिए एक-दूसरे से लड़ते हैं। इस लड़ाई में चीते मारे जाते हैं। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि अभी तक के इतिहास में बिना बाड़ वाले किसी भी अभयारण्य में चीतों को पुन: बसाए जाने की परियोजना सफल नहीं हुई। बेहतर होगा कि भारत के सभी अभयारण्य के चारों ओर बाड़ लगाई जाए और सिंक रिजर्व भरने के लिए सोर्स रिजर्व बनाए जाएं। चीतों को रखने के लिए तापमान को भी नियंत्रण में रखना जरूरी है। बेहतर यही होगा कि चीतों को किसी और जगह शिफ्ट किया जाए। चीतों की मौत के लिए प्रबंधन में कमी और तालमेल का अभाव जिम्मेदार है। दरअसल चीतों को जहां से लाया गया है वहां के और भारत के क्लाईमेट में बहुत अंतर है। चीतों को भारत के माहौल में ढलने में कई वर्ष लग सकते हैं। चीता प्रोजैक्ट की सफलता के लिए सरकार को अपने एक्शन प्लान पर नए सिरे से विचार करना होगा और चीतों के अनुकूल परिस्थितियां स्थापित करनी होंगी।**

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नैशनल पार्क में लगभग दो माह में 6 चीतों की मौत हो चुकी है। इनमें तीन शावक भी शामिल हैं। 70 साल के लम्बे अंतराल के बाद कूनो में जन्मे 4 शावकों में से तीन की मौत काफी दुखद है। कूनो में विदेश से लाए गए 20 चीतों में से केवल 17 और यहां जन्म लिए चार शावकों में से केवल एक शावक ही जीवित बचा है। भारत में चीतों को बसाने के लिए मोदी सरकार महत्वाकांक्षी योजना चला रही है। जब नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से चीते लाए गए थे तो उनका भव्य स्वागत किया गया था। वन्य प्राणियों और मानव तथा प्रकृति का आपस में गहरा संबंध है। ज्यों-ज्यों सभ्यता का विकास होता गया, मनुष्य ने जंगल काट-काट कर कंकरीट की इमारतें खड़ी कर दीं, तब से ही पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया। वन्य प्राणियों के लिए सुरक्षित स्थल बचे ही नहीं। तभी वन्य प्राणी आजकल शहरों की सड़कों पर भी दिखाई देने लगे हैं। मनुष्य ने वन्य प्राणियों के अस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया है। इसके बाद सरकार ने विदेश से चीते लाने की कवायद शुरू की थी। एक के बाद एक चीतों के मारे जाने से पूरे चीते प्रोजैक्ट पर ही प्रश्नचिन्ह लग गए हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी चीतों की मौत पर चिंता जताते हुए तीखे सवाल किए हैं। हालांकि मैडिकल विशेषज्ञों का कहना है कि भीषण गर्मी की वजह से इन चीतों की मौत हुई है। क्योंकि श्योपुर में कई दिन से पारा 47 डिग्री तक पहुंच चुका था।





लेकिन विशेषज्ञ कुछ और ही कह रहे हैं। सवाल उठाया जा रहा है कि क्या सरकार ने चीतों को लाने में जल्दबाजी कर दी? क्या उन्हें लाने से पहले उनके लिए अनुकूल वातावरण नहीं बनाया गया? क्या उनकी देखरेख में लापरवाही बरती जा रही है? विशेषज्ञ कह रहे हैं कि कूनो नैशनल पार्क इतनी संख्या में चीतों को रखने के लिए पर्याप्त नहीं है। चीता इकलौता ऐसा बड़ा नरभक्षी प्राणी बताया जाता है, जो भारत से पूरी तरह विलुप्त हो गया था। इससे पहले सैकड़ों वर्षों तक चीते भारत में शाही शानोशौकत का हिस्सा रहे थे। चीतों को पालतू बनाना आसान होता है। ये टाइगर की तरह खतरनाक भी नहीं होते। इसलिए राजे-रजवाड़े अपनी शान बखारने और शिकार के लिए इनका इस्तेमाल किया करते थे। भारत में चीतों के शिकार का आखिरी रिकार्ड 1948 में मध्य प्रदेश में दर्ज हुआ था। माना जाता है कि कोरिया रियासत के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह देव ने जिन तीन चीतों का शिकार किया था, वो आखिरी थे। उसके बाद साल 1952 में भारत सरकार ने चीतों को विलुप्त घोषित कर दिया था। इसकी मुख्य वजह अत्यधिक शिकार और उनके रिहाइश में कमी बताई जाती है।

चीतों को धरती पर सबसे तेज रफ्तार जानवर माना जाता है। महज 3 सैकंड के अन्दर ये जीरो से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकते हैं। चीते विशाल इलाके में रहना पसंद करते हैं। एक चीते की औसत रेंज लगभग 100 किलोमीटर होती है। उन्हें बाड़े से छोड़ने पर वे दूर तक निकल जाते हैं। यही वजह है कि मार्च में जब नामीबिया से लाए गए दो चीते आशा और पवन को जंगल में छोड़ा गया था, तब वो नैशनल पार्क से बाहर चले गए थे। बाद में आशा को कूनो के विजयपुर रेंज से पकड़ा गया था। पवन यूपी बार्डर पर शिवपुरी और झांसी के बीच मिला था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो और चीते मारे जाने की आशंका है। चीते निश्चित रूप से अपने क्षेत्र स्थापित करने का प्रयास करते हैं और अपने क्षेत्रों एवं मादा चीतों के लिए एक-दूसरे से लड़ते हैं। इस लड़ाई में चीते मारे जाते हैं। नर चीते मादा से संबंध बनाते हैं। हिंसक हो जाते हैं जिससे जैसा कि मादा चीता दक्षा की मौत हो चुकी है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि अभी तक के इतिहास में बिना बाड़ वाले किसी भी अभयारण्य में चीतों को पुनः बसाए जाने की परियोजना सफल नहीं हुई। बेहतर होगा कि भारत के सभी अभयारण्य के चारों ओर बाड़ लगाई जाए और सिंक रिजर्व भरने के लिए सोर्स रिजर्व बनाए जाएं। सोर्स रिजर्व ऐसे स्थल होते हैं जो किसी विशेष प्रजाति की संख्या वृद्धि और प्रजनन के लिए अनुकूल पर्यावरणीय परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं। चीतों को रखने के लिए तापमान को भी नियंत्रण में रखना जरूरी है। बेहतर यही होगा कि चीतों को किसी और जगह शिफ्ट किया जाए। चीतों की मौत के लिए प्रबंधन में कमी और तालमेल का अभाव जिम्मेदार है। दरअसल चीतों को जहां से लाया गया है वहां के और भारत के क्लाईमेट में बहुत अंतर है। चीतों को भारत के माहौल में ढलने में कई वर्ष लग सकते हैं। चीता प्रोजैक्ट की सफलता के लिए सरकार को अपने एक्शन प्लान पर नए सिरे से विचार करना होगा और चीतों के अनुकूल परिस्थितियां स्थापित करनी होंगी।

विचार

# हरियाणा के 'लाल' मनोहर

कल्याणकारी राज्य शासन की वह संकल्पता है जिसमें राज्य नागरिकों के आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चाणक्य हों या अरस्तु या प्लेटो, इन्होंने भी लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को महत्व दिया है। लोक कल्याणकारी राज्य से तात्पर्य किसी विशेष वर्ग का कल्याण न होकर सम्पूर्ण जनता का कल्याण होता है। लोकतंत्र में सरकारें वही लोकप्रिय होती हैं जो जन कल्याण को समर्पित हों। भ्रष्टाचार मुक्त शासन देना आज के दौर में आसान नहीं है, क्योंकि शासन-प्रशासन में मौजूद 'काली भेड़ें' अपने कारनामें करती रहती हैं। राजनीति काजल की कोठरी के समान है। कहा जाता है कि इससे किसी के वस्त्र उजले नहीं रहते, कालिख लग ही जाती है। अगर इस पैमाने पर हरियाणा की मनोहर लाल खट्टर सरकार को देखा जाए तो उस पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है। अक्सर कहा जाता है कि भ्रष्टाचार के मामलों में छोटी मछलियां फंस जाती हैं लेकिन बड़ी मछलियों को हाथ नहीं लगाया जाता लेकिन खट्टर सरकार के शासन में भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरैंस अपनाते हुए बड़ी मछलियों पर भी हाथ डाला गया और उन्हें जेल का रास्ता दिखाया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने खुद को भ्रष्टाचार के दाग से बचाए रखा और 'काली भेड़ों' को अपने से कहीं दूर रखा। मनोहर लाल खट्टर जब 2014 में हरियाणा के सीएम बने तो अनेक लोगों को यह लगा था कि जाटों के दबदबे वाले राज्य में प्रदेश की कमान एक गैर जाट नेता के हाथ में आई है जिनके पास प्रशासनिक अनुभव नहीं है। जाट आंदोलन और राम रहीम प्रकरण के दौरान उन्हें कमजोर मुख्यमंत्री भी बताया गया, फिर वो हरियाणा में भाजपा को दस लोकसभा सीटें जिताने में सफल रहे और विधानसभा सीट जीतकर दोबारा मुख्यमंत्री भी बने। दरअसल हरियाणा की पिछली सरकारों पर नौकरियां देने में जातिवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगते थे। खुलेआम खर्ची और पर्ची का सिस्टम चल रहा था लेकिन खट्टर सरकार ने बिना खर्ची बिना पर्ची के और प्रतिभा के आधार पर युवाओं को नौकरियां दीं। जिस गांव से भी चार-पांच युवाओं को नौकरियां मिलीं तो पूरे गांव में नई उम्मीदों का संचार हो उठा। पढ़े-लिखे युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया गया। हरियाणा में जबरन वसूली खत्म हुई। सीएम विंडो सिस्टम जैसे कार्यक्रमों की शुरूआत की गई और इसके अलावा मुख्यमंत्री की सादगी और सरल उपलब्धता तमाम ऐसी वजह रही जिसके कारण उन्होंने हरियाणा के लोगों के दिलों में लठ गाड़ दिया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल में हरियाणा में काफी बदलाव हुआ और राज्य की तस्वीर भी बदली है। सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से बेरोजगार युवाओं की असली संख्या का पता लगाया और इन युवाओं को उद्यमी और रोजगार योग्य बनाने की रणनीति पर काम किया। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार का फैसला काफी अहम साबित हुआ। महिलाओं की शिक्षा के लिए 20 किलोमीटर पर महिला विद्यालय खोलने के बाद लगभग चार दर्जन महाविद्यालय शुरू हो चुके हैं। कई सरकारी कॉलेज खोले गए। राज्य में महाविद्यालयों की संख्या 172 हो चुकी है। वहीं कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के सभी सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध हैं। निजी क्षेत्र की नौकरियों में स्थानीय युवाओं के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है।

खेलों के विकास में हरियाणा का कोई मुकाबला नहीं है। सर्वाधिक पदक वीर इसी राज्य से आते हैं। पदक विजेता खिलाड़ियों को देश में सर्वाधिक पुरस्कार राशि हरियाणा में ही मिलती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में खट्टर सरकार के फैसले नई नजीर बने हैं। वर्ष 2014 में राज्य में 7 मैडिकल कालेज थे और एमबीबीएस की सीटें केवल 700 थी। इस सरकार के कार्यकाल के दौरान 6 नए मैडिकल कालेज खोले गए हैं और सीटों की संख्या 1735 हो गई है। अनेक नए नर्सिंग कालेज भी खोले जा रहे हैं। इसके अलावा भी महिलाओं, श्रमिकों के कल्याण, कन्यादान योजना, महिला समृद्धि योजना, श्रमिक चिकित्सा सहायता योजना आदि अनेक योजनाएं जनता के लिए फायदेमंद साबित हुई हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का जनसंवाद कार्यक्रम काफी सफल रहा। हर आपदा में सरकार किसानों के साथ खड़ी दिखाई दे रही है। पूर्व में हरियाणा के तीनों लालों बंसी लाल, भजन लाल और देवी लाल ने लगभग तीन दशकों तक राज्य में शासन किया है। मुझे यह कहने में कोई झिझक महसूस नहीं हो रही ये तीन कभी भी सिद्धांतवादी राजनीति के महान अनुयाई नहीं थे। अब इन लालों के कबीलों की पहले जैसी चमक नहीं रही। इन तीनों लालों के परिवारों के लोग हालांकि विधायक और मंत्री भी हैं लेकिन पुराने जमाने का वैभव नहीं रहा। राज्य में भाजपा के उदय ने जाति आधारित पार्टियों को हाशिये पर धकेल दिया है। वर्तमान में मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा के चौथे लाल साबित हुए हैं।

साहित्य



## बेरोजगारी की जलन...

अनिल मिश्र प्रहरी

नभ पर घटा घनघोर है
तम भी बिछा हर ओर है,
इन झुरमुटों को चीरकर
आता न अब शीतल पवन।
बेरोजगारी की जलन।
शत-शत किताबें क्रय किया
ले ऋण भी अगणित व्यय किया,
अब जीविका की चाह में
कबतक सहूँ पथ पर अगन?
बेरोजगारी की जलन।
घर की जरूरत बढ़ रही
तनुजा शहर में पढ़ रही,
माँ-बाप, बीबी, सब खड़े
कैसे करूँ इनका भरण?
बेरोजगारी की जलन।
दुग्ध बिन बोतल पड़ी
है रुग्ण माँ भूतल खड़ी,
इन परिजनों के दर्द का
कैसे करूँ बढ़कर हरण?
बेरोजगारी की जलन।

झरोखा



कदमों में छाले पड़ गये
जेवर भी गिरवी धर गये,
फैलते उर - ज्वार का
कैसे करूँ डटकर शमन?
बेरोजगारी की जलन।
है तजुर्बा माँगता जग
रुक गया सहसा बढ़ा पग,
पर बिना ही काम के
कैसे करूँ अनुभव वरण?
बेरोजगारी की जलन।
शत ख्वाब थे हमने गढ़े
मदमस्त हो जो पग बढ़े,
उन चाहतों की भीड़ में
होता रहा मन का दहन।
बेरोजगारी की जलन।
जल गये अरमान सारे
हर्ष के सामान सारे,
पर सुलगते स्वप्न कुछ
बन शूल चुभते हैं बदन।
बेरोजगारी की जलन।



# राशिफल

**मेष:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। आलस्य का त्याग करें।

**मिथुन:-** सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छवि बनायें। महत्वपूर्ण प्रयत्न सार्थक होंगे।

**कर्क:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**सिंह:-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन चिंतित होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुविधाओं का त्याग करें।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख व मजाकिया स्वभाव से प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधित दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मकर:-** भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। तामसी व गैर सांस्कारिक कार्य की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**मीन:-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होंगे।

# पाकिस्तान की हकीकत!

पाकिस्तान आज पूरी दुनिया में 'बेनंग-ओ-नाम' मुल्क इस वजह से बना है क्योंकि इसके सियासतदानों ने इस मुल्क की तामीर के वक्त इसका कोई मुस्तकबिल तय नहीं किया। इसके सियासत दां सिर्फ हुकूमत में रहने के लिए 'भारत' के खिलाफ नफरत का जहर उगलते रहे और इस्लामी मुल्क बनने के लिए अपने असली मुल्क 'हिन्दोस्तान' के हिन्दुओं के खिलाफ अपनी अलग कौमियत की धाक जमाते रहे। जरा सोचिये जब आजाद होने पर 1955-56 तक भारत में नई-नई बड़ी संस्थाएं बन रही थीं और शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य व कृषि से लेकर विज्ञान व साहित्य और न्याय तक के क्षेत्रों में नये संस्थान पं. नेहरू स्थापित कर रहे थे तो पाकिस्तान में वहां के राजनीतिज्ञों में हुकूमत पर काबिज होने के लिए जंग मची हुई थी। नेताओं के कत्ल हो रहे थे और पूर्वी पाकिस्तान (आज का बांग्लादेश) में वहां की एसेम्बली के स्पीकर राशिद अली का सिर सदन के भीतर ही माइकों से लहूलुहान किया जा रहा था। उस वक्त तक पाकिस्तान का कोई संविधान भी नहीं था। इधर हिन्द में पं नेहरू बड़े-बड़े उद्योगों का जाल खड़ा कर रहे थे और उधर पाकिस्तान में फौजी मार्शल लॉ लगाने की तैयारी चल रही थी। जिन मुसलमानों के लिए जिन्ना ने भारत में खून की नदियां बहाकर और दस लाख लोगों का कत्ल करके उनकी लाशों पर जिस पाकिस्तान को मुसलमानों के लिए तामीर किया था उसी मुल्क में 1953 में ही मुसलमान ही मुसलमानों का कत्ल कर रहे थे और 'अहमदिया'



मुसलमानों को बता रहे थे कि वे 'मुसलमान' हैं ही नहीं। ये कत्लोगारत इतनी बढ़ी कि पाकिस्तान में पहली बार फौज को सड़कों पर उतर कर इन दंगों को काबू करना पड़ा और फिर 1958 में इसी फौज ने पूरा पाकिस्तान काबू में करके जनरल अयूब को अपना सरपरस्त बना लिया मगर जनरल अयूब खुद एक तरक्की पसन्द नजरिया रखने वाला फौजी था जिसकी वजह से उसने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को ठीक करने के लिए पुख्ता इंतजाम किये और आम अवाम को जहालत से बाहर निकालने के लिए भी कई काम किए। मगर सबसे बड़ा काम यह किया कि उसने अपने मुल्क में कारोबार व उद्योगों की इफरात मुहाल की और तिजारत को बढ़ावा दिया। बेशक यह सारा काम उसने विदेशों की मदद से ही किया मगर 1963-64 तक पाकिस्तान की सकल विकास वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत हो गई थी जो उस वक्त भारत की वृद्धि दर से बहुत ज्यादा थी। मगर जनरल अयूब ने 1965 में अपने पैरों पर कुल्हाड़ी खुद मार ली और कश्मीर के नाम पर भारत से जंग शुरू कर दी जिसमें पाकिस्तान मुंह के बल ऐसा गिरा कि आज तक उठने के लिए तौबा-तौबा करता नजर आ रहा है। इसके बाद से ही पाकिस्तान की उलटी गिनती शुरू हो गई और आज इसकी हालत ऐसी हो गई है कि इसके हाथ में भीख का कटोरा है और कोई इसे भीख देने से बेहतर दुत्कारना ज्यादा मुनासिब समझता है। 1965 के बाद 1971 में पाकिस्तान फिर भारत से जंग के मैदान में उलझा और अपने साबुत वजूद से ही बेदखल हो बैठा। पूर्वी पाकिस्तान को भारत ने बांग्लादेश बना दिया। आज इसके वजीरे आजम शहबाज शरीफ जो सिर पकड़ कर बैठे हुए हैं और अपने से पहले के हुक्मरान इमरान खान के कारनामों का काला चिट्ठा अवाम के सामने रखते हुए खुद ही परेशान हो रहे हैं उसकी वजह एक ही है कि पाकिस्तान की बुनियाद ही बेइमानी और धोखाधड़ी पर पड़ी हुई है। क्या पूरी दुनिया में कभी किसी ने सुना है कि किसी साबिक वजीरे आजम को एक साथ आठ कानूनी मामलों में अदालतों से जमानत मिली हो। मगर इमरान खान तो इसे भी दो चौक्के ही समझ रहा है और शान से अवाम को बताने की जुर्रत कर रहा है कि उसके भड़काये हुए लोगों ने जिस तरह फौजी संस्थानों पर हमले किये उनका सबब पाकिस्तान की हिफाजत करना ही था। पाकिस्तान में फिलहाल हालात ऐसे हैं कि फौज नागरिक प्रशासन से लड़ रही है, अदालतें सियासत दानों से लड़ रही है और खुद बड़ी अदालतें भी एक दूसरे से लड़ रही हैं। एक अदालत इमरान खान को जेल भेजती है तो दूसरी उसे जमानत देने का हुक्म सुना देती है और अवाम 120 रुपए किलो आटा खरीद रही है और 500 रुपए लीटर दूध ला रही है। पाकिस्तान में रुपये की कीमत 300 रुपए बराबर एक डालर हो चुकी है। वहां की सरकार कह रही है कि घड़ी चोर इमरान मुल्क छोड़ कर भाग न जाये इसलिए सभी एयर लाइनों को उसे टिकट देने के लिए मना कर दिया गया है। भारत ने पहले दिन से ही कहा अलग हो गये हो तो अलग होने का सलीका भी सीखो मगर पाकिस्तान ने कभी अक्ल से काम नहीं लिया जिसकी वजह से यह कभी जम्हूरियत का मुहाफिज नहीं बन सका। मगर क्या किया जाये है तो पाकिस्तान भारत का पड़ोसी ही है इसलिए थोड़ी फिक्र अपनी खातिर ही सही करनी पड़ती है, ''जाना पड़ा रकीब के दर पर हजार बार ए काश जानता न तेरी रहदगुजर को मैं।''

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्रामसभा अध्यक्षों की बैठक संपन्न

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड मोहम्मदी के सभागार में ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार वाजपेई की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्रामसभा अध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें अनेकों प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारिण हुए ,बैठक में ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा जिस ग्राम सभा में विकास कार्य अवरुद्ध है वहां की कार्य योजना बना कर दे दे, मेरा उद्देश्य सभी ग्राम सभाओं और क्षेत्र पंचायतों में विकास कार्य को और तेजी से बढ़ाना है ,वही कृषि विभाग के विजयपाल ने मोटे अनाज मे रागी का बीज कृषि विभाग के पास उपलब्ध है कृषक उसका लाभ ले सकते हैं, विकास खंड अधिकारी धर्मेश पांडे ने अपने क्षेत्र पंचायत व ग्राम सभा के सभी से विकास कार्य से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है,आपका सहयोग अपेक्षित है, जिसमे छूटे हुए कार्य स्वीकृत कराए जाएंगे ,जिला पंचायत सदस्य दिलीप सिंह ने कहां कि बैठक में विद्युत, स्वास्थ, शिक्षा सहित अन्य विभागों के अधिकारी बैठक में नदारद रहते हैं यह उचित नहीं है,लोक भारती की ओर से अतुल रस्तोगी ने भी अपने बिचार रखे, बैठक में प्रमुख रूप से एडीओ पंचायत गोविंद कुमार, अवर अभियंता विक्रम सिंह यादव ,गुड्डू गुप्ता, आलोक वर्मा, प्रदीप वर्मा, योगेश सिंह, पंकज मिश्रा, समोद सिंह, राजीव बाजपेई सहित भारी संख्या में क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम सभा अध्यक्ष मौजूद रहे, बैठक का संचालन सूरज मिश्रा ने किया वही क्षेत्र पंचायत सदस्य अतुल बाजपेई ने आए हुए सभी अतिथियों सहित मीडिया बंधुओं का पुष्प कुछ देकर सम्मान किया,अन्त मे बिकास कार्य से जुडे पत्थरो का लोकार्पण भी ब्लॉक प्रमुख विकास खंड अधिकारी द्वारा किया गया।

## नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा ने ईओ और कर्मचारियों के साथ की बैठक



नगर पालिका की नयी सरकार ने काम काज के पहले दिन जल निकासी साफ,सफाई, लोगों की जिम्मेदारी के साथ शिकायतों का तुरत निस्तारण करने को प्रस्ताव और निर्देश दिए। जलनिकासी को पूरे शहर के नालों का नक्शा बना कर आपस में जोड़ना,नाला सफाई,सफाई कर्मियों को आईडी कार्ड,मोहल्ले में कूड़ा उठान के बाद कूड़ा फेकने पर जुर्माना लगेगा। इसका चालान सफाई इस्पेक्टर करेंगे। जलभराव को निकालने के लिए 18 पंपिग सेट इनमें 13 ठीक है पांच दो दिन में रिपेयरिंग होगे। सभी सफाई नायक सभासदों को सीयूजी नंबर दिया जा रहा है। यह 24 घंटे ऑन रहेगा। शहर के सदर चौराहे से संकटादेवी चौराहे तक आदर्श रोड बनेगी। इसमें डिवाइडर, जलनिकासी, प्रकाश के लिए खूबसूरत स्ट्रीट की भी बेहतर सुविधा रहेगी।

# पल्स पोलियो अभियान का हुआ आगाज




- निकाली गई जन जागरूकता रैली
- जन जागरूकता रैली को सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, सीएमओ भी रहे मौजूद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को सीएमओ ऑफिस प्रांगण से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सीडीओ अनिल सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर जन जागरूकता रैली को रवाना किया गया। उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में सीडीओ अनिल सिंह ने बताया कि जनपद स्तरीय टास्क फोर्स बैठक 18 मई तहसील स्तरीय व ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स बैठक सम्पन्न हुई थी। जिसमें पल्स पोलियो अभियान से सम्बंधित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ट्रेनिंग पूर्ण कर ली गयी है। अधिकतर ब्लाक की पोलियो कार्ययोजन प्राप्त हो चुकी है। पोलियों की वैक्सीन (868100) प्राप्त कर समस्त बलाकों को वितरित की जा चुकी है। अभियान से सम्बंधित समस्त सामग्री का वितरण किया जा चुका है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि 0-5 वर्ष के बच्चों का लक्ष्य 78915 4, स्थापित बूथों की संख्या 1912, बूथ कर्मियों की 5736, बूथ पर्यवेक्षकों की संख्या 372, अनुमानित घरों की संख्या 793328, घर-घर टीमों की संख्या 1357, सचल टीमों की संख्या 71, ट्रांजिट बूथों / टीम की संख्या - 113, टीम पर्यवेक्षकों की सख्या 405, टीम कर्मियों की संख्या 4584, आगनवाडी व सहायिका 1837, आशा की संख्या 2185 है। एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि 28 मई से पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हो गई है। इस अभियान के दौरान जिले भर में बूथ लगाकर टीमें 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएगी। यह रैली सीएमओ ऑफिस से निकलकर थरबरनगंज, विलोबीहाल होते हुए सीएमओ ऑफिस में आकर संपन्न हुई। रैली में स्काउट गाइड और एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की प्रशिक्षु एएनएम ने भाग लिया। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी, डीआईओ प्रमोद वर्मा, डब्ल्यूएचओ एसएसओ डॉ विकास सिंह, यूनिसेफ से मुकेश चौहान आदि उपस्थित रहे।



## सफाई न रखने से महावारी के दौरान हो सकती हैं कई बीमारियां

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** महावारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला महिला चिकित्सालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं इस दौरान एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसे हरी झंडी दिखाकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ज्योति मेहरोत्रा ने रवाना किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमएस डॉ ज्योति मेहरोत्रा व डॉ सुषमा सिंह द्वारा बताया गया कि महावारी के दौरान किशोरियों और महिलाओं को तमाम सावधानियां रखनी चाहिए। जिसके बारे में लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। कपड़े के इस्तेमाल से बचना चाहिए, पैड का इस्तेमाल करना चाहिए। जिला महिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत तैनात काउंसलर दीपमाला वर्मा द्वारा लगातार जागरूकता फैलाई जा रही है। वहीं डॉ अंजलि ने बताया कि किशोरियों एवं अन्य महिलाओं को महावारी के दौरान स्वच्छता रखनी चाहिए, ऐसा न करने वाली महिलाओं और किशोरियों को तमाम बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। जिनमें बदबू, खुजली, सर्वाइकल कैंसर, ल्यूकोरिया आदि बीमारियां शामिल हैं। किशोर स्वास्थ्य काउंसलर दीपमाला वर्मा द्वारा बताया गया कि महावारी के दौरान स्वच्छता एवं दूषित खान पान से बचना चाहिए। इस दौरान शिप्रा वर्मा, सुष्मिता वर्मा, शिखा, प्रियंका, निहारिका आदि स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई।पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित थाना समाधान दिवस का जायज़ा लेने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने थाना फूलबेहड़ व शारदानगर का निरीक्षण कर मौजूद फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए।

डीएम-एसपी ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस पंजिका का अवलोकन कर पूर्व में निस्तारित किये गये प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण का भी जायज़ा लिया।मौजूद अधिकारियो, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए उन्हें न्याय दिलाया जाय। डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम व तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें।

बताते चले कि शासन की मंशा है कि गांवों, कस्बों में उत्पन्न विवादों का निस्तारण थानों में ही विभिन्न विभागों के अफसरों व कर्मियों की मौजूदगी में हो जाए। इसलिए माह के दूसरे व चौथे शनिवार को हर थाने पर थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण किया जाता है। थाना समाधान दिवस के दौरान एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।



# खबरें एक नजर में

## राम के जन्म का प्रसंग सुना सभी को किया अभिभूत

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित मानसवक्ता कथावाचक पंडित गिरजेश शुक्ल ने जहांगीराबाद कस्बे के किवानी नदी के तट पर स्थित राधाकृष्ण आश्रम में नवनिर्मित श्री गंगा जी के मन्दिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के अवसर पर गत शुक्रवार से प्रतिदिन दोपहर और रात्रि में इसी मन्दिर के समीप हो रही श्री राम कथा के अन्तर्गत मानस प्रसंगों की चर्चा कर लोगों को अभिभूत कर दिया।शुक्रवार रामकथा के पहले दिन भगवान राम के जन्म का मार्मिक प्रसंग सुना सभी भक्तों को रामरस से ओतप्रोत कर दिया मुख्य यज्ञमानों संजीव रस्तोगी (सोनू), दिनेश प्रकाश रस्तोगी, शिवकुमार गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार,डा0 कनिका विस्वास व गीतेश जायसवाल ने अपनी पत्नी सहित विधवत पूजन अर्चन कर आरती की। इस मौके पर सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों तथा बच्चों ने श्रीराम कथा व मानस प्रसंगों का रसपान किया। इसी मौके पर जहांगीराबाद के श्याम भक्त घनश्याम गुप्ता व गोपाल गुप्ता तथा रेउसा के श्याम भक्तों द्वारा श्री खाटू श्याम जी के भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें बिसवां, बहराइच तथा रुपईडीह के कलाकारों द्वारा श्याम भजनों की प्रस्तुतियां की गयी जिसमें श्रद्धालु भक्त देर रात तक झूमते नाचते भजनों का आनन्द लेते रहे।

## नाला की सफाई न होने से जलभराव से ग्रामीण परेशान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** गांव में स्थित नाला की सफाई न होने से जलभराव हो रहा है। ग्रामीण ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर नाला की सफाई कराने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठोंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने डी एम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके गांव में गंदे पानी की निकासी के लिए नाला बना हुआ है। उक्त नाले की काफी समय से सफाई नहीं हुई है। नाले की सफाई न होने से उसमें गंदगी जमा है साथ ही सिल्ट भी जमा है। गंदे पानी का नाला कहीं कहीं पर ओवरफ्लो हो रहा है। बारिश में स्तिथि और भी खराब हो जायेगी। ग्रामीण का आरोप है इस संदर्भ में वह कई बार ब्लॉक व आईजीआरएस पर शिकायत कर चुका है। परंतु उसमें फर्जी निस्तारण कर दिया जाता है। कभी नाले की सफाई की आख्या लगा दी जाती है तो कभी नाले के गहरा होने से जेसीबी द्वारा सफाई कराई जाएगी इसकी आख्या लगा दी जाती है। ग्रामीण ने निस्तारण आख्या की जांच कराकर फर्जी निस्तारण करने वाले कर्मचारियों के खिलाफकार्रवाई करने एवं बारिश से पूर्व नाला की सफाई कराने की मांग की है।

## किसान ने एसडीएम से लगायी व्यापारी से रुपये दिलाने की गुहार

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** किसान द्वारा व्यापारी को लगभग तीन माह पूर्व हरी मटर बेचने के बाद व्यापारी किसान को उसका भुगतान नहीं दे रहा है। पीड़ित किसान ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर उसका भुगतान कराने की मांग की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी किसान भारत सिंह ने एसडीएम सुरेश कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने हरी मटर की फलियां फरवरी माह में जालौन सब्जी मंडी के व्यापारी को बेची थी। 34 पैकेट हरी मटर का मूल्य 35 हजार 121 रुपए हुआ था। जिसमें से उन्होंने 14 हजार 121 रुपए नगद दे दिए थे। शेष 21 हजार रुपए कुछ दिनों में देने का वादा किया था। लेकिन अब तक उन्होंने बकाया रुपए नही दिए हैं। रुपए मांगने पर कोई न कोई बहाना बना देते हैं। 21 मई को बेटी की शादी में रुपए देने के लिए कहा था। तब भी उन्होंने रुपए नहीं दिए। अब उन्हें लोगो के रुपए देना हैं। लेकिन वह रुपए नही लौटा रहे हैं। पीड़ित किसान ने उसके बकाया रुपए व्यापारी से दिलाने की गुहार एस डी एम से लगाई है।

# थाना समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनी समस्यायें



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में मात्र एक फरियादी ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। शिकायत को संबंधित लेखपाल को सौंपकर तीन दिन में निस्तारण के निर्देश एसडीएम ने दिए।

कोतवाली परिसर में तहसीलदार बलराम गुप्ता की अध्यक्षता एवं सीओ रविंद्र गौतम की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में मात्र एक फरियादी ने घरेलू बंटवारे को लेकर शिकायत दर्ज कराई। उक्त शिकायत को संबंधित लेखपाल को सौंपकर तीन दिन में निस्तारण आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश तहसीलदार ने दिए। इस मौके पर कोतवाल समीर सिंह, चौकी प्रभारी अतुल राजपूत, एसआई राजकुमार पांडेय, कल्लू यादव, सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## साहब! पड़ोसी दीवार का निर्माण नहीं करने दे रहे

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी दीवार का निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। कोतवाली पुलिस से शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी से की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी हंसकुमारी ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उसके पिता वृद्ध हैं। वह पिता के घर रहकर उनकी देखभाल करती है। उसके मकान की एक साइड की दीवार कच्ची है। जिसे गिरवाकर वह पक्का निर्माण करा रही है। जब उसने निर्माण कार्य शुरू किया तो पड़ोसी उसे धमकाने लगे। मजदूरों को भी भगा दिया। इतना ही नहीं दीवार बनवाने पर मारपीट की धमकी भी दी है। पीड़िता ने आरोप लगाया की उसने मामले की शिकायत एक सप्ताह पूर्व कोतवाली में भी की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। काम न होनें से उसका सामान बर्बाद हो रहा है। पीड़िता ने एसपी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# एसडीएम ने पालिकाध्यक्षा व सभासदों को दिलायी शपथ

- पूरे कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्थाओं का रहा बोलबाला



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न। एसडीएम ने नव निर्वाचित पालिकाध्यक्षा व सभासदों को पद व निष्ठा की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। पत्रकारों को भी नहीं मिली जगह।

नगर में स्तिथ एक गार्डन में नगर की चुनी गई सरकार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा उपस्थित रहे। एस डी एम सुरेश कुमार ने सर्वप्रथम सर्व प्रथम पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल को पद व निष्ठा की शपथ दिलाई। इसके उपरांत वार्डों के चुने गए सभी सभासदों को भी शपथ दिलाई। एसडीएम ने चुने गए सभी सदस्यों से अपेक्षा की कि उन्होंने जिन मुद्दों को चुनाव में उठाया और चुनाव जीतकर आए है। उन पर वह खरा उतरें और जनता की समस्या के अलावा विकास के मुद्दे हैं, उनको पूरा करें। नगर साफ सफाई, प्रकाश, सड़क, पेयजल आदि को लेकर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। वहीं शपथ ग्रहण समारोह में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। तेज धूप वी गर्मी में लोग परेशान होते नजर आए। पत्रकारों को भी शपथ ग्रहण समारोह में बैठने का स्थान नहीं मिला। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्यम अनुरागी, गौरीशंकर वर्मा, रामेंद्र सिंह बनाजी, राघवेंद्र गुर्जर, सतेंद्र खत्री, मूलचंद्र निरंजन, पूर्व विधायक छोटे सिंह, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, उर्विजा दीक्षित, ऊषा गुप्ता, निशा माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

## कोटरा नगर पंचायत अध्यक्ष को आईएएस ने दिलायी पद व गोपनीयता की शपथ



**कोटरा(जालौन)।** शनिवार को आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष कोटरा एवं समस्त सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ आयोजित हुआ जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति एवं अरविन्द चौहान, मंगल राजपूत, किशोरलाल राजपूत, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, अनिल कुमार मिश्रा, शंभूदयाल, विनोद अहिरवार ने दीप प्रज्वलित करके कार्यकर्म की शुरुआत की एवं उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार आईएएस ने नव निर्वाचित अध्यक्ष सियाशरण व्यास एवं समस्त सभासदों को शपथ दिलाई। शपथ समारोह में आये सभी अतिथियों व नगरवासियों का नव निर्वाचित आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष कोटरा सियाशरण व्यास ने एक एक कर सभी का स्वागत किया एवं अभिवादन किया। इस अवसर पर धर्मवीर प्रजापति राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने प्रचार के द्वारा जनता से वादा किया था कि जनता भाजपा प्रत्याशी सियाशरण व्यास को जिताएंगे तो वह पुनः कोटरा आयेंगे। मैंने अपना वायदा पूरा करने के लिये यहां आये हैं। उन्होंने कोटरा वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधूरे पड़े कार्य अब पूरे किए जायेगें। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कोटरा में अस्पताल की सौगात आ चुकी है। इसके बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष सियाशरण व्यास ने जनता से सम्बोधित किया कि वह समाज सेवा करने में कभी पीछे नहीं हटेंगे। वह अपना कर्तव्य निभायेगें और कोटरा के विकास को ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इस दौरान समस्त कोटरा के समस्त कस्बावासी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान का वितरण कर सभी का मुंह मीठा कराया।

# उप जिलाधिकारी ने केतुका को दिलाई शपथ

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



महोली नगर पंचायत का शपथ ग्रहण समारोह कृषक इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव के द्वारा अध्यक्ष केतुका व सभासदों को शपथ दिलाई गई वही अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उप जिलाधिकारी को सम्मानित किया गया उसी श्रृंखला में आनंद भदौरिया पूर्व एमएलसी अनूप गुप्ता पूर्व विधायक दिनेश गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया अनूप गुप्ता ने कहा की जिन गांवों का विस्तार हुआ है उन गांव का सबसे पहले विकास किया जाएगा 1 वर्ष में वहां पर सड़क लाइट की व्यवस्था कराई जाएगी उन्होंने कहा कि समस्त वार्डों के सभासद जो निर्वाचित होकर आए हैं वह अपने 10 कार्यों की सूची बना ले जो कार्य सबसे पहले कराना है उसे प्रथम वरीयता के तौर पर कराया जाएगा वही आनंद भदौरिया ने कहा महोली की जनता ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए अपना साथ दिया है जिसका मैं आभारी हूं सभी लोग मिलकर विकास कार्य करेंगे और महोली के समस्त वार्ड को सुंदर बनाया जाएगा दिनेश गुप्ता पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि मैं क्षेत्र की जनता का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे पुनः जीत दिलाई है और केतुका को नगर पंचायत का अध्यक्ष बनाया है इस मौके पर नगर पंचायत के रवि रामेश्वर कांति तथा अन्य कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे वहीं भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# ड्रोन के जरिए हुआ हवाई सर्वेक्षण जल्द होगा विकास : नेहा अवस्थी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



में सदर सीट पर नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने कल शपथ ग्रहण करने के बाद नगर पालिका में बोर्ड की बैठक आहूत की। नगर पालिका की बोर्ड बैठक के दौरान 30 सभासद भी मौजूद रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष में परिचय प्राप्त करने के बाद वार्ड में जमा ज्वलनशील समस्याओं से रूबरू हुए और वार्डों की समस्याओं को एक एक करके निपटारा करवाने का आश्वशन दिया है। इसके साथ ही ड्रोन के जरिये पालिका के सभी वार्डो के हवाई सर्वेक्षण करने के बाद वहां पर विकास कार्यों की योजना की भी शुरुआत भी ड्रोन उड़ाकर नपा अध्यक्ष और एडीएम ने की है। नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सभी वार्ड मेम्बरों से बातचीत कर उनके वार्डों की समस्याओं को सुना गया है और सूचीबद्ध करने के बाद समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 सालों से इस शहर का विकास नही हुआ है और हम अब सबसे पहले शहर की जलभराव जो कि बढ़ी समस्या है उसे सबसे पहले छुटकारा दिलाएंगे। उन्होंने बताया कि हम नगर निगम की तर्ज पर ड्रोन के जरिये हवाई सर्वेक्षण की शुरुआत कर रहे है और जल्द ही रिपोर्ट आते ही विकास कार्य शुरू हो जाएंगे।

नपा अध्यक्ष ने बोर्ड बैठक में वार्ड मेम्बरों से विकास को लेकर प्रस्ताव पेश करने के सुझाव दिए है। इसके साथ ही एडीएम और नपा अध्यक्ष ने नगर पालिका से 4 ड्रोनों को एक साथ उड़ाकर हवाई सर्वेक्षण की शुरुआत की है। इस दौरान नपा अध्यक्ष नेहा अवस्थी के पति नमेंद्र अवस्थी ने कहा कि नगर निगम की तर्ज पर हम इस शहर का विकास कार्य करेंगे और सभी प्रकार की समस्याओं से निपटने के लिए हम ऑनलाइन सिस्टम की जल्द ही शुरुआत करेंगे।

# बिना भेदभाव के कराया जाएगा विकास कार्य : गंगाराम राजपूत

- किसी भी सभासद के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा : गंगाराम

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

सिधौली नगर पंचायत में उप जिलाधिकारी के द्वारा शपथ दिलाई गई जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत व समस्त सभासदों ने शपथ ग्रहण की जिसमें सांसद कौशल किशोर विधायक मनीष रावत को पुष्पगुच्छ देकर अधिशासी अधिकारी ने सम्मानित किया।

गंगाराम राजपूत ने कहा की जनता का स्नेह और प्यार जो हमें मिला है उसके लिए मैं समस्त जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं किसी भी सभासद के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा समस्त वार्डों में जो भी विकास कार्य अधूरा है उसे पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। कौशल किशोर सांसद ने कहा की जो भी धन विकास कार्य में खर्च होगा मैं शासन से लाकर उसे पूरा कराने में सहयोग करूंगा वहीं क्षेत्रीय विधायक मनीष रावत ने भी विकास कार्यों को कराए जाने पर चर्चा की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष व नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

**कार्यालय खंड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज बहराइच**

पत्रांक 117/मनरेगा- वाहन /निविदा-आदेश/2023-2024 दिनांक 27-5-2023

**निविदा आमंत्रण**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत शासनादेश संख्या-1964/38-7-2010/369 NREGA/2008 दिनांक - मई 26, 2010 (पताका-क) के प्रस्तर-4 उप प्रस्तर-4 के अनुसार गुणवत्ता नियंत्रण/अनुश्रवण (सत्यापन/सोशल ऑडिट/वाहनों इत्यादि के इसमें सम्मिलित हैं) के क्रम में बोलेरो वाहन मासिक किराए पर लगाए जाना है। इस संबंध में इच्छुक फर्मों से सील्ड बंद लिफाफे में मासिक किराए की दर व जी0एस0टी0/सी0एस0टी0 सहित दिनांक 5.06.2023 तक कार्यक्रम अधिकारी/खंड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज कार्यालय में कार्य दिवस में 3:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, तथा निविदा दिनांक 5/06/2023 को क्रय समिति के समक्ष 4:00 बजे खोली जाएगी। जिसमें निविदा से संबंधित व्यक्ति/फर्म उपस्थित रहेंगे।

**खंड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज बहराइच**

# डीएम ने चौकीदार सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चौकीदारों को साइकिल वितरित कर किया सम्मानित

महोबा। समृद्धि न्यूज



**जनपद में** नगर निकाय निर्वाचन 2023 सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त निर्वाचन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ग्राम चौकीदार(ग्राम प्रहरी) को पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा सम्मानित किये जाने एवं ग्राम प्रहरियों के सहयोग से पुलिस का अचूक सूचना तंत्र बनाये जाने की पहल कर उनको सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी महोबा मनोज कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा थानों से आये हुये ग्राम प्रहरियों का पुलिस लाइन अवस्थित सभागार में स्वागत किया गया तदोपरान्त संयुक्त रुप से चौकीदार सम्मेलन कर उनकी समस्याओं को सुना गया साथ ही जनपद के थानों में नियुक्त चौकीदारों/ग्राम प्रहरियों (उत्कृष्ठ कार्य करने वाले) को पुलिस सहयोग के लिये साइकिल वितरित कर हरी दिखा कर उनके गन्तव्य को रवाना किया गया। जिलाधिकारी महोबा द्वारा ग्राम चौकीदारों (उत्कृष्ट कार्य करने वाले 58 चौकीदारों) को सम्बोधित कर सभी की जिम्मोदारियों से अवगत करा उनके दैनिक कर्तव्यों, क्षेत्र में अवांछनीय गतिविधियों से सम्बन्धित गोपनीय सूचनाये संकलित करने की अपील कर उनको लोकतंत्र का सबसे बड़ा प्रहरी कहा सभी से अपील की गयी ग्राम प्रहरी पुलिस के मुखबिर की सबसे मुख्य कड़ी हैं अतः आप अपने क्षेत्र में होने वाले अवैध कारोबार, अपराध पर निगरानी करते हुये प्रत्येक अवांछनीय गतिविधि की सूचना उच्चाधिकारियों को दें, आप सभी में गलत गतिविधियों को रोंकने की क्षमता है। जिलाधिकारी द्वारा सभी ग्राम प्रहरियों से गुटखा/पान मसाला बन्द करने की अपील की गयी एवं उससे होने वाली आर्थिक हानि को बताया गया साथ ही उन पैसों का उपयोग अने उत्थान एवं अपने बच्चों को अच्छी एवं उच्च शिक्षा में करने का सार्थक उपाय साझा किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति) जुबैर बेग, उपजिलाधिकारी अरुण दीक्षित, क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित सराहनीय कार्य करने वाले सभी 58 ग्राम चौकीदार उपस्थित रहे ।

## नार्को को-आर्डिनेशन सेन्टर की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

**इटावा।** जिला आबकारी अधिकारी विजयपाल सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा की अध्यक्षता में नार्को को-आर्डिनेशन सेन्टर की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नार्कोटिक्स पदार्थो के अवैधानिक उत्पाद, संग्रह, परिवहन, विक्रय एवं सेवन के सम्बन्ध में प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इस सम्बन्ध में समस्त विभाग नाकोटिक्स पदार्थों की तस्करी एवं उत्पादन के सम्बन्ध में आवश्यक सामन्जस्य बनायें तथा सूचनाओं को साझा करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करे। मेडिकल स्टोरों के स्टाक रजिस्टर की नियमित जांच की जाय तथा प्रतिबंधित दवाओं का नशे के रूप में प्रयोग किसी भी दशा में न होने दिया जाय। नार्कोटिक्स पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाय, साथ ही पकड़े गये अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही यथा गैंगेस्टर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की जाये।

# नगर पंचायत अध्यक्ष विवेक ने सभासदों के साथ ली शपथ



इटावा। समृद्धि न्यूज

**बाबूराम** सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज बकेवर के प्रांगण में उप जिलाधिकारी न्यायिक राजेश कुमार वर्मा द्वारा नगर पंचायत बकेवर के नवनिर्वाचित चेयरमैन विवेक यादव सन्नी व सदस्यों की शपथ ग्रहण समारोह में शनिवार की सुबह शपथ दिलाई गयी। उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा द्वारा नवनिर्वाचित नगर पंचायत बकेवर चेयरमैन विवेक यादव सन्नी तथा सभासद रोहित कुमार आदर्श नगर अध्यक्ष निर्मला देवी, आदर्श नगर उत्तरी विकास रमन, अंबेडकरनगर तारावती देवी, विद्या विहार अमर सिंह पटेल, नगर महेंद्र प्रताप सिंह शास्त्री, नगर उर्मिला देवी, सुभाष नगर नजमुल खान, हाफिज नगर कांति देवी, किदवई नगर दीपक राजपूत, लोहिया नगर पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी, गांधीनगर मोहम्मद कामिल आजाद नगर ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भरथना शिव प्रसाद यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गोपाल मोहन शर्मा, बसपा जिलाध्यक्ष मनोज दोहरे, प्रोफेसर एमपी सिंह ने विचार रखे। समारोह के दौरान नवनिर्वाचित चेयरमैन विवेक यादव सन्नी ने अपने संबोधन में कहा कि हर सुख दुख में शामिल होकर विकास कार्यो के नगर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करूंगा जनता ने अपने शुभाशीष से जिस काम के लिए मुझे यहां तक पहुंचाया है। उस कार्म को पूरी तत्परता के साथ करूंगा। शपथ ग्रहण समारोह में सत्य प्रकाश उपाध्याय, प्रोफेसर सीताराम त्रिपाठी, गौरव शर्मा शीलू, पप्पन सिद्दीकी राजेंद्र शुक्ला उपेंद्र नाथ पांडे चंदा खान सुनील कठेरिया बृजेश शर्मा अनुज कठेरिया सहित सैकड़ों लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नए संसद भवन को लेकर विपक्ष का विरोध लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं: उपेन्द्र द्विवेदी

पनवाड़ी,महोबा। समृद्धि न्यूज



**आज नए** संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जाना सुनिश्चित है उसमें विपक्ष के18राजनीतिक दलों द्वारा जिस तरह विरोध किया जा रहा,यह लोकतंत्र के लिए शुभ नही है आज भारत का नया संसद भवन,भारत के आत्मनिर्भर स्वालंबन, का प्रतीक माना जा रहा है जिसमे विपक्षियों द्वारा वहिष्कार किया जाना लोकतंत्र के लिए कुठाराघात है पनवाड़ी के युवा समसामयिकी मुद्दों पर विचार रखने बाले उपेन्द्र द्विवेदी ने इस बात पर अपने उद्गार ब्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र का मंदिर है संसद नए भारत का संकल्प है संसद भारत का स्वाभिमान है संसद जैसा कि कार्यपालिका की बास्तविक शक्ति प्रधान मंत्री के हाथ होती है भारत का प्रधान मंत्री इतना शक्तिशाली है जितने अन्य राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्ष तो ऐसे में नए संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाना निहित है बेबजह राष्ट्रपति महोदय को लेकर ये तूल बनाये हुए हैं इतिहास में ऐसा पहली बार नही हुआ संसद के कई कक्षो का उद्घाटन पहले भी प्रधानमंत्रियों ने किया है जैसे इंदिरा गांधी राजीव गांधी, तब तो किसी ने कोई आपत्ति नही की आज जब भारत अपना नया संसद भवन निर्माण कर चुका है एक नया कीर्तिमान स्थापित कर चुका है बैश्विक दृष्टि से भारत आज सक्षम देश वन चुका है भारत के प्रधानमंत्री ग्लोबल लीडर बन चुके हैं विश्व में देश की आज अलग शाख है ऐसे में विपक्ष इस उद्घटान में शामिल न होकर अपना ही स्तर खर्राब कर रही है और भारत के स्वास्थ लोकतंत्र मूल्यों पर कुठाराघात कर रही है विपक्ष को अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनना चाहिए ताकि भारत का लोकतंत्र विश्व के लिए गौरव पूर्ण उदाहरण बन सके।

## नगर पालिका अध्यक्ष समेत सभी वार्डो के सभासदों को दिलाई गई गोपनीयता की शपथ

मौदहा (हमीरपुर)। समृद्धि न्यूज

**नगर** नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष समेत सभी वार्डो के सभासदों को शनिवार को उप जिलाधिकारी ने गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हाल में ही संपन्न हुए नगर पालिका परिषद के चुनाव में जनता द्वारा निर्वाचित अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ समेत सभी पच्चीस वार्डो के सभासदों को उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने नगर पालिका परिषद के परिसर में शनिवार को गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता के अलावा नगरपालिका कर्मी व नगर के लोग मौजूद रहे।

# नगरीय निकायों/ नगर पालिका व नगर पंचायतों के अध्यक्षों व सदस्य गणों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न

**हमीरपुर।** आज जनपद के समस्त नगरीय निकायों / नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों व सदस्य गणों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस क्रम में नगर पालिका परिषद हमीरपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित समस्त सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह नगर पालिका स्थित अम्बेडकर पार्क में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ग्राम्य विकास भारत सरकार साध्वी निरंजन ज्योति एवं विशिष्ट अतिथि प्रभारी मंत्री / राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश मनोहर लाल रहे। नगरपालिका हमीरपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुलदीप निषाद जी व समस्त सदस्यगणों को जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात अतिथिगणों द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किये गए। इस मौके पर विधायक सदर मनोज कुमार प्रजापति, विधायक राठ मनीषा अनुरागी, अध्यक्ष जिला पंचायत जयंती राजपूत, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र, एडीएम न्यायिक नागेंद्र नाथ यादव, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव ,अन्य संबंधित अधिकारीगण, बीजेपी जिलाध्यक्ष ब्रज किशोर गुप्ता, अन्य पार्टी पदाधिकारीगण तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे। इसी प्रकार मौदहा नगर पालिका में के नवनिर्वाचित अध्यक्ष को एसडीएम मौदहा राजेश मिश्रा ने, राठ नगर पालिका अध्यक्ष को एसडीएम राठ पवन प्रकाश पाठक , कुरारा नगर पंचायत अध्यक्ष को अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम ने , सुमेरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष को एसडीएम हमीरपुर राजेश चंद्र ने , गोहांड नगर पंचायत के अध्यक्ष को अतिरिक्त एसडीएम सुरेंद्र यादव ने, सरीला नगर पंचायत के अध्यक्ष को एसडीएम सरीला सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## खबरें एक नजर में

### नगर पंचायत अध्यक्ष लखना गणेश शंकर व सभासदों ने शपथ ली

**इटावा।** नगर पंचायत अध्यक्ष लखना गणेश शंकर पोरवाल व सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ, उप जिलाधिकारी मलखान सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सभासदों को पद और दायित्वों की शपथ दिलाई। रामलीला ग्राउंड के सामने बने रैन बसेरा में नगर पंचायत लखना के नव निर्वाचित अध्यक्ष गणेश शंकर पोरवाल व वार्ड के सभासदों को उप जिलाधिकारी मलखान सिंह और अधिशासी अधिकारी ने बधाई देते हुए पद और दायित्वों की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर नवनिर्वाचित चैयरमेन गणेश शंकर पोरवाल ने लखना की सम्मानित जनता से अपार आशीर्वाद मिलने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकताएं नगर का विकास तेजी से हो,जो काम अधूरे हैं वह पूरे हों जिसके लिए हर संभव प्रयास रहेगा,जनता ने हम पर जो भरोसा किया है उस पर हम खरे उतरेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका के सभी कर्मचारी सहित नगर के संभ्रांत लोग, व्यापारी वर्ग सभी दल के लोग, पूर्व चैयरमेन वीना दीक्षित, वरिष्ठ नेता रामप्रकाश गुप्ता, विनोद पोरवाल प्रदीप कुमार गुप्ता(फौजी), जनवेद सिंह यादव, संतोष पोरवाल, रविन्द्र पोरवाल, अरविंद पोरवाल, पूर्व चैयरमेन सतीश चंद्र वर्मा समेत भारी मात्रा में लोग उपस्थित रहे।

### जिले में पुलिस ने चलाया संदिग्ध लोगों व वाहनों के विरुद्ध अभियान

**इटावा।** जिले की जनपद की कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों को रोककर चेक किया और पैदल गश्त कर जनता को सुरक्षा के प्रति अश्वस किया। जनपदीय कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद की कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपद के समस्त थानाध्यक्ष एवं थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने- अपने क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों को रोककर चेक किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपद के समस्त थानाध्यक्ष व थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

### जवाहर लाल नेहरू ने शिक्षा से लेकर उद्योग जगत को बेहतर बनाने के लिए कई काम किए

**इटावा।** कांग्रेस कार्यालय पर आधुनिक भारत के निर्माता एवं पूर्व प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए तथा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का संचालन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आसिफ जादरान ने किया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा पंडित नेहरू ने देश को आधुनिक भारत बनाने के लिए जो काम किए हैं उन्हें भुलाया नहीं जा सकता उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता कहा जाता है उन्होंने शिक्षा से लेकर उद्योग जगत को बेहतर बनाने के लिए कई काम किए उन्होंने आईआईटी,आई आई एम और अन्य विश्वविद्यालयों की स्थापना के साथ साथ उद्योग धंधों की भी शुरुआत की उन्होंने भाखड़ा नांगल,बांध रिहंद बांध तथा बोकारो इस्पात कारखाना की स्थापना की तथा पंचवर्षीय योजनाओं की भी शुरुआत की। नेहरू जी ने मजबूत लोकतंत्र में अटूट आस्था थी रखते थे वे विपक्ष के नेताओं द्वारा की गई आलोचनाओं का बुरा नहीं मानते थे उनका सम्मान करते थे विपक्ष के द्वारा अपनी सरकार के खिलाफ लाए गए प्रस्तावों पर सदन में चर्चा करवाते थे। उन्होंने सदैव विपक्ष को पूरा सम्मान दिया। विचार गोष्ठी में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, करन सिंह राजपूत, सुरेंद्र प्रताप सिंह चौहान, आनंद वर्मा, सचिन शंखवार, सुनीता कुशवाहा, सरला जाटव, अश्वनी कश्यप, अंसार, आसाराम गोयल, बृजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### गोष्ठी में एसएसपी ने सुनीं व्यापारियों की समस्याए

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद के व्यापार मंडल के पदाधिकारी व व्यापारी बन्धुओं के साथ पुलिस लाइन स्थित सभागार में गोष्ठी आयोजित की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपद के व्यापारी बंधुओं एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ जनपद में बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें व्यापारी बंधुओं से वार्ता कर बाजारों में रहने वाली भीड़ तथा सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सामान रखने के कारण यातायात में उत्पन्न होने वाली बाधा एवं उसके निस्तारण के संबंध में वार्ता कर आपसी समन्वय से शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने की अपील की गई। गोष्ठी में एसएसपी द्वारा सभी व्यापारियों की समस्या सुनी गई व उनके निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया, व्यापारियों एवं उनके प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रतिष्ठानों दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के बारे में वार्ता कर व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल संबंधित थाना पुलिस एवं उच्चाधिकारियों को सूचित करने हेतु अवगत कराया गया।

# पुलिस ने वाहन चोर को चोरी की कार सहित किया गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन,कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सैफई पुलिस ने वाहन चोर को चोरी की कार सहित गिरफ्तार किया। वादी डा. अतुल कुमार निवासी एम ब्लाक टाइप 1 न्यू कैंपस यूपीयूएमएस सैफई इटावा द्वारा थाना सैफई पर लिखित तहरीर दी कि गयी कि सैफई पीजीआई कैम्पस के अन्दर एडमिन ब्लाक के सामने से उसकी टाटा हैरियर कार नम्बर यूपी 65 ई ए 9935 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा लूट चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना सैफई पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत तहसील गेट पर संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि सैफई पीजीआई कैम्पस एडमिन ब्लाक के सामने से टाटा हैरियर कार चोरी करने वाला व्यक्ति बीएसएनएल चौराहे से प्रोफेसर मार्केट जाने वाले तिराहे के पास बिना नम्बर प्लेट की कार में बैठा है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस द्वारा व्यक्ति को बीएसएनएल चौराहे से प्रोफेसर मार्केट जाने वाले तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये आरोपी सिद्धार्थ प्रतीक पुत्र भुवनेश कुमार निवासी ग्राम मुहल्ला तुलसी नगर थाना फ्रेण्डस कालोनी इटावा से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि यह कार उसने 24 मई 2023 को पीजीआई कैम्पस के एडमिन ब्लाक के सामने से चोरी की थी। इस सफलता में यशवन्त सिंह प्रभारी थाना सैफई, उ.नि. ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह, का. नीरज वर्मा का सराहनीय योगदान रहा। उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 5,000 रूपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# संस्थापक स्व.बाबू बालेश्वर लाल की सादगी के साथ मनाई गई 36 वीं पुण्यतिथि

- श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन, वक्ताओं ने रखे अपने-अपने विचार

महोबा। समृद्धि न्यूज



**ग्रामीण** पत्रकार एशोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्व.श्री बाबू बालेश्वर लाल की 36 वीं पुण्यतिथि मुख्यालय में मीनू आइस फैक्ट्री स्थित ग्रा.प.ए जिला कार्यालय में बड़ी सादगी के साथ मनाई गई। संस्थापक की आयोजित पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने स्व.श्री बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष मुहम्मद यूनुस खान,जिलाध्यक्ष जमाल अहमबद कादरी एवं कार्यक्रम की संयोजिका मंडल महासचिव रोली गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष जमाल अहमद कादरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज ग्रा.प.ए के संस्थापक स्व श्री बाबू बालेश्वर लाल की 36 वीं पुण्यतिथि है जिसको आज हम मना रहे और उनको स्मरण कर रहें हैं। आपने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रा.प.ए मात्र एक ऐसा संगठन है जो उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा है और कुछ दिनों में यह संगठन राष्ट्रीय स्तर का होने जा रहा है।यह सब बाबू बालेश्वर लाल जी की ही देन है जिस पेड़ के नीचे आज हम सब बैठे हुए हैं। आपने उपस्थित पत्रकारों को बताया कि बाबू बालेश्वर लाल जी का जन्म 1930 में बलिया जनपद के गढ़वाल में हुआ था जिन्होंने ग्रा.प.ए का विस्तार 25 पैसे के पोस्ट कार्ड से किया था। आपने उपस्थित ग्रामीण पत्रकारों से संगठन के प्रति समर्पित व संगठित रहने पर जोर दिया और कहा कि संगठन में ईमानदारी व लगन के साथ रहे।संगठन आपके साथ है। संगठन के प्रत्येक सदस्य के सुख दुःख का साथी ग्रा.प.ए परिवार है,किसी भी साथी के साथ कोई घटना घटती है तो मैं पूरे मनोयोग के साथ आधी रात्रि को तैयार हूं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुहम्मद यूनुस खान ने अपने वक्तब्य में कहा कि ग्रा.प ए एक बेदाग स्वच्छ छवि का संगठन है जो पूरे उत्तर प्रदेश में है ऐसा कोई स्थान नही है जहां ग्रामीण पत्रकार न हो। आपने अपने उद्बोधन में संगठन को मजबूत बनाए रखने व एकत्र रहने पर बल दिया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद कार्यक्रम संयोजिका मंडल महासचिव रोली गुप्ता ने सभी आगन्तुकों का आभार ब्यक्त किया।कार्यक्रम का कुशल संचालन ग्रा.प.ए जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार सुशील अरजरिया मधुर द्वारा किया गया। साथ ही सुशील अरजरिया के द्वारा स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी के जीवन चरित्र व उनके योगदान के संबंध में सुंदर काव्य रचना का प्रस्तुतीकरण किया गया।

बैठक में मौजूद मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष मु.यूनुस खान जिला अध्यक्ष जमाल अहमद मण्डल महासचिव रोली गुप्ता जिला उपाध्यक्ष सुशील अरजरिया संयुक्त मंत्री मु. रिजवान अनिल सेन इल्यास अजय अग्रवाल रामगोपाल हरिदर्शन इफ्तखार समीर महेश नायक छोटू चंद्रपाल विनायक शिवनारायण हरिओम राजू पटैरिया ब्रजेन्द्र भरद्वाज भरत तीरथ शिवनारायण गुप्ता राजेंद्र चंद्रपाल आदि सहित संगठन के आधा सैकड़ा पदाधिकारी सहित सदस्य मौजूद रहे।

# अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा नेहरू युवा केन्द्र का जिला युवा उत्सव कार्यक्रम

महोबा। समृद्धि न्यूज

- बिजली अव्यवस्था से बार बार हुए दो चार, हाथ से पंखा झलते नजर आए युवा छात्र छात्राएं





**मुख्यालय** के वीरभूमि डिग्री कॉलेज में आयोजित जिला युवा उत्सव कार्यक्रम अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया। पूरे कार्यक्रम में कार्यक्रम के आयोजक नेहरु युवा केन्द्र की व्यवस्थाएं सिर्फ खानापूर्ति कर आबंटित धन को ठिकाने लगाने वाली दिखाई पड़ीं।

यूपी के महोबा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यक्रम की थीम अमृतकाल के पंचप्रण भारत ञ्च2047 थी। कार्यक्रम में युवा कलाकार चित्रकला प्रतियोगिता, युवा कविता लेखन प्रतियोगिता,भाषण प्रतियोगिता, मोबाइल फोटो ग्राफी प्रतियोगिता के साथ सामूहिक लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लेकिन सभी कार्यक्रम बिजली पानी और अन्य दूसरी अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गए। जिला युवा उत्सव का प्रचार प्रसार न होने से सिर्फ वीरभूमि कॉलेज के युवा विद्यार्थी उपस्थित रहे। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम को देख कर लग रहा था कि सिर्फ औपचारिकताएं पूरी कर जिला युवा उत्सव कार्यक्रम की इतिश्री कर दी गई।

कार्यक्रम में पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे कविता लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम, मोबाइल फोटोग्राफी रही। चित्रकला में अंकित सेन ने प्रथम स्थान, ज्योति कुमारी लेखन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान म्यूजिकल ग्रुप ने राई नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया भाषण में संदीप कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, फोटोग्राफी में प्रवेश पांचाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में पुरस्कार एवम प्रमाण पत्र से सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया । इसके पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के पंचप्रण को आत्मसात करते हुए भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना होगा। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि वेदों के सूक्त में वर्णित पंचतत्व छिति, जल, पावक, गगन, समीर से हमें जल संरक्षण की सीख लेकर जल संरक्षित करना चाहिए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पद्मश्री पुरुस्कार प्राप्त डॉ उमाशंकर पांडेय, मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनोज कुमार के साथ एडीएम नमामि गंगे जुबेर बेग मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, डीडीओ बालमुकुंद शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज तिवारी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप तिवारी के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत ननवारा वि.ख. जैतपुर जि. महोबा

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 दिनांकः 27.05.2023

**भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ननवारा की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 29.05.2023 से 03.06.2023 को समय प्रातः 11 बजे से 3 बजे ते अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्न हैः-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत ननवारा में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 2695 | 17.52 | 17520 | 10.06.2023 से 31.03.2024 तक |

**शर्तें:-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. ननवारा, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं. ननवारा, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा**

# फर्जी तरीके से शिकायत निस्तारण करने वालों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई : डीएम

- डीएम ने कहा- अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण समय से करें

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने शनिवार को आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय मे निस्तारित की जाए और साथ ही शिकायतों के निस्तारण के समय गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। फर्जी तरीके से शिकायत निस्तारण करने वालो के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में डीएम ने कहा कि जिस अधिकारी व कर्मचारी का जो ड्यूटी पॉइंट है, वह अपने ड्यूटी पॉइंट वाले स्थान पर ही रात्रि विश्राम करेगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनता दर्शन के समय फरियादियों की शिकायतें प्राथमिकता से सुने और उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें। कहा कि जन सुनवाई का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराहन 12 बजे तक निर्धारित है। जनता दर्शन के समय कोई भी अधिकारी मीटिंग नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अधिकतर शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं कि जनप्रतिनिधियों फोन कॉल अधिकारियों द्वारा नहीं उठाया जाता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों का फोन कॉल अवश्य उठाएं और जो उनकी समस्याएं हैं निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी अधिकारी अपने आवास पर कैंप कार्यालय चला रहे हैं, तो पूर्ण रूप से बंद कर दें। विभागीय कार्यों का निस्तारण कार्यालय में उपस्थित होकर करें। श्री शुक्ल ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों को दर्ज कराने की प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं में परिवर्तन किया गया है। अब एक मोबाइल नंबर से प्रणाली में 1 माह में 10 से अधिक संदर्भ दर्ज नहीं हो सकेंगे। संशोधन अथवा परिवर्तन के अनुसार माह में किसी भी तिथि में डिफाल्टर हुए संदर्भ को डिफाल्टर मानकर मूल्यांकन में गणना की जाएगी। समस्त संबंधित विभागाध्यक्ष एल 1 व एल 2 अधिकारी के जनसुनवाई पोर्टल पर उपलब्ध ऑप्शन अगले 3 दिवस में डिफाल्टर होने वाले संदर्भ का प्रयोग करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी संदर्भ डिफाल्टर ना होने पाए। बताया कि एल 1 अधिकारी द्वारा शिकायत को फ्लैक लगाकर स्पेशल क्लोज करने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया गया है। अब तक एल 1 अधिकारी द्वारा अपलोड की जा रही रिपोर्ट आवेदक के संतुष्ट न होने की दशा में फीडबैक दिए जाने उपरांत एल 2 अधिकारी के लॉगिन में प्राप्त हो रही थी, जिसमें परिवर्तन किया गया है। अब एल 1अधिकारी द्वारा अपलोड की गई रिपोर्ट विभाग के एल 2 अधिकारी को अनुमोदनकर्ता के रूप में प्राप्त होंगी, एल 2 अधिकारी द्वारा संदर्भ को आपत्ति के साथ वापस अथवा स्पेशल क्लोज किया जा सकेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आशीष कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद डीएम व अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

# बीईओ ने कस्तूरबा गांधी 'बा' विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**खंड** शिक्षा अधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के अनौगी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का खंड शिक्षा अधिकारी संजय शुक्ल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 100 छात्राओं में 94 छात्राएं पढ़ती हुई पाई गई। एवं समस्त स्टॉप उपस्थित मिला। कक्षाओं का संचालन समय सारणी के अनुसार पाया गया। निरीक्षण के दौरान समर कैम्प का आयोजन भी हो रहा था। खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं एवं विद्यालय प्रबन्धन व्यवस्थाओं के बारे में छात्राओं से जानकारी ली, साथ ही परिसर के अन्दर साफ-सफाई, पीने का पानी, रसोई में बनने वाले भोजन आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। हालाकि भोजन की गुणवत्ता व मात्रा ठीक पाई गई। उन्होंने कहा कि परिसर में बेहतर साफसफाई व्यवस्था व बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान कराएं। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की वार्डेन सीमा त्रिवेदी, लेखाकार मृदुल पाल, अंबुज दुबे, सुनीता, किरन,संध्या, प्रताप सिंह, ज्योति कटियार आदि लोग मौजूद है।


निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते बीईओ संजय शुक्ल

# तालग्राम के विकास के लिए अध्यक्ष ने लिया संकल्प

- तालग्राम चेयरमैन व सभासदों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**आदर्श** नगर पंचायत तालग्राम में उप जिलाधिकारी अशोक कुमार के द्वारा चेयरमैन व सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान शपथ ग्रहण कार्यक्रम में समर्थकों की काफी भीड़ उपस्थित रही। लोगों ने सभासदों व चेयरमैन का फूल मालाओं से स्वागत व सम्मान किया। स्थानीय लोगों में खासा उत्साह नजर आया। लोगों ने नारेबाजी कर सपा की जीत का जश्न भी मनाया।

शनिवार की सुबह करीब 10 बजे आदर्श नगर पंचायत तालग्राम में उप जिलाधिकारी अशोक कुमार ने नगर पंचायत तालग्राम से समाजवादी चेयरमैन मोहसिन खान उर्फ जानू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा नगर पंचायत तालग्राम के सभासदों राशिद अंसारी, अतुल गुप्ता, आमना बेगम, बहार अंसारी, सन्नो बेगम, नरेंद्र शाक्य, राजा दिवाकर, पंकज, मुकेश शाक्य, रामदेवी, राजेश को भी शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी उमेश कुमार सिंह व पंचायत कर्मी एवं समर्थक मौजूद रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष मोहसिन खान उर्फ जानू ने कहा कि सभी वर्गों एवं लोगों के साथ समानता का व्यवहार करते हुए विकास कार्य कराए जाएंगे। भ्रष्टाचार की जांच कराई जाएगी। जिससे लोगों को सही समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने सभी को बधाई देकर आभार व्यक्त किया। तो वही लोगों ने पूर्व विधायक का स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम में आफाक खान, मुकीम खान, सानू खान, फिरदोस आलम, फैज आदि समर्थक मौजूद रहे।



अध्यक्ष को शपथ दिलाते एसडीएम अशोक कुमार — समृद्धि न्यूज

# विस्फोट के मामले में आतिशबाज अरशद को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**बीते दिवस** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जेरकिला में हुए विस्फोट के मामले में पुलिस द्वारा की गई जांच पड़ताल में बारूद से घर में विस्फोट होने की बात सामने आई है। . पुलिस ने आतिशबाज अरशद को लगभग 20 किलो बारूद के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच पड़ताल में आतिशबाज का पटाखा बनाने का लाइसेंस भी एक्सपायरी डेट का मिला है।

गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जेरकिला निवासी अरशद पुत्र मुन्ना पटाखा बनाने का कारोबार करता है। बीते शुक्रवार की दोपहर अरशद के घर तेज आवाज के साथ विस्फोट हो गया, जिससे आतिशबाज अरशद के घर का लेन्टर और दीवार भरभराकर गिर पड़े तो वहीं विस्फोट से पड़ोसी जीशान, मोहम्मद फरीद व लक्ष्मीकांत कुशवाहा और सगीर अहमद आदि के मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। इस घटना में दो तीन बच्चे और पड़ोस में रहने वाले लोग घायल हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस को आतिशबाज अरशद के परिजनों ने घरेलू सिलेंडर के फटने से विस्फोट होना बताया था, जबकि घर में चारो ओर पटाखा का बारुद फैला हुआ था। पुलिस व फोरेन्सिक टीम द्वारा की गई जांच पड़ताल में पटाखा बारूद से विस्फोट होने की बात सामने आई। पुलिस ने आतिशबाज अरशद के घर से बीस किलो पटाखा बनाने वाला बारुद, 52 मेहताब, 28 सुतली बम बरामद किए हैं। मामले में कोतवाली पुलिस ने उक्त आतिशबाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# खबरें चलते-चलते

## छात्र-छात्राएं स्मार्ट फोन का सदुपयोग अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने में करें: सुनील कुमार

**कन्नौज।** शहर के पण्डित सुन्दरलाल मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना (डिजीशक्ति) के अन्तर्गत परास्नातक सत्र 2021-22 के छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किये गये। इस अवसर पर आयोजित समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य व विशिष्ट अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख छिबरामऊ मदन शाक्य तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अजय सिंह ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती जी की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समारोह में टेबलेट वितरण के दौरान छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रिया शाक्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं वहीं विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार सिंह ने कहा कि यह सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है सरकार की मंशा है कि सभी अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन/टेबलेट उपलब्ध हो सके और वह इसका सदुपयोग अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने में कर सके। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अभ्युदय कोचिंग हेतु भी प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ0 अजय सिंह ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुये कहा कि युवाओं को तकनीकी रूप से कुशल एवं सक्षम बनाने में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना अत्यन्त सहायक सिद्ध हो रही है, परन्तु स्मार्ट फोन एवं टेबलेट का प्रयोग अत्यन्त सावधानी के साथ केवल शैक्षिक उन्नयन हेतु होना चाहिये न कि एक मनोरंजन के साधन के रूप में। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधान कुलानुशासक डॉ0 अमित सचान, डिजीशक्ति के नोडल प्रभारी डॉ0 वरुण कुमार वशिष्ठ, डॉ0 सुरेन्द्र कुमार, डॉ0 प्रत्यूष चन्द्र, रेनू त्यागी, शीशपाल, लक्ष्मी नारायन, डॉ0 रमेश भदौरिया, प्रेम नारायन, राम नरायन, पंकज राय, डॉ0 श्याम कुमार बाजपेयी, डॉ0 संगीता पाण्डेय, डॉ0 प्रीती शर्मा, डॉ0 आशीष कुमार, डॉ0 सत्येन्द्र सिंह, डॉ0 अमित कुमार, श्रृद्धा मिश्रा, मीना दीक्षित, मुकेश गुप्ता, रविन्द्र कुमार शुक्ला, मृदुला सिंह, कुलदीप कुमार, दीपू मिश्रा, संतोष कुमार त्रिपाठी, कुलदीप दुबे, सुनीता कुमारी, अर्चना मिश्रा, आनन्द्र कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** तेजी व लापरवाही से गाड़ी चला रहे युवक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी रामकिशोर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 24 मई को उसका भाई हरि किशोर साइकिल से बाजार जा रहा था। उसी समय पीछे से आ रही कार ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

## मारपीट की रिपोर्ट मुकदमें में तरमीम

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज ।** बीते दिनों हुई मारपीट की घटना में मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट को मुकदमें में तरमीम किया है। नगर के मोहल्ला विजय नगर निवासी परवेज अहमद ने दी तहरीर में कहा है कि मोहल्ले के विजय नगर निवासी निसार अहमद, इरफान ने बीती 21 फरवरी को रंजिश के चलते गाली गलौज की थी। विरोध करने पर उसे व उसके पिता हसीब को मारपीट कर घायल कर दिया था। मेडिकल रिपोर्ट में हसीब के घुटने में फैक्चर होने की पुष्टि हुई। जिस पर कोतवाली पुलिस ने घटना को मुकदमें में तरमीम कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जांच कस्बा प्रभारी शशिकांत कनौजिया को सौंपी गई है।

## भाजपा से निष्कासित राहुल गुप्ता दोबारा भाजपा में हुए शामिल

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनावों के दौरान पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले भाजपा युवा महामंत्री राहुल गुप्ता को जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने प्रदेश पार्टी के निर्देश पर राहुल गुप्ता को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जीतने के बाद जिन नेताओं ने पैरवी कर राहुल गुप्ता को बाहर का रास्ता दिखाया उन्हीं नेताओं ने राहुल गुप्ता को वापस पार्टी में शामिल करने की घोषणा की।

## पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज ।** मुखबिर की सूचना पर चांदनी के पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने दबोच लिया और उनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर करवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऊंचा में हरिश्चंद्र की समर के पास चांदनी के पेड़ के नीचे कोतवाली पुलिस ने छापेमारी की। जहां पुलिस ने जुआ खेल रहे गांव के अनूप दुबे, पिंकू, आशू, मंजीत व बबलू तिवारी को पुलिस ने ताश के पत्तों के साथ दबोच लिया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

- झमाझम बारिश के बाद सब्जी मंडी परिसर में उपजिलाधिकारी ने दिलाई शपथ

**सौरिख,समृद्धि न्यूज**

**नगर** के सब्जी मंडी परिसर में झमाझम बारिश थमने के बाद भाजपा नेताओं की मौजूदगी में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासदों को उपजिलाधिकारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया।

शनिवार को नगर के सब्जी मंडी परिसर में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता व सभासदों का सुबह 11 बजे शपथग्रहण समारोह होना था। शपथग्रहण समारोह से पहले करीब 10:15 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई और करीब एक घंटा से अधिक समय बारिश हुई। इस दौरान तेज आंधी और बारिश की वजह से शपथग्रहण समारोह दो घंटे बाद 1:15 बजे शुरू हुआ उपजिलाधिकारी अशोक कुमार ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता और सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई शपथग्रहण के बाद राहुल गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का बगैर किसी भेदभाव के लाभ दिया जाएगा और नगर की स्ट्रीट लाइट, पेयजलापूर्ति और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दिया जाएगा। शपथग्रहण समारोह के दौरान भाजपा सांसद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत, छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय, समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, पूर्व विधायक अरविंद सिंह, योगेंद्र भदौरिया कन्हैया गुप्ता, रामू गुप्ता, दीपू गुप्ता, लालू गुप्ता, लालू राजपूत अभिषेक सिंह उर्फरिस्की नागेंद्र सिंह शैलेंद्र सिंह राठौर जितेंद्र सिंह विवेक सिंह सोनू गुरु सहित सैकड़ों लोग शपथग्रहण समारोह के गवाह बने।



### नवनिर्वाचित इन सभासदों को भी दिलाई गई शपथ

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सभासदों को भी उपजिलाधिकारी अशोक कुमार ने शपथ ग्रहण कराई। जिसमें किदवईनगर इजहार अली,सरोजनीनगर अनीस अहमद,गांधीनगर रंजना राठौर, लोहियानगर कायनात बेगम, सदर बाजार शुभम यादव, नेहरू नगर संतोष प्रजापति, अम्बेडकरनगर मंजू देवी, संजयनगर सपना मिश्रा, इन्द्रानगर मिथुन कठेरिया, सुभाषनगर शाहीन कौसर,आजादनगर गुलाम मुस्तफा को सभासद पद की शपथ दिलाई गई।



# पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया याद

- पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, स्व. नेहरु के चित्र पर पुष्प एवं माल्यापर्ण कर उनके कृतित्व व व्यकितत्व पर डाला प्रकाश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**देश** के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि के अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल की अध्यक्षता मे कांग्रेसियों ने पार्टी के जिला कार्यालय पर एक कार्यक्रम आयोजित कर स्व. नेहरु के चित्र पर पुष्प एवं माल्यापर्ण कर उनके कृत्तिव व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने पण्डित जवाहरलाल नेहरु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश की स्वाधीनता के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने वाले पंडित नेहरू अंग्रेजों को बहुत अखरते थे। उनकी ऊर्जा और उसूलों से अंग्रेजी हुकूमत पस्त हो गई थी, इसीलिए उनको 9 साल से भी अधिक समय तक जेल में रखा गया। श्री पालीवाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अंग्रेजों से हम सब आजाद हो गए लेकिन अंग्रेजी सोच रखने वालों के हाथ आज देश फिर से गुलाम हो गया है। पण्डित नेहरु ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान विश्व पटल पर जो उपलब्धि हासिल की थी उन उपलब्धियों को वर्तमान भाजपा सरकार तोड़ मरोड़ कर देश के सामने पेश करना चाहती है, तभी तो ÷सीगोल÷ जैसे प्रतीक चिन्ह को अपने हाथों नए संसद भवन में रखकर राष्ट्रपति का अपमान कर अपने द्वारा उद्घाटन कर रहे हैं, जो सरासर गलत है। प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू दूर दृष्टि वाले प्रधानमंत्री थे। जब उन्होंने देश की भागडोर संभाली थी, उस समय देश के सामने कई तरह की चुनौतियां थीं, जिसका सामना करते हुए उन्होंने देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया। उन्होने कहा कि नेहरू जी ने इस देश की नीव सर्वधर्म समभाव के आधार पर आधुनिक भारत के निर्माण के लिए रखी थी। जिसका स्वरूप आज देश के सामने हैं। आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त किया. उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित कर सकते है। श्री मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, नेहरु तो बनना चाहते हैं, लेकिन उनके द्वारा देश में बनाए गए सरकारी संस्थानों को आज वह बेच रहे हैं। नेहरू जी ने अपना घर ÷आनंद भवन तक देश के लिए समर्पित कर दिया था। श्री मिश्रा ने कहा कि आज देश का आम नागरिक ,महंगाई ,और गरीबी से जूझ रहा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रशासनिक अधिकारी अविनाश दुबे, जिला प्रवक्ता अरविंद दुबे, अनुसूचित जनजाति के पूर्व चेयरमैन रामभरोसे कमल, युवा जिला महामंत्री इमरान अली, राजेश दिवाकर, आकाश कटियार, फैसल अली, आशुतोष कांग्रेसी नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।



देश के प्रथम प्रधानमन्त्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरु के चित्र पर पुष्प व माल्यापर्ण करते कांग्रेसी नेता

# मेरी लाइफपर्यावरण के लिए जीवन शैली के तहत आयोजित हुई संगोष्ठी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को अनौगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा क्षेत्र के ग्राम खुदलापुर में ÷मेरी लाइफ पर्यावरण के लिए जीवन शैली अभियान÷ के अन्तर्गत वर्षा जल संचयन एवं उसके दक्ष उपयोग पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान) डॉ अरविन्द कुमार ने किसानों व कृषक महिलाओ को संबोधित करते हुए बताया कि फसल उत्पादन में जल उपलब्धता के आधार पर फसल एवं प्रजाति का चुनाव कर पानी की एक-एक बूँद के सापेक्ष में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। पानी के उचित उपयोग एवं दक्षता की विधियों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ चन्द्र कला यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित किसान भाइयों एवं बहनों को संबोधित करते हुए मानव स्वास्थ्य एवं मृदा स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए मोटे अनाजों को उगाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने प्रकृति की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसानों से प्राकृतिक फसल उत्पादन पद्धतियों पर विस्तृत जानकारी देते हुए गृहवाटिका के महत्व व उसमें लगाई जाने वाली साग भाजी, औद्यानिक एवं मोटे अनाजों की फसलों की जानकारी दी। मौसम वैज्ञानिक अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि अगले पाँच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेगे, 27 से 29 मई के दौरान गरज चमक के साथ हल्की बारिश, धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। कीटनाशक व खरपतवार नासी के लिए 27 मई से 4 जून तक प्रयोग स्थगित रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मला देवी ने की। इस दौरान लगभग 50 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया।



# अध्यक्ष वत्सला सहित 42 सभासदों ने ली शपथ



वत्सला अग्रवाल का स्वागत करते समर्थक



शपथ लेंती सभासद विटान देवी व अन्य सदस्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद का शपथ ग्रहण समारोह टाउनहाल पर सम्पन्न हुआ। नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव ने नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष सहित सभी 42 सभासदों को पद एवं गोपनीया की शपथ दिलायी। तीन शिफ्टों में सभासदों को नगर मजिस्ट्रेट द्वारा शपथ दिलायी गयी। अध्यक्षता अधिशाषी अधिकारी रवींद्र कुमार ने की। संचालन युवा कवि उत्कर्ष अग्निहोत्री ने किया। वत्सला अग्रवाल ने कहा कि पहले से ज्यादा विकास कराऊंगी। जो काम अधूरे हैं उन्हें पूरा कराऊंगी। हमें मार्गदर्शन की जरुरत है। अपना समझकर हमें बताते रहें। रेलवे रोड का सुंदरीकरण, बढ़पुर तालाब का सुंदरीकरण के अलावा शहर की सभी समस्याओं से निजात दिलाऊंगी। मनोज अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया और आगे भी सहयोग मांगा। इस मौके पर सभासद रेखा, प्रशांत कटियार, शशांक शेखर मिश्रा, निर्मला देवी, धर्मेंद्र कुमार कनौजिया, अंजली दिवाकर, पूनम देवी, सचिन, विजय अनुरागी, दीक्षा, रशीदा बेगम, अनिल कुमार, मृदुल कटियार, संत कुमार बाथम, शक्ति सिंह कुशवाहा, विश्वनाथ राजपूत, कृष्ण मोहन, जूली, नरेंद्र यादव, मुनीशउद्दीन, रोहित नंदन कटियार, नेहा यादव, नौशाद, दुर्गेश, नीलम, बिटान देवी, लईक अहमद राईन, इशरतुनिशा, विरमा देवी, अनीता, फुरकान अहमद, सुनीता, रफी अंसारी, अनिल कुमार यादव, अशलम अंसारी, बृजेश कुमार, आलोक मिश्रा, निर्मला शाक्य, अर्चना, अतुल शंकर दुबे, गुलाम रसूल, स्नेहलता सहित सभी 42 सभासदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर पालिका कर्मचारियों ने व्यवस्था देखी। शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे।

# तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत



बारिश के चलते सड़कों पर भरा पानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी व तपिश के चलते शनिवार को तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। जिस कारण गर्मी से लोगों को निजात मिली।

शनिवार को सुबह 10 बजे बादल छा गये और खुशनुमा मौसम हो गया। तेज हवाओं ने गर्मी से राहत दिलाते हुए आम जन को बेहाल होने से बचाया, साथ ही ठंडी हवाओं ने मौसम को खुशनुमा किया। कुछ ही देर बाद झमाझम बारिश हुई और पूरे दिन मौसम सामान्य रहा। दोपहर बाद धूप निकलने से कुछ उमस महसूस हुई, लेकिन वारिश के कारण लोगों को उमस से निजात मिली। वहीं बारिश होने से सड़कों पर पानी भर गया। साथ ही निचले मोहल्लों में भी पानी भर गया। मानसून का सत्र आने वाला है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा पूर्ण रुप से साफ-सफाई अभियान नहीं शुरु किया गया है। शनिवार को देर शाम शपथ ग्रहण होते ही पुनः चार्ज पालिकाध्यक्ष के पास आ गया। इससे पूर्व प्रशासक के रुप में अपर जिलाधिकारी सुभाषचंद्र प्रजापति के पास था, लेकिन नाला नालियों व सफाई की पूरी जिम्मेदारी नगर पालिकाध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी की है।

# इकरा अकलियती जूनियर हाईस्कूल में छात्र- छात्राओं का हुआ सम्मान



इकरा जूनियर हाईस्कूल के कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण

▶ आज के दौर में मनोरंजन नहीं शिक्षा की आवश्यकता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इकरा जूनियर हाईस्कूल पुलखाम में वार्षिक छात्र सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 इस्लाम मंसूरी सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य आरबीएस इंटर कालेज कन्नौज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज को क्लबस मनोरंजन सदन नहीं चाहिए। शिक्षण संस्थायें चाहिए। बिलखुसूस बालिकाओं की स्कूली शिक्षा उनकी असमत की हिफाजत और जमाने के साथ चलने की शिक्षा की आवश्यकता है। यह समय है कि जब बालिकायें यूपी0एस0सी0 जैसे कम्पटीशन में बालकों से बहुत आगे है। वहीं मुस्लिम बालिकायें जरदोजी व अन्य कार्यो में व्यस्त है। शिक्षा सबसे बड़ा दान है। विशिष्ट अतिथि नवनियुक्त सभासद फुरकान अहमद ने इकरा अकलियती स्कूल में कम्प्यूटर सेंटर खोलने का सुझाव दिया। स्वयं का सहयोग देने का वचन दिया। सभासद लईक अहमद राईन ने अल्पसंख्यक शिक्षा को नियंत्रण बढ़ाते रहने का संकल्प दोहराया। डा0 मोहसीन ने छात्रों को छात्रवृत्ति एवं विद्यालय को सरकारी योजनाओं से परिचय कराया। पूर्व सभासद ताहिर खां, शाहिद अहमद, नसीम खां आदि ने विचार रखे। मजहर मोहम्मद ने समस्त कार्यक्रम की कनवीनिंग की। असर अल्लाह खां, तसनीम खां, असगर हुसैन ने पुरस्कार वितरण कराया। मिर्जा खलीक ने स्कूल का इतिहास पेश किया। फुरकान अहमद ने समस्त छात्रों को नगद पुरस्कार वितरित किये। मिर्जा सहरोज, किशोर द्विवेदी, अफसर जवी, रुखसार और निदा जुऐबउद्दीन ने व्यवस्था देखी। छात्राओं ने देश प्रेम के नाटक एवं गीत प्रस्तुत किये। मोबाइल का कूप्रभाव को भी उजागर किया गया। जाकिर खां, ताहिर खां मौजूद रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन को ग्रामीण लगा रहे पलीता, शौचालय में भरे कंडे



गांव नगला झाबरा में शौचालय में भरे कंडे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद भी ग्राम पंचायत सिरौली के लोग सरकार के स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे है। सरकार द्वारा बनवाए गए शौचालय में कंडे भर दिये।

विकास खंड क्षेत्र मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत सिरौली के मजरा नगला झाबरा के ग्रामीण सरकार द्वारा करोड़ों रुपया खर्च करने के बाद ग्राम पंचायतों में शौचालयों की व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायत द्वारा प्रत्येक लाभार्थी को 12-12 हजार रुपये दो किस्तों में देकर शौचालय निर्माण करवाया गया। सरकार ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों को बाहर शौच न जाने के लिए शौचालयों का निर्माण कराया है। जिससे स्वच्छ भारत मिशन कामयाब हो जाए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है।

मोहम्मदाबाद विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरौली के मजरा नगला झाबरा के ग्रामीण शौचालयों में कंडे भरे हुए है और शौच के लिए महिला व पुरुष आज भी खेतों में जा रहे है। जिससे सरकार के स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाया जा रहा है। वहीं ग्राम प्रधान पति सर्वेश कुमार से जब इस संदर्भ में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि लोगों को इस बारे में समझाया गया कि वह लोग शौचालय में कंडे न भरें और उसका शौच के लिए ही प्रयोग करें, लेकिन यह बात ग्रामीण कोई मानने को तैयार नहीं हैं। विकास खंड अधिकारी को इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है और न ही ग्राम सचिव को जानकारी है। इससे साफ जाहिर होता है कि ग्राम पंचायत के लोग गांव में नहीं जाते हैं, जो ग्रामीणों को समझा सकें।

# स्काउट बच्चों ने रेल यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



स्टेशन पर रेल यात्रियों को जागरुक करते स्काउट छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण संरक्षण 5 जून के उपलक्ष्य में किए जा रहे साप्ताहिक कार्यक्रम में शनिवार को फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के लिए मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक व टीम सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य व उनकी टीम आरपीएफ सहायक उप निरीक्षक, स्काउट टीम के बच्चों ने स्टेशन पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए रेल यात्रियों को जागरूक किया। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक धर्म सिंह मीना द्वारा सिंगल प्लास्टिक यूज, कूड़ेदानों के उपयोग, स्टेशन पर गंदगी करने पर जुर्माना होने व पर्यावरण संरक्षण पर जागरूक किया।

साथ ही वेद प्रकाश सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य के सौजन्य से आरपीएफ बैरिक एस0एस0ई0 कार्यालय एव रेस्ट हाउस में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न किया गया।

# एस0एन0 साध ट्रस्ट शिविर में दिव्यांगों ने कराये पंजीकरण



दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देते एस.एन. साध

▶ सबसे ज्यादा कान के मरीजों का परीक्षण कर दी गयीं मशीनें

▶ सुबह वारिश के चलते देर से आये मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एस0एन0 साध ट्रस्ट का मेधा दिव्यांग शिविर सुबह 9 बजे से मुख्य ट्रस्टी राकेश साध, चमकेश साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध की उपस्थिति में शुरू हुआ। शनिवार को सुबह से ही भीषण वारिश होने लगी। जिसके चलते दिव्यांगजन कुछ विलम्ब से शिविर में पहुँचना शुरू हुये। पर जैसे-जैसे समय बढ़ता गया उनकी संख्या में भी इजाफा देखने को मिलता गया। कल की भांति दिव्यांगों ने शिविर में आकर-अपना पंजीकरण करवा कर क्रमबद्ध तरीके से डॉक्टरो से परामर्श लेना शुरू किया।विगत वर्षो से तकरीबन 30 से ज्यादा शिविरों का आयोजन एस. एन. साध ट्रस्ट के द्वारा कराया जा चुका है। राकेश साध, चमकेश साध ने बताया कि इस बार विशेष रूप से जो व्यक्ति कान की समस्या से जूझ रहा है। उसके लिए नाक, कान, गला स्पेशलिस्ट डॉ शिखर सक्सेना उनका परीक्षण कर उनको कान की मशीन व दवाई लिखेंगे जो कि निःशुल्क ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। आज सबसे ज्यादा कान की समस्या से जूझ रहे लोगों ने शिविर में आकर शिखर सक्सेना से अपना परीक्षण करवाकर कान की मशीन व दवाई प्राप्त की। दिव्यंगों का कहना था इन कृतिम अंगों द्वारा उनको एक नई ऊर्जा प्राप्त हुई है। जयपुर टीम के सदस्य सुमित, हरीश, गनेश वेद प्रकाश, जावेद अली मौजूद रहे। इस मौक पर अमरसाध, उदय पाल, रोहित गर्ग, सुजीत श्रीवास्तव, शीश मेहरोत्रा, विजय, विशाल, रजत., अनुभव सारस्वत, राहुल, प्रभात, नरेश, जगदीश, रॉबिन साध मौजूद रहे।

# आरसेटी के सिलाई प्रशिक्षण का एडीएम ने किया शुभारम्भ



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) फर्रुखाबाद फतेहगढ़ में 30 दिवसीय वूमेन टेलर के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक मो0 शाह नवाज ने अपर जिलाधिकारी को बुके भेट कर स्वागत किया तथा अग्रणी जिला प्रबन्धक राजेंद्र प्रसाद ने एसडीएम गजराज यादव को बुकें भेंट कर स्वागत किया। अपर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण ले रही 35 प्रशिक्षणार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम का संचालन आरसेटी फैकल्टी दिव्यान्शु मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कार्यालय सहायक सोमेश शर्मा, राहुल कुमार तथा प्रशिक्षणार्थी आरती पाल, भारती, रुचि आदि उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू को किया याद



पुण्यतिथि कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कांग्रेस कार्यालय नगला दीना फतेहगढ़ में भारत के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की पुण्यतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष शकुंतला देवी, शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, शहर कार्यवाहक अध्यक्ष अंकुर मिश्रा की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष मनोज गंगवार, खुशाल मियां, कायमगंज नगर पालिका प्रत्याशी रहे सरवर हुसैन, अरुण अग्निहोत्री, वरुण त्रिपाठी, इमरान अंसारी, पूर्व नगर अध्यक्ष जीशान कुरैशी, संतोष गुप्ता, मोहित गुप्ता, अमर मिश्रा, वत्सल मिश्रा, अंकित पाठक, शिव, आशीष तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रमोद जैन, पूर्व प्रत्याशी भोजपुर अर्चना राठौर आदि कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर भारत के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# ओम प्रकाश मिश्र कंचन की स्मृति में बही काव्य की धारा



काव्य पाठ करते कवि शिवओम अम्बर

▶ कन्नौज के वरिष्ठ साहित्यकार उमाशंकर वर्मा साहिल का हुआ अभिनंदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था वीणा साहित्य परिषद के तत्वधान में कला साहित्य एवं संगीत की त्रिवेणी आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन की स्मृति में भव्य काव्य समारोह का आयोजन कर उनकी स्मृतियों को याद किया गया। इस दौरान कन्नौज के वरिष्ठ साहित्यकार कवि उमा शंकर वर्मा साहिल का अभिनंदन किया गया। शुक्रवार को शहर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट में बाबा हुक्मेश्वर नाथ शिव मंदिर स्थित नटराज भवन में आयोजित काव्य समारोह की मुख्य अतिथि डॉक्टर रजनी सरीन, राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिवओम अम्बर, विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र पाण्डेय, डॉक्टर संतोष पाण्डेय, महामंत्री दिलीप कश्यप, वरिष्ठ कवि राम शंकर अवस्थी अबोध, राम अवतार शर्मा इंदु ने आचार्य कंचन व देवी सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। डॉक्टर रजनी सरीन ने प्रवास के समय आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन द्वारा उन्हें भेजे गए एक पत्र को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि आचार्य कंचन हमेशा साधनहीन कलाकारों की मदद करते रहते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिव ओम अम्बर ने कहा आचार्य कंचन कलाकारों के वटवृक्ष थे। उन्होंने फूलों से रिश्तेदारी है कांटों से भी यारी है पंक्तियां पीढ़ी। कन्नौज से आए उमाशंकर वर्मा साहिल ने कहा शब्द शिल्पी हम शनासाई सितारों से रही दोस्ती हमेशा गम के मारो से रही, भोगांव मैनपुरी से आए वरिष्ठ कवि श्रीचंद्र वर्मा एडवोकेट ने कई कर कलम कुदाल हल हाथ लिए, कोई हरी हर के भजन में मगन है छंद पढ़ा। संचालन कर रहे डॉक्टर संतोष पाण्डेय ने कहा कंचन जी कंचन जी होंगे जमाने के लिए, हमने तो कंचन को पारस ही पाया है। संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि साहित्य कला एवं संगीत की त्रिवेणी श्रद्धेय कंचन हम सभी के ह्रदय में आज भी जीवित हैं। प्रभात अवस्थी ने कहा कंचन जैसे कला साधक से आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कन्नौज फर्रुखाबाद की यात्रा का वर्णन किया। कार्यक्रम में 78 वर्ष पूरे होने पर कन्नौज से आए वरिष्ठ कवि उमाशंकर वर्मा साहिल का संस्कार भारती, वीणा साहित्य परिषद, अभिव्यंजना राष्ट्रीय कवि संगम, हिन्दी साहित्य भारती, दीप संस्था ने अभिनंदन कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉक्टर गरिमा पाण्डेय, भारती मिश्रा, प्रीति तिवारी, गीता भारद्वाज, राम अवतार शर्मा इंदु, राम शंकर अवस्थी अबोध, भारती मिश्रा, प्रीति तिवारी, महेश पाल सिंह उपकारी, राममोहन शुक्ल, उपकार मणि, निमिष टंडन, किशन साध सहित दो दर्जन कवियों ने कविता पाठ किया।

# महासंपर्क अभियान के अंतर्गत एक माह तक चलेंगे विभिन्न कार्यक्रम

▶ केंद्र में भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक



बैठक के दौरान मौजूद जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गौरवशाली 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे अभियानों एवं कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने 1 जून से 30 जून के मध्य आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजक नियुक्त किए व कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इन 9 वर्षों में केंद्र की सरकार ने आम जनमानस के लिए विभिन्न गौरवशाली कार्य एवं योजनाएं चलाई हैं। प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर 1 माह के लिए विभिन्न कार्यक्रम महा संपर्क अभियान के अंतर्गत आयोजित होंगे। इन सभी कार्यक्रमों को पूरे जनपद में किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया 2 जून को प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं सांसद मुकेश राजपूत के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की जायेगी। जिसके संयोजक जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी होंगे।

4 जून को नवाबगंज के सर्वेश गेस्ट हाउस में सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन का आयोजन पूर्व जिला महामंत्री संदीप शाक्य के संयोजन में होगा। 1 जून को मोहम्मदाबाद में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन की संयोजक जिला पंचायत अध्यक्ष होगी 10 जून को कायमगंज केसीपी गेस्ट हाउस में व्यापारी सम्मेलन आयोजित होगा। जिसकी संयोजक डॉ मिथिलेश अग्रवाल होंगी। 20 जून को आलू मंडी सातनपुर में विशाल जनसभा का आयोजन होगा जिसके संयोजक सांसद मुकेश राजपूत व जिला महामंत्री फतेह चंद वर्मा होंगे। 24 जून को मोहम्मदाबाद निसाई में विकास तीर्थ का अवलोकन कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसके संयोजक भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर होंगे। इन कार्यक्रमों के बाद वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक 5 व 6 जून को आयोजित होगी। जिसके संयोजक जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना एवं अभिषेक त्रिवेदी होंगे। संयुक्त मोर्चा सम्मेलन 7 व 8 जून को आयोजित होंगे। जिसके संयोजक जिला उपाध्यक्ष जय गंगवार एवं जिला मंत्री धर्मेंद्र राजपूत होंगे। लाभार्थी सम्मेलन 14 जून को आयोजित होगा। जिसके संयोजक जिला उपाध्यक्ष अशनील दिवाकर एवं जिला मंत्री अभिषेक बाथम होंगे। 21 जून को योग दिवस का आयोजन होगा। इसके संयोजक जिला महामंत्री फतेह चंद वर्मा बनाये गये हैं। संपर्क से समर्थन कार्यक्रम 16 जून को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री सुनील रावत होंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री फतेह चंद वर्मा, जिला महामंत्री डीएस राठौर, जिला मंत्री अतुल दीक्षित, रश्मि दुबे, जिला मंत्री अमरदीप दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कठेरिया, संदीप शाक्य आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।






# फसल की रखवाली कर रहे वृद्ध किसान की धारदार हथियार से हत्या

- बाबा की मौत पर पौत्र की हालत बिगड़ी, भर्ती
- सीओ व फील्ड यूनिट की टीम ने पहुंचकर की जांच
- परिजनों ने हत्या करने का लगाया आरोप





मृतक का फाइल फोटो व घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते सीओ कायमगंज व मौजूद परिजन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** खेत पर मक्के की फसल की रखवाली करने गये वृद्ध किसान की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी उस समय हुई जब छोटा पुत्र सुबह चाय देने गया था तो उसने चारपाई पर खून से लथपथ पड़े पिता के शव को देख चीखपुकार शुरु कर दी। इस दौरान आसपास के खेतों में काम रहे ग्रामीण आ गये और सूचना परिजनों व पुलिस को दी। मौके पर सीओ व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उगरपुर निवासी 75 वर्षीय किसान नन्हे लाल पुत्र भजनलाल बाथम का खेत गांव से लगभग एक किलोमीटर दूरी है। खेत में मक्के की फसल खड़ी है। जिसकी रखवाली के लिए शुक्रवार की शाम को वृद्ध गया था। शनिवार सुबह जब वृद्ध के घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई तो छोटा पुत्र अमृतपाल खेत पर चाय लेकर पहुंचा तो चारपाई पर उसके पिता का शव खून से लथपथ पड़ा देख उसने चीखपुकार शुरु कर दी। शोर शराबा सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गये और सूचना पुलिस को दी। जानकारी होने पर परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गये और दहाड़े मारकर रोने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और सूचना उच्चाधिकारियों को दी। मौके पर सीओ कायमगंज व फील्ड यूनिट की टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान बाबा के शव के शव को देखकर पौत्र शिव की हालत बिगड़ गई।

उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक के दो पुत्र सर्वेश व शिवमंगल दिल्ली में रहकर एक प्राइवेट कम्पनी में काम करते है, छोटा पुत्र घर पर ही रहता है। परिजनों ने धारदार हथियार से हत्या करने का आरोप लगाया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का गांव में किसी दूसरे पक्ष से जमीनी विवाद चल रहा था। जिसका मुकदमा भी विचाराधीन है। ग्रामीणों में आशंका है कि जमीनी रंजिश के चलते तो वृद्ध की हत्या नहीं की गई हो। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## गोली लगने से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत
### बीते दिनों देवर द्वारा गोली मार देने का मामला हुआ था दर्ज



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों गोली लगने से घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के सिविल लाइन निवासी वसंती पत्नी संजीव के 21 मई की रात्रि देवर प्रदीप ने गोली मार दी थी। जिससे वसंती गंभीर रुप से घायल हो गयी थी। उपचार के लिए लोहिया में भर्ती कराया गया था। जहां से चिकित्सक ने सैफई के लिए रेफर कर दिया था। उपचार के दौरान वसंती की मौत हो गई। इस घटना से मृतका की पुत्री वंदना, पुत्र अनुज आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इससे पूर्व जनपद कन्नौज थाना तालग्राम के त्योरी निवासी रुपा देवी पत्नी स्व0 शम्भूदयाल ने पुत्री के पति पर हत्या करवाने का आरोप लगाते हुए देवर प्रदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि उनकी पुत्री वसंती का पति संजीव शराब पीने का आदी है। 20 मई की रात संजीव पुत्री के जेवर शराब पीने के लिए उठाकर ले जा रहा था, उसे रोकने को लेकर विवाद हो गया था तो संजीव जान से मारने की धमकी दी थी। 21 मई की रात्रि पुत्री बच्चों के साथ दरवाजे पर सो रही थी, तभी रात्रि में देवर प्रदीप आया और पुत्री के गोली मार दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार भी कर लिया था। शनिवार को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका मिला शिक्षामित्र का शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध अवस्था में बकैना के पेड़ से शिक्षामित्र का शव फांसी लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी होने पर परिजन घटना स्थल पर पहुंच गये और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम लखरौआ निवासी 55 वर्षीय अजीत पुत्र स्व0 कमल नारायण का शव बीती रात संदिग्ध अवस्था में घर से कुछ दूरी पर बकैना के पेड़ से लटका मिला था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। इस घटना से मृतका की पत्नी शीलादेवी, पुत्र लकी, लव और पुत्री पलक, मुस्कान आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों के अनुसार अजीत शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं परिजन घटना के पीछे के कारणों को नहीं बता पा रहे हैं। वहीं ग्रामीण तरह-तरह की चर्चायें कर रहे हैं।

# न0पं0 अध्यक्ष अनिल राजपूत को एसडीएम ने दिलायी शपथ

- अपार भीड़ देखकर गदगद दिखे अनिल राजपूत



स्वागत के दौरान मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत व अन्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल राजपूत के शपथ ग्रहण समारोह में सभी वर्ग के लोगों की अपरा भीड़ दिखायी दी। नव गठित नवाबगंज नगर पंचायत के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत को एसडीएम गजराज सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम नवाबगंज विकास खण्ड कार्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। अपार भीड़ देखकर नगर पंचायत अध्यक्ष गदगद दिखायी दिये। शपथ ग्रहण के अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य मौजूद रहे। अध्यक्ष के शपथ लेने के पश्चात सभी नवनिर्वाचित 16 सभासदों को भी एसडीएम ने शपथ दिलायी। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत ने सरकार की उपलब्धिया गिनायी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप सभी लोग हमारा मार्गदर्शन करते रहे। विकास के नाम पर भेदभाव नहीं दिखायी देगा। हमारा प्रयास होगा कि आदर्श नगर पंचायत बने। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र राजपूत ने आये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भूदेव राजपूत, नरेन्द्र सोमवंशी, सभासद पुष्पेंद्र यादव, आकाश सिंह, राहुल यादव, प्रशांत कश्यप, यशवीर मौजूद रहे। समर्थकों ने 51 किलों की माला पहनाकर अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम की व्यवस्था नगर पंचायत के लिपिक विकास गंगवार, हितांशु गंगवार, अमित गुप्ता, अखिलेश शर्मा, कल्लू ठाकुर आदि कर्मचारियों ने देखी।

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। शनिवार को कादरीगेट थाना प्रभारी क्षेत्र में अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम घनश्याम हाल निवासी नेकपुर चौरासी व मूल निवासी कच्छपुरवा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर बताया।

# चेयरमैन राजबेटी शंखवार व सभासदों ने ली शपथ

- सभी दल के लोग रहे शामिल



शपथ लेंती नव निर्वाचित चेयरमैन राजबेटी शंखवार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के नलकूप संख्या 3 के प्रांगण में नव निर्वाचित अध्यक्ष व सभासदों को शपथ उपजिलाधिकारी संजय कुमार ने दिलायी। शपथ के तुरंत बाद बरसात होने पर लोग तरह-तरह की चर्चायें करने लगे। शपथ ग्रहण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष के पति कृष्ण कुमार शंखवार ने आये अतिथियों का सम्मान किया। संचालन कर रहे प्रभाशंकर औदिच्य ने समस्त सभासदों को मंच पर आमंत्रित किया। उसके बाद एसडीएम सदर द्वारा नव निर्वाचित चेयरमैन राजबेटी शंखवार को शपथ दिलाने के पश्चात सभी सभासदों को भी शपथ दिलवाई। लगातार दो बार डा0 देवदत्त राजपूत व उसके बाद उनकी पत्नी सरस्वती राजपूत ने भी लगातार दूसरी बार शपथ ली है। निर्विरोध विजय हुई रोशनी कश्यप के समर्थकों में एक अलग ही उत्साह दिख रहा था। कार्यक्रम में सपा के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव ने कहा की जल्द ही राजेबेटी शंखवार सपा की सदस्यता ग्रहण कर लेंगी और उनके हर दुख सुख में पार्टी साथ है। लोगों उन्हे अकेला न समझे। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष अरविंद कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड शशांक सक्सेना, पूर्व राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड सरदार तोषित प्रीत सिंह, निजाम, चन्द्र प्रताप सिंह यादव, बिल्लू श्रीवास्तव, जिला प्रवक्ता इलियास मंसूरी, राकेश दिवाकर के अलावा अर्चना राठौर, मृत्युंजय शर्मा, रामनरेश गौतम मौजूद रहे।

## बलिराम होंगे जिला विकास अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त सचिव रमेश चन्द्र मिश्रा द्वारा जारी किये गये आदेश के अनुसार रणजीत कुमार खण्ड विकास अधिकारी जनपद मुजफ्फर नगर को पदोन्नति के आधार पर उपायुक्त (श्रम रोजगार) के पद पर जनपद फर्रुखाबाद स्थानांतरित किया गया है। वहीं बलिराम सम्बद्ध कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास उ0प्र0 लखनऊ को जिला विकास अधिकारी के पद पर जनपद फर्रुखाबाद तैनात किया जाता है।

# हम वास्तव में पर्यावरण के मूल्यों को समझें

- पारिस्थितिकी संतुलन पृथ्वी पर जीवन को बचाये रखता है
- मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन पर्यावरण पर निर्भर है




वृक्षारोपण करते कैप्टन बलविन्दर सिंह व एनसीसी कैडेट्स



पर्यावरण जागरुकता की एनसीसी कैडेट्सों को शपथ दिलाते कै0 बलविन्दर सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मनुष्य के जीवन में पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पर्यावरण एक मात्र घर है, जो मनुष्यों के पास है और यह हवा, भोजन और अन्य जरुरतें प्रदान करता है। मानवता की सम्पूर्ण जीवन समर्थन प्रणाली सभी पर्यावरणीय कारकों की भलाई पर निर्भर करती है। पर्यावरण वायु और जलवायु को विनियमित करने में महत्व पूर्ण भूमिका निभाता है। इस धरती पर रहने वाली सभी जीवित और अजीवित जीचे पर्यावरण के अन्तर्गत आती है। चाहे वह जमीन पर रहते हो या पानी पर सभी पर्यावरण का हिस्सा होते है। पर्यावरण में हवा, पानी, सूरज की रोशनी, पौधे, जानवर आदि शामिल है। पर्यावरण हमारे चारों ओर व्याप्त वातावरण को कहा जाता है। जो हमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित करते है।

पर्यावरण के प्रहरी बने आरपी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कैप्टन बलविंदर सिंह ने बताया कि पृथ्वी हमारे सौर्यमण्डल का मात्र एक गृह है, जिस पर जीवन पाया जाता है। पर्यावरण जीवन के लिए महत्वपूर्ण होते है। जो सभी जीवों को सुरक्षा प्रदान करता है। इस पर मानव ने अपने फायदे के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। जिसके परिणाम स्वरुप आज कई समस्यायें उत्पन्न हो रही है। जिसमें ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण जैसी समस्यायें शामिल है। इसके अलावा कई गंभीर बीमारियां पर्यावरण असंतुलन के कारण होती है, लेकिन प्रकृति ने हमें कई उपहार दिये हैं।

## पर्यावरण के प्रहरी

जिसके कारण मानव आज इस धरती पर जीवित रह पाया है। जब समाज आर्थिक संकटों, युद्धों और अंतहीन सामाजिक समस्याओं का सामना कर रहा हो, तब भी पर्यावरण एक महत्व पूर्ण मुद्दा है। यह मायने रखता है क्योंकि पृथ्वी ही मात्र एक घर है। जो मनुष्यों के पास है और हवा भोजन आदि अन्य जरुरतें प्रदान करता है। हम वास्तव में पर्यावरण के वास्तविक मूल्यों को नहीं समझते है, लेकिन हम इसके कुछ महत्व का अनुमान लगा सकते है। जो हमें इसके महत्व को समझने में मदद कर सकते है। जिसको लेकर कै0 बलविंदर सिंह ने पर्यावरण जागरुकता की एनसीसी कैडेट्सों को शपथ दिलायी।

**पर्यावरण संरक्षण जागरुकता हेतु कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आप भी पर्यावरण के प्रहरी बनें। संवादादाता, लक्ष्मीकान्त भारद्वाज सम्पर्क करें- 9839390810**

# सपा महिला सभा की प्रदेश महासचिव अनीता यादव का हुआ जोरदार स्वागत

- सुलक्षणा सिंह छठी बार बनीं महिला सभा की जिलाध्यक्ष



अनीता यादव का स्वागत करतीं सुलक्षणा सिंह व महिलायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। छठवीं बार महिला सभा की जिलाध्यक्ष बनीं सुलक्षणा सिंह के निवास पर महिला सभा की प्रदेश महासचिव अनीता यादव का शनिवार को जोरदार स्वागत किया गया। आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर गर्मजोशी से महिलाओं ने जिलाध्यक्ष चंद्रपाल की अध्यक्षता में स्वागत किया। महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि यह सम्मान की बात है कि छठी बार सुलक्षणा सिंह को जिलाध्यक्ष महिला सभा की जिम्मेदारी दी गयी है। प्रदेश महासचिव अनीता यादव ने सुलक्षणा सिंह की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि 2024 मे लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को जिताना है और भाजपा के खोखले वादे जनता को बताना है। गरीब को इस बढ़ती महंगाई में भरपेट भोजन नहीं मिल रहा है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर मुंह फैला रहा है। आज महिलायें व बेटियां असुरक्षित हैं। सुलक्षणा सिंह ने कहा कि जिस तरह जनता ने भाजपा के झूठे वादों को कर्नाटक में जवाब दिया, उसी तरह यू.पी. में भी जनता जवाब देने के लिए तैयार है। इस मौके पर जानकी यादव, सुषमा चौहान, कोमल अग्निहोत्री, लक्ष्मी, नीलम, कविता, कुसुम कनौजिया, सविता देवी, गीता राजपूत, सुजाता राठौर, निजाम अंसारी, अरविंद, कश्यप, इलियास मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## तीन गाड़ियां आपस में टकरायी, एक पलटी, चालक घायल

**कमालगंज (सं.)।** ओवरटेक के दौरान तीन गाड़ियां आपस में टकरा गयी। जिससे एक कार पलट गयी। इस दौरान यातायात अवरुद्ध हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार को सड़क के किनारे करवाया, तब जाकर यातायात सुचारु हो सका। जानकारी के अनुसार भटपुरा गुमटी के पास में शनिवार दोपहर 3:30 बजे पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबिल आशुतोष अपने छोटे भाई शिवम के साथ कार द्वारा गुरसहायगंज जा रहा था। जैसे ही भटपुरा क्रासिंग के सामने चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया, तभी सामने से आ रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में ब्रेक लगा दी। पीछे से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिसे जल निगम के जीएम सवार थे और वह रजीपुर जा रहे थे। इस दौरान सामने वाली गाड़ी ट्रक को बचाने के चक्कर में पलट गयी। जिसमें दबकर शुभम घायल हो गया। सीट बेल्ट लगी होने से बड़ा हादसा नहीं हुआ। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पीआरबी ने पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से पलटी कार से साइड किया और यातायात सुचारु कराया।

## मारपीट के मामले में छह पर मुकदमा दर्ज

**मेरापुर (सं.)।** गांव मेरापुर निवासी सुमित कुमार पुत्र शिशुपाल सिंह ने गांव के अहिबरन, रामबरन पुत्रगण रामऔतार, सुधीर पुत्र रामलड़ैते, करन पुत्र रामविलास व इंटर कालेज के सफाई कर्मचारी रजनीश पुत्र नौरंगी लाल तथा इनके पुत्र गौतम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें दर्शाया कि 24 मई की शाम चार बजे सुमित के चाचा विनोद कुमार के घर की बिजली खराब हो गई थी। जिसे देखने पोल के पास गए थे। उसी समय उक्त आरोपितों ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

- पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय इंटर कालेज में तैनात चतुर्थ कर्मचारी ने बीती शाम कमरे में छत के कुंडे से साड़ी डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज के क्षेत्र के ग्राम भटासा निवासी 30 वर्षीय विकास पुत्र राजीव कश्यप जो रामदर्शनी राजकीय इंटर कालेज में चतुर्थ कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। बीती शाम कमरे छत के कुंड में साड़ी डालकर फांसी लगा ली। जब आधे घंटे तक कमरे से बाहर न निकलने पर मां रानीदेवी ने देखा तो उनकी चीख निकल गयी। चीखपुकार की आवाज सुनकर अन्य परिजन आ गये और विकास के शव को नीचे उतार, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना से मृतक की मां रानीदेवी, पत्नी अनूपा, पुत्र शौर्य, पुत्री वंशिका आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष राजवती समेत दस सदस्यों को मजिस्ट्रेट रविन्द्र सिंह ने दिलायी शपथ




स्वागत के दौरान अध्यक्ष राजवती, जिलाध्यक्ष चंद्रपाल, डॉ0 जितेंद्र यादव

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** नव निर्वाचित नगर पंचायत कंपिल की अध्यक्ष राजवती सहित सभी दस सदस्यों को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रविन्द्र सिंह ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह से पहले आई आंधी पानी से अफरातफरी रही।

कस्बे के द्रोपदी कुण्ड प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मजिस्ट्रेट रविन्द्र सिंह ने पहले अध्यक्ष राजवती देवी एवं इसके उपरान्त सभी 10 सदस्यों को शपथ दिलाई। जिसमें वार्ड 1 से सुरेंद्र, वार्ड 2 से रीतू, वार्ड 3 से महेश, वार्ड 4 से सुनील, वार्ड 5 से प्रबल, वार्ड 6 से सोनी, वार्ड 7 से सत्यवीर, वार्ड 8 से भगवती देवी, वार्ड 9 से निर्मला देवी, वार्ड 10 से नन्हीं देवी शामिल हैं। इस दौरान उपस्थित समर्थकों और गणमान्य लोगों ने अध्यक्ष व सभासदों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, सपा के वरिष्ठ नेता डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, सपा जिला प्रवक्ता इलियास मंसूरी, जिला पंचायत सदस्य नीलेश यादव, रीतेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अरविंद कश्यप, शुभम राय हनी, रामशरण कठेरिया, कृष्णा शुक्ला, विनय यादव, ओमप्रकाश, बिहारी यादव, सीटू यादव, अमोल यादव, चंदन कोरी, बबलू यादव, चंदन यादव, आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।